kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-17 ❑ गुरुवार, 13 फरवरी 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12

सहकारिता के माध्यम से रोजगार सृजन और ग्रामीण क्षेत्र की समृद्धि दोनों संभव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के हित में सहकारिता मंत्रालय का गठन कर सहकार से समृद्धि का मंत्र दिया है।



अमित शाह

गंगा संरक्षण के लिए हुए महत्वपूर्ण फैसले 11

महाकुम्भ : सोशल मीडिया टॉप ट्रेंड में रहा माघ पूर्णिमा का महापर्व 12

## संक्षेप

### मोदी के विमान पर आतंकवादी हमले की धमकी देने वाला मानसिक रोगी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो दिवसीय अमेरिकी यात्रा से पहले आतंकवादी हमले की चेतावनी देने वाली कॉल करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जो मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है। मुंबई पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस नियंत्रण कक्ष को धमकी भरा कॉल मंगलवार को तब मिला, जब प्रधानमंत्री विदेश यात्रा पर जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि कॉल करने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है और वह मानसिक रूप से बीमार है। पुलिस अधिकारी ने कहा, 11 फरवरी को मुंबई पुलिस नियंत्रण कक्ष में एक कॉल प्राप्त हुई जिसमें चेतावनी दी गई कि आधिकारिक विदेश यात्रा पर रवाना होने वाले श्री मोदी के विमान पर आतंकवादी हमला कर सकते हैं। सूचना की गंभीर प्रकृति को देखते हुए, पुलिस ने अन्य एजेंसियों को सूचित किया और जांच शुरू की।

### टमाटर की परिवहन लागत देगी सरकार

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने किसानों के हित में उत्पादक और उपभोक्ता राज्यों के बीच टमाटर की परिवहन लागत का भुगतान करने का फैसला किया है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि सरकार ने टमाटर के लिए बाजार हस्तक्षेप योजना के परिवहन लागत चुकाने को मंजूरी दी है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और अन्य प्रमुख उत्पादक राज्यों में टमाटर की गिरती कीमतों को देखते हुए केंद्र सरकार ने बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के परिवहन प्रावधान को लागू करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत उत्पादक और उपभोक्ता राज्यों के बीच टमाटर,प्याज और आलू - टॉप फसलों की कीमत में अंतर को कम करने? के लिए परिवहन लागत का भुगतान किया जाता है।

### पैक्स भी जल्द ही कर सकेंगी एयरलाइंस टिकटों की बिक्री

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि देश में रेलवे टिकटों की बुकिंग का काम कर रही प्राथमिक कृषि रिण समिति अब जल्द ही एयरलाइंस टिकटों की बिक्री भी करेंगी। श्री शाह ने आज यहां 'सहकारी समितियों को सशक्त करने के लिए की गई और वर्तमान में की जा रही पहलें' विषय पर सहकारिता मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता के दौरान यह बात कही। समिति ने बैठक में सहकारिता मंत्रालय द्वारा स्थापना के बाद से सहकारी समितियों को सशक्त करने के लिए पहले की गई और मौजूदा पहलों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। श्री शाह ने कहा कि सरकार ने देश भर के किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के हित में सहकारिता मंत्रालय का गठन करके 'सहकार से समृद्धि' का मंत्र दिया।

# उफनाया माघी पूर्णिमा का अनंत विश्वास

## संगम पर आस्था के तटबंधों को तोड़कर उमड़ा जन सागर, संतों-भक्तों और कल्पवासियों पर बरसाए 42 कुंतल फूल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



- ❑ महाकुम्भ मेला क्षेत्र के चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद दिखे अधिकारी
- ❑ महाकुम्भ मेला क्षेत्र में पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारी रहे मुस्तैद, व्यवस्थाओं और सुविधाओं को सुनिश्चित करते नजर आए
- ❑ पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को किया एश्योर तो मेला प्रशासन ने भी सक्रियता के साथ घाटों के सुदृढ़ीकरण तथा नदियों में जलस्तर प्रबंधन की प्रक्रिया पर दिया बल

महाकुंभ नगर (प्रयागराज)। पूजहिं माधव पद जलजाता/ परसि अखय बटु हरषहिं गाता...। संत तुलसी की इस चौपाई का आशय है कि गंगा,यमुना और अदृश्य सरस्वती की पावन त्रिवेणी में डुबकी लगाकर ऋषि-मुनि,देव-दनुज सभी संगम रूपी सिंहासन पर विराजमान जगत के स्वामी भगवान श्रीहरि माधव के चरण कमल को पूज कर धन्य हो जाते हैं। साथ ही अक्षयवट का स्पर्श कर उनके तन-मन के ताप-संताप हमेशा के लिए मिट जाते हैं।

विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन महाकुंभ के पांचवें सबसे बड़े स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर एक बार फिर संगम की यही महिमा जगव्यापी श्रद्धा की अमृतमयी बूंदों के स्पर्श की अकुलाहट में साकार हुई। आधी रात से ही माघी पूर्णिमा की पावन डुबकी के लिए मचलता जन सागर दिन भर आस्था के तटबंधों को तोड़कर छलकने के लिए आतुर रहा।मेला प्रशासन ने दोपहर दो बजे तक 12 किमी लंबे संगम के 42 घाटों पर 1.83 करोड़ श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का दावा किया।

न किसी ने सूर्योदय का इंतजार किया न पुण्यकाल का। आधी रात त्रिवेणी के सुरम्य तट पर हर कोई प्रयाग में माघी पूर्णिमा की महिमा का पुण्य बटोरने की ललक लिए डुबकी मारने लगा। खचाखच भीड़ की वजह से रेती पर न कपड़े रखने की जगह थी न ठिठकने की। उसी जन सैलाब में किसी का झोला तो किसी का कपड़ा और किसी के परिवारीजन आंखों से ओझल होते रहे। उसी बीच में पुरोहितों-संतों की शंखध्वनियां भी तन-मन को पुलकित कर रही थीं और घंट-घड़ियाल के बीच आस्था, विश्वास और भक्ति की लहरें भी हर अंतस को छूती रहीं। भक्ति के अनंत सागर से निकली आस्था की दिव्य आभा ने संगम से लेकर चार हजार हेक्टेयर क्षेत्रफ्ल में बसे महाकुंभ नगर के शिविरों से निकले रास्तों पर हर तरफ अद्भुत छटा बिखेर दी। पौ फटते ही पूरब की लाली से फूटी किरणें संगम की लहरों पर उतर कर हर तन-मन में शक्ति और उल्लास का संचार करने लगीं। पुण्य की डुबकी लगाने के साथ ही उन्हीं लहरों पर लोक मंगल के गीत गाए जाते रहे।

मनाही के बावजूद संगम पर सौभाग्य के दीप भी जलते रहे और दुग्धाभिषेक भी होता रहा। तिलक-त्रिपुंड लगाने वाले पुरोहितों के चेहरे की मुस्कान देखते बन रही थी। बिहार के बक्सर और झारखंड के गढ़वा स्थित डालटनगंज से ढोल-हारमोनियम लेकर आए श्रद्धालु समूहबद्ध होकर संगम जाने वाले रास्तों पर कीर्तन करते रहे। अलग-अलग भाषा, पहनावा और संस्कृतियों के रंग आपस में इस तरह उल्लसित होकर मिल रहे थे, जैसे वर्षों की चाह पूरी हो रही हो। बच्चे मम्मी-पाप के कंधे पर सवार थे तो महिलाएं अपने पति या पुत्रों का हाथ थाम कर संगम में नहाने पहुंची थीं। संगम पर पुण्य रूपी कमाई को अर्जित करने के लिए ऐसा ही समागम महाकुंभ में हर तरफ नजर आया। वर्षों बाद महाकुंभ में माघी पूर्णिमा पर कुंभ संक्रांति लगने की वजह से झूंसी से लेकर फाफामऊ, नैनी तक के रास्तों पर जन ज्वार उमड़ता रहा।

एक तरफ डुबकी का उल्लास और दूसरी ओर कल्पवास के मास पर्यंत अनुष्ठानों की पूर्णाहुति ने महाकुंभ में भक्ति के रंग को और गाढ़ा कर दिया। शिविरों में रात भर अखंड रामायण पाठ और कीर्तन शुरू हो गए थे। कथा और सत्संग रूपी ज्ञान का प्रवाह गंगा-यमुना के भक्ति और प्रेम में समाहित होकर अलग त्रिवेणी रचता रहा। सेक्टर 19 स्थित राधा आध्यात्मिक सत्संग समिति के शिविर में डॉ. अमिता राधाचार्या ने माघ महात्म्य पर विस्तार से चर्चा की। संगम विश्व धरोहर अभियान को लेकर प्रयागराज सेवा समिति के शिविर में सत्यनारायण भगवान की कथा के साथ ही मास पर्यंत अनुष्ठानों की पूर्णाहुति हुई। माघी पूर्णिमा स्नान पर्व ● शेष पेज 11 पर

## तड़के 4 बजे से ही वॉर रूम में डटे रहे सीएम

- ❑ मुख्यमंत्री के साथ डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारी भी वॉर रूम में रहे उपस्थित
- ❑ सीएम ने टीवी पर लाइव देखीं व्यवस्थाएं, अधिकारियों को लगातार देते रहे आवश्यक दिशा निर्देश

महाकुम्भ नगर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माघ पूर्णिमा के पावन स्नान पर्व के अवसर पर प्रयागराज में व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए प्रातः 4 बजे से ही=अपने सरकारी आवास 5 कालिदास मार्ग स्थित वॉर रूम में बैठक की। वॉर रूम में वह डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारियों के साथ लगातार टीवी पर अपडेट लेते रहे और आवश्यक दिशा निर्देश भी देते रहे। इससे पूर्व सीएम योगी ने बसंत पंचमी अमृत स्नान के अवसर पर भी प्रातः साढ़े 3 बजे से वॉर रूम में अधिकारियों के साथ बैठक की थी और मॉनिटरिंग करते रहे थे।

मुख्यमंत्री ने माघ पूर्णिमा स्नान पर्व के इस महत्वपूर्ण आयोजन की सुरक्षा और व्यवस्था के संदर्भ में पूरी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि स्नान के दौरान किसी भी प्रकार की कोई भी असुविधा न हो और सभी श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान की जाए। वह टीवी पर महाकुम्भ नगर समेत समस्त प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भीड़, प्रशासनिक व्यवस्थाओं और सुविधाओं की लाइव फीड देखते रहे। योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्नान स्थल पर पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें और श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक इंतजाम करें। साथ ही, उन्होंने आस्था के इस महान पर्व पर प्रशासन की तत्परता को बढ़ाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि करोड़ों श्रद्धालुओं को बिना किसी समस्या के त्रिवेणी संगम में स्नान का लाभ मिल सके।

## हैसिंडा प्रोजेक्ट के तीन निदेशकों से फिर पूछताछ करेगी ईडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❑ तीसरी बार नोटिस दी गई, करोड़ों की सम्पत्तियों का ब्योरा भी तैयार
- ❑ ठेकेदारों आदित्य अग्रवाल निर्मल सिंह समेत तीनों के नाम एफआईआर में



लखनऊ। नोएडा प्राधिकरण में लोटस-300 प्रोजेक्ट का निर्माण करने वाली हैसिंडा प्रापर्टीज प्रा. लि. के संचालकों पर ईडी फिर शिकंजा कसने जा रही है। कई साक्ष्य और मिलने के बाद ईडी इनके निदेशक व प्रमोटरों निर्मल सिंह, सुरप्रीत सिंह सूरी और विदुर भारद्वाज से फिर पूछताछ करेगी। इन तीनों को नोटिस भेजा जा रहा है। लीज डीड होने के समय ये लोग ही हैसिंडा कंपनी के मुख्य संचालक थे।

ईडी ने इन तीनों की करोड़ों रुपये की सम्पत्तियों का ब्योरा भी तैयार कर लिया है। इन लोगों ने पूछताछ में कई सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दिया था और सारा ठीकरा नोएडा प्राधिकरण में तैनात रहे अफसरों पर फोड़ा था। जांच में सामने आया कि नोएडा प्राधिकरण ने 31 मार्च, 2010 को हैसिंडा कंपनी को सेक्टर 107 में 67241 वर्ग मीटर जमीन देने का अनुबंध किया था। इसे हैसिंडा प्रोजेक्ट की छह कंपनियों के कंसोर्टियम ने खरीदा था। बाद में इस जमीन का काफी हिस्सा गलत तरीके से हैसिंडा के संचालकों ने दूसरे नामों से बनाई गई कम्पनियों को बेचना दिखा दिया। यह डील काफी रकम पर हुई और इस रकम को प्राधिकरण में जमा भी नहीं किया गया। इसका खुलासा होने पर इस बिन्दु पर जांच बढ़ी तो हड़कम्प मच गया। ईडी ने इस सम्बन्ध में ही कई दस्तावेज मांग लिए ● शेष पेज 11 पर

## श्री राम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास का निधन

लखनऊ। श्री रामजन्मभूमि मन्दिर के मुख्य पुजारी सत्येन्द्रदास का बुधवार को यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। वह करीब 87 वर्ष के थे।

आचार्य दास को पिछले दिनों ब्रेन हैम्ब्रेज के चलते एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था जहां आज सुबह करीब सात बजे उन्होने अंतिम सांस ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री दास के निधन पर शोक प्रकट किया है। उन्होने एक्स पर पोस्ट किया ह्ल परम रामभक्त, श्री राम जन्मभूमि मंदिर, श्री अयोध्या धाम के मुख्य पुजारी आचार्य श्री सत्येन्द्र कुमार दास जी महाराज का निधन अत्यंत दुःखद एवं आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है। विनम्र श्रद्धांजलि। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे तथा शोक संतप्त शिष्यों एवं अनुयायियों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शांति। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र संवाद केन्द्र अयोध्या धाम के एक बयान जारी कर महंत के निधन की जानकारी साझा की। उन्होने कहा कि अयोध्या ● शेष पेज 11 पर

## चुनाव के वक्त फ्रीबीज का ऐलान गलत : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी



- ❑ चुनावों से पहले मुफ्त में चीजें देने की घोषणाओं पर उच्चतम न्यायालय ने उठाया सवाल

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने चुनावों से पहले 'मुफ्त चीजें' देने के राजनीतिक दलों के वादे पर बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय विकास के लिए लोगों को मुख्यधारा में लाने के बजाय 'क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे।

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि बेहतर होगा कि लोगों को समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाकर राष्ट्रीय विकास में योगदान दिया जाए। पीठ ने सवाल किया, 'राष्ट्र के विकास में योगदान देकर उन्हें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाने के बजाय, क्या हम परजीवियों का एक वर्ग नहीं बना रहे हैं? न्यायमूर्ति गवई ने कहा, 'दुर्भाग्यवश, चुनाव से ठीक पहले घोषित की जाने वाली इन मुफ्त की योजनाओं, जैसे 'लाडकी बहिन' और अन्य योजनाओं के कारण लोग काम करने के लिए तैयार नहीं हैं। न्यायालय शहरी क्षेत्रों में बेघर व्यक्तियों के आश्रय के अधिकार से संबंधित मामले की सुनवाई कर रहा था। अदालत ने कहा कि लोगों को बिना काम किए मुफ्त राशन और पैसा मिल रहा है। पीठ ने पूछा, 'हम उनके प्रति आपकी चिंता की सराहना करते हैं, लेकिन क्या यह बेहतर नहीं होगा कि उन्हें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाए और राष्ट्र के विकास में योगदान करने का मौका दिया जाए? याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि देश में शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा जो काम न करना चाहे, यदि उसके पास काम हो।

न्यायाधीश ने कहा, 'आपको केवल एकतरफा जानकारी है। मैं एक कृषक परिवार से आता हूं। महाराष्ट्र में चुनाव से पहले घोषित मुफ्त सुविधाओं के कारण, किसानों को मजदूर नहीं मिल रहे। हालांकि, अदालत ने कहा कि वह बहस नहीं करना चाहती। न्यायालय ने कहा कि अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी समेत सभी लोग इस बात पर एकमत हैं कि बेघर लोगों को आश्रय प्रदान करने पर उचित ध्यान दिया जाना चाहिए। पीठ ने पूछा, 'लेकिन साथ ही, क्या इसे संतुलित नहीं किया जाना चाहिए? वेंकटरमणि ने पीठ को बताया कि केंद्र सरकार शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है, जिसके तहत शहरी क्षेत्रों में बेघरों के लिए ● शेष पेज 11 पर

## सिख दंगा के एक और केस में सज्जन कुमार दोषी

एजेंसी



- ❑ 18 फरवरी को सजा; 41 साल पहले दिल्ली में सिख बाप-बेटे की हत्या हुई थी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार को राजधानी की एक विशेष अदालत ने वर्ष1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान पश्चिमी दिल्ली के राज नगर में उग्र भीड़ के हमले में पिता-पुत्र हत्या के मामले में बुधवार को दोषी करार दिया।

दिल्ली की एक विशेष अदालत की न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने पहले से ही वर्ष1984 के दंगे के एक अन्य मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व कांग्रेस सांसद को दोषी ठहराने वाला यह फैसला सुनाया। अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा, आरोपी को दोषी ठहराया गया है। अगली सुनवाई की तारीख पर सज़ा पर आदेश के लिए सूचीबद्ध करें। अदालत ने तब के बाहरी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के कई बार सांसद रहे सज्जन कुमार की सजा पर बहस के लिए 18 फरवरी की तारीख मुकर्रर की है। कावेरी बावेजा की विशेष अदालत संबंधित पक्षों की दलीलें और सबूतों पर गौर करने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंची कि राज नगर निवासी एस जसवंत सिंह और उनके बेटे एस तरुण दीप सिंह की सज्जन कुमार के नेतृत्व में हजारों लोगों की उग्र भीड़ ने हत्या कर दी थी। उनके खिलाफ वर्ष 2021 में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या), 147 (दंगा), 148 (घातक हथियार से लैस होकर दंगा), 149 (समान उद्देश्य के लिए किए गए अपराध के लिए गैरकानूनी सभा का प्रत्येक सदस्य दोषी), 308 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास), 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 395 ● शेष पेज 11 पर

### मोदी और मैक्रों ने की रक्षा, असैन्य परमाणु उर्जा क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा

## एआई से लेकर सिविल न्यूक्लियर क्षेत्र में सहयोग करेंगे भारत-फ्रांस

एजेंसी



मार्सिले (फ्रांस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बुधवार को रक्षा, असैन्य परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष के रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की तथा प्रौद्योगिकी एवं नवान्वेषण के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने का संकल्प लिया।

पेरिस में एआई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद दोनों नेताओं ने एक ही विमान में मार्सिले के लिए एक साथ उड़ान भरी। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों और प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों के पूर्ण स्पेक्ट्रम पर चर्चा की। इसके बाद मार्सिले पहुंचने के बाद प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। दोनों नेताओं ने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझीदारी के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जो पिछले 25 वर्षों में लगातार बहुआयामी संबंधों में विकसित हुई है।

विदेश मंत्रालय ने आज यहां कहा कि बैठक में भारत-फ्रांस रणनीतिक साझीदारी के सभी पहलुओं को शामिल किया गया। दोनों नेताओं ने रक्षा, असैन्य परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष के रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की। उन्होंने प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर भी चर्चा की। साझीदारी का यह क्षेत्र हाल ही में संपन्न एआई एक्शन समिट और 2026 में आगामी भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष की पृष्ठभूमि में अधिक प्रासंगिक हो गया है। दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने का भी आह्वान किया और इस संबंध में 14वें भारत-फ्रांस सीईओ फोरम की रिपोर्ट का स्वागत किया। श्री मोदी और श्री मैक्रों ने स्वास्थ्य, संस्कृति, पर्यटन, शिक्षा और लोगों से लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्र में चल रहे सहयोग पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में और अधिक प्रगाढ़ करने तथा वैश्विक मंचों तथा पहलों में भागीदारी के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक के बाद भारत-फ्रांस संबंधों के लिए आगे के मार्ग को रेखांकित करने वाला एक संयुक्त वक्तव्य अपनाया गया। प्रौद्योगिकी और नवाचार, नागरिक परमाणु ऊर्जा, त्रिकोणीय सहयोग, पर्यावरण, संस्कृति और लोगों से लोगों के बीच संबंधों के क्षेत्रों में दस समझौता ज्ञापनों को भी अंतिम रूप दिया गया। श्री मैक्रों ने मार्सिले के पास तटीय शहर कैसिस में प्रधानमंत्री के सम्मान में रात्रिभोज की मेजबानी की। प्रधानमंत्री ने श्री मैक्रों को भारत आने का न्योता दिया।

मार्सिले में श्री मोदी और श्री मैक्रों ने आज सुबह मजारगेस युद्ध कब्रिस्तान का दौरा किया और प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अपनी जान गंवाने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। दोनों नेताओं ने शहीदों के बलिदानों का सम्मान करने के लिए पुष्पांजलि अर्पित की। मजारगुए युद्ध कब्रिस्तान यूरोप में शांति के लिए लड़ने वाले भारतीय सैनिकों की वीरता और बलिदान के इतिहास को संरक्षित करता है। उनकी गाथा कई लोगों को प्रेरित करती है। यह कब्रिस्तान लोगों से लोगों के बीच गहरे संबंधों का भी स्मारक है जो भारत-फ्रांस संबंधों को पोषित करना जारी रखते हैं। दोनों नेताओं ने कैडरचे में अंतरराष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर (आईटीईआर) का भी दौरा किया। आई. टी. ई. आर. के महानिदेशक ने नेताओं का स्वागत किया। किसी भी राज्य प्रमुख या सरकार के प्रमुख की आईटीईआर की यह पहली यात्रा थी - जो आज दुनिया की सबसे महत्वाकांक्षी संलयन ऊर्जा परियोजनाओं में से एक है।दोनों देशों ने कृत्रिम मेधा पर एक अलग घोषणा को अपनाया है। यह दोनों देशों के लिए इस क्षेत्र में प्रमुख प्राथमिकताओं की पहचान करता है और सहयोग की संभावनाओं को तलाशता है। कल सीईओ के मंच पर दोनों नेताओं ने 2026 में इनोवेशन के भारत-फ्रांस वर्ष का लोगो भी शुरू किया। दोनों पक्ष छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों और उन्नत मॉड्यूलर रिएक्टरों के सह-डिजाइनिंग, सह-विकास और सह-निर्माण में सहयोग करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैन्युल मैक्रों ने मार्सिले में भारत के महावाणिज्य दूतावास का आज संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा की समाप्ति पर आज पत्रकार वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैन्युल मैक्रों के बीच मार्सिले की हवाई ● शेष पेज 11 पर

# निजी स्वार्थ के कारण संत रविदास के जीवन से सीखना नहीं चाहती सरकारें : मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने संत गुरु रविदास की जयंती पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि सामाजिक परिवर्तन के संतों की परम्परा में जाने-माने संत गुरु रविदास ने अपना सारा जीवन लोगों को इंसान बनाने के लिए इन्सानियत का संदेश देने में गुज़ारा। इस क्रम में ख़ासकर जाति भेद व द्वेष आदि के ख़िलाफ आजीवन कड़ा संघर्ष कर अमर हो गए। उनके पदचिन्हों पर चलकर ही सुख-शान्ति व खुशहाली संभव है, किन्तु सरकारों द्वारा हर सेवा की कीमत वोट के रूप में वसूलने की प्रवृत्ति घातक व इससे व्यापक जन एवं देशहित प्रभावित है। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि संत गुरु रविदास का संदेश धर्म की पवित्रता को समाज सेवा व जनचेतना के लिए इंसान एवं इंसानियत की भलाई के लिए है। किसी स्वार्थ ख़ासकर संकीर्ण राजनीतिक एवं चुनावी स्वार्थ की पूर्ति के लिए नहीं है। इसे वर्तमान में खासकर सरकारों द्वारा भुला दिये जाने के कारण ही अमन-चैन, आपसी सौहार्द, भाईचारा तथा सुख-समृद्धि का वातावरण काफी कुछ न के बराबर है। जबकि राजनीतिक स्वार्थ की खातिर संत गुरु व उनके उपदेशों की हमेशा अनदेखी और उपेक्षा करने वाले लोग भी उनको माथा टेकते हुए आज देखे जा सकते हैं, तो फिर इससे जन व देशहित कैसे संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि सरकारें उनका उपदेश मानकर उनके करोड़ों अनुयाइयों एवं गरीबों आदि का काफी कुछ सही में भला कर सकती हैं लेकिन वे ऐसा नहीं करती हैं। आज के संकीर्ण व द्वेष आदि से त्रस्त माहौल में उनके मानवतावादी संदेश का अत्यधिक महत्व है। इससे कोई इंकार कर सकता है। इसीलिए ख़ासकर शासक वर्ग व सरकारों को हर लिहाज से अपना मन वाकई में चंगा करके राजनीतिक व धार्मिक द्वेष एवं पक्षपात आदि के बिना निष्पक्षता से काम करने की ज़रूरत है। समाज और फिर देश सही मायने में हर प्रकार से सुखी और सम्पन्न हो सकेगा। मायावती ने कहा कि वाराणसी में छोटी समझी जाने वाली जाति में जन्म लेने के बावजूद प्रभु-भक्ति के बल पर ब्रम्हाकार हुये। एक प्रबल समाज सुधारक के तौर पर वे आजीवन कड़ा संघर्ष करके समाज में व्याप्त कुरीतियों के ख़िलाफ तथा उसमें सुधार लाने की पुरजोर कोशिश करते रहे। वे जाति-भेदभाव पर कड़ा प्रहार करते हुए कहते हैं कि मानव जाति एक है। इसलिये सभी को समान समझकर आपस में प्रेम से रहना चाहिए। उनका मानना था कि जाति-पांति व मानवता के समग्र विकास में बड़ा बाधक है।

# संत रविदास ने कर्म की साधना से प्राप्त किया सिद्धि की पराकाष्ठा : योगी आदित्यनाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को संत रविदास की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने अपने कर्म की साधना के माध्यम से सिद्धि की पराकाष्ठा प्राप्त किया। कानपुर रोड जाफरखेड़ा स्थिति रविदास मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को कहा कि जो कर्म करते हुए ईश्वर को भजता है, वही सिद्धि प्राप्त करता है। जब उनके मित्र संत ने गंगा स्नान करने के लिए चलने को कहा तो उन्होंने कहा कि 'एक आना' मेरी तरफ से गंगा मैया को अर्पित कर दीजिएगा। मैं जूता सिल रहा हूं। यह कार्य जरूरी है। जब संत ने स्नान के बाद नदी में एक आने को प्रवाहित करना चाहा तो गंगा मैया का हाथ बाहर आ गया। गंगा मैया ने अपने हाथों से संत रविदास द्वारा भेजे पैसे को स्वीकार किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उन्होंने (संत रविदास) कर्म की साधना को महत्व दिया। श्रीमदभगवद्गीता भी इसी बात को कहती है। मानस में तुलसीदास जी ने कर्म को महत्व दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 11 सालों से कर्म की साधना करते हुए भारत को दुनिया के अग्रणी देशों में लाकर खड़ा किया है। आज बहुत सुंदर अवसर है। प्रयाग में लोग डुबकी लगा रहे हैं। संत रविदास की जयंती मनाई जा रही है। काशी में संत रविदास की जन्मस्थली को विकसित किया गया है। फोर लेन सड़कें बन गई हैं। रविदास महाराज के जन्म स्थली का चहुमुखी विकास किया जा रहा है। पहले की सरकारों ने उधर देखा भी नहीं। तुलसीदास जी की जन्मस्थली का भी विकास किया जा रहा है। हम आप सबको आश्वासन देते हैं कि डबल इंजन की सरकार में संत रविदास से जुड़े स्थलों के विकास में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मेयर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी लालजी प्रसाद निर्मल, विधायक डॉ. नीरज बोरा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, भाजपा नेता नीरज सिंह, सरदार परविंदर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। गुरुवार को लखनऊ के जिलाधिकारी विषाख अय्यर ने शिवरी स्थित सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर निगम द्वारा किए जा रहे सॉलिड वेस्ट प्रबंधन के प्रयासों की सराहना की और सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों को लेकर नगर निगम के प्रयासों को सकारात्मक रूप से देखा। इस अवसर पर नगर आयुक्त डॉ इन्द्रजीत सिंह ने जिलाधिकारी को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के क्षेत्र में किए गए नवाचारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इनर्ट वेस्ट के निस्तारण के लिए ब्लैकहोल मशीन की स्थापना की गई है और इसके साथ ही कोकोनट से रस्सी बनाने का कार्य भी किया जा रहा है। इसके अलावा प्लास्टिक फ्यूल से डीजल बनाने के प्लांट के बारे में भी जानकारी दी गई। नगर आयुक्त ने ग्राम हरीकंषगढ़ी, तहसील मोहनलालगंज स्थित सी एंड डी वेस्ट प्लांट के संचालन के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि इस प्लांट से बनाए गए उत्पाद जैसे गमले और टाइल्स का उत्पादन किया जाता है।

## फ्रेश वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का भी किया निरीक्षण

जिलाधिकारी ने फ्रेश वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का भी निरीक्षण किया। इस प्लांट से निकलने वाले जैविक खाद की इकाई और अन्य प्रमुख सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली गई। साथ ही लिगेसी वेस्ट के निस्तारण के संबंध में कार्यरत संस्था मेसर्स भूमि ग्रीन एनर्जी की तकनीकी टीम द्वारा वेस्ट मैनेजमेंट में उपयोग की जा रही नई तकनीकों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने विशेष रूप से लिगेसी वेस्ट के निस्तारण से प्राप्त बायो-प्रोडक्ट्स जैसे सी एंड डी वेस्ट आरडीएफ, बायो स्वायल और कोर्स फ्रैक्शन के बारे में भी जानकारी ली। इसके अलावा जिलाधिकारी ने ब्लैकहोल मशीन की तकनीक के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। संस्था के प्रतिनिधि ने बताया कि यह मशीन प्लाजमा टेक्नोलॉजी पर काम करती है जिसका पेटेंट संस्था के पास है। जिलाधिकारी ने लीचेट ट्रीटमेंट प्लांट और एमरजेंसी कार्यों के लिए खरीदी गई डीजल जनरेटर के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट पर किए जा रहे कार्यों की सराहना की और नगर निगम की भूमिका की प्रशंसा की। उन्होंने कचरे से उत्पादों के निर्माण को एक बेहतरीन पहल बताते हुए नगर निगम के अधिकारियों को और अधिक इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही शहर को और अधिक स्वच्छ बनाने के लिए भी ठोस कदम उठाने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि यह एक सर्कुलर इकोनॉमी का बेहतरीन उदाहरण है। इस निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त डॉ इन्द्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त श्री पंकज श्रीवास्तव, डॉ. अरविंद कुमार राव, मुख्य अभियंता (सिविल) महेश वर्मा, पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में और नवाचारों को बढ़ावा देने का निर्देश दिया।

# महाकुम्भ में लाउडस्पीकर पर रोक लगाने की मांग खारिज



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। महाकुम्भ क्षेत्र में लगाए गए लाउडस्पीकरों पर रोक लगाने की मांग को लेकर दाखिल याचिका इलाहाबाद हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि घोषणाओं आदि के लिए लगाए गए लाउडस्पीकरों की कुछ तस्वीरें रिकॉर्ड पर प्रस्तुत की गई हैं। ऐसी कोई सामग्री पेश नहीं की गई है जिससे यह पता चले कि लगाए गए लाउडस्पीकर नियमों के विपरीत शोर पैदा कर रहे हैं। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने दिया। उत्तराखंड के निवासी याचिकाकर्ता ब्रह्मचारी दयानंद व एक अन्य ने जनहित याचिका दाखिल की थी। यह लोग वर्तमान में महाकुम्भ के सेक्टर 18, मुक्तिमार्ग स्थित शिविर में रह रहे हैं। जनहित याचिका में दलील दी कि उनके शिविर के आसपास स्थापित अन्य शिविर लाउडस्पीकर व एलसीडी का उपयोग कर रहे हैं। इससे ध्वनि प्रदूषण हो रहा है और उनके ध्यान आदि पर असर पड़ रहा है। याचिका में लाउडस्पीकर व अन्य ध्वनि प्रदूषणकारी उपकरणों पर रोक लगाने की मांग की। न्यायालय ने पक्षों को सुनने के बाद याचिका खारिज कर दी।

## संत रविदास के जन्म उत्सव पर निकली विशाल शोभा यात्रा



**काकोरी लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत काकोरी में सन्त शिरोमणि संत रविदास जी के जन्म उत्सव पर विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।साथ ही रविदास मंदिर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भण्डारा का भी आयोजित हुआ।कार्यकर्म में आये प्रबुद्ध जनों ने रविदास जी के उपदेशों को बताते हुए अपने विचार भी रखे।रविदास जयंती पर सन्त शिरोमणि रवि दास शैक्षिक एवम जन कल्याण समिति के द्वारा काकोरी में विशाल जुलुस का आयोजन किया गया।जुलुस में हाथी,घोड़े,ऊंट,झांकिया,बैंड बाजा व जय भीम,जय भीम के नारे गूंजते हुए धूमधाम से जुलुस निकाला गया।जलूस का जगह जगह पर भव्य स्वागत किया गया।जुलुस सलामीगढ़ी वार्ड से शुरू हुआ।जो चौधरी मोहल्ला,बरगद तला,काज़ीगढ़ी,हौदा तालाब वार्ड,कटरा बाजार से होता हुआ शहतूत तला स्थित रवि दास मन्दिर पर समाप्त हुआ।रविदास मंदिर पर जुलसु ने विशाल सभा व मेले का रूप ले लिया।जुलुस में कई गांवो के लोग शामिल हुए।जुलुस का कटरा बाजार में हिन्दू जन सेवा समिति द्वारा प्रसाद वितरण कर भव्य स्वागत किया।कार्यक्रम का आयोजन बीएसपी नेता आलोक वर्मा द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा चेयरमैन रोहित साहू,मलिहाबाद से पूर्व विधायक प्रत्याशी सत्य कुमार गौतम,अनिल गौतम,अमित वर्मा, मोहम्मद रियाज अहमद राजू,निवर्तमान चेयरमैन प्रत्याशी गुड्डू खालिद,मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी की लोकप्रिय नेता विजयश्री गौतम, लाला रमीज खान,मोहम्मद फाजिल,संजीव वर्मा,सतीश वर्मा,श्रवण वर्मा,अश्विनी वर्मा,नीरज वर्मा,हीरालाल लोधी, सहकारी संघ लिमिटेड काकोरी सभापति केशरी राव धारा सिंह यादव,ग्रामीण पत्रकार कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के प्रमुख महासचिव एसपी गौतम,प्रधान गुरुदयाल गौतम,रमेश गौतम,अजय गौतम,कमलेश गौतम,नीरज गौतम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सपा जिला कार्यालय पर मनाई गयी सन्त रविदास की जयंती



**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय, लाजपतराय भवन, कैसरबाग पर राष्ट्रीय सचिव चौधरी जगदीप सिंह यादव,जिलाध्यक्ष जय सिंह 'जयन्त' सहित अन्य पदाधिकारियों के नेतृत्व में नेताओं ने संत रविदास की जयन्ती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया।इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव चौधरी जगदीप सिंह यादव ने कहा कि गुरु संत रविदास का जन्म काशी में माघ पूर्णिमा के दिन रविवार को संवत 1433 को हुआ था,रविदास जी ने साधु संतों की संगति से पर्याप्त व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया था,वह जूते बनाने का काम किया करते थे और यह उनका व्यवसाय था और अपना काम पूरी लगन तथा परिश्रम से करते थे,संत रविदास जी ने समता,सौहार्द और ऊँच-नीच के विरोध की विचारधारा को सशक्त किया।वे समाज सुधारक,महान क्रांतिकारी और स्वतंत्र चिंतक थे।उनका कहना था कि सभी मनुष्य एक समान हैं और किसी में कोई भेद नहीं करना चाहिए।जीवन भर समाज में फैली कुरीतियों जैसे जात-पात के अन्त के लिए काम किया।संत रविदास जी ने अपना कोई पंथ स्थापित नहीं किया,किन्तु उनके अनुयायी देष के हर हिस्से में मिलते हैं।इस मौके पर जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान,जिला उपाध्यक्ष टीबी सिंह,बचान सिंह यादव,वरिष्ठ नेता भरत यादव,जिला प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी रमेश सिंह 'रवि',पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मयाराम वर्मा, मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय नेता विजयश्री गौतम, सहकारी संघ लिमिटेड काकोरी सभापति केशरी राव धारा सिंह यादव,अधिवक्ता सभा सचिव रामनाथ रावत,छात्र सभा के राष्ट्रीय सचिव महेंद्र सिंह यादव के साथ ही अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

पुरानी रंजिश में कार सवार युवक पर फायरिंग,अब तक दर्ज नही हुआ मुक़द्दमा

## मुक़दमा न दर्ज होने पर पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से लगाई गुहार

**मलिहाबाद/लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक ने अपने एक अज्ञात साथी के साथ मिलकर क्रेटा कार सवार युवक पर दो राउंड फायरिंग कर दी। जिसकी शिकायत पीड़ित ने उसी दिन मलिहाबाद थाने पर की थी। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट नही दर्ज की थी जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की है। लखनऊ के ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के कैम्पवेल रोड किशोरगंज निवासी संजय मौर्य ने पुलिस कमिश्नर को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि वह विगत 9 फरवरी की देर रात करीब साढ़े 9 बजे अपने घर वापस आ रहा था। रास्ते मे मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम टांड़खेड़ा व शारदा नहर के मध्य ग्राम सैंथा निवासी प्रिंस मोर्य ने अपने एक अज्ञात साथी के साथ बाइक से उसकी क्रेटा कर यूपी 32 एनए 8546 को ओवरटेक कर उसके ऊपर जान से मारने की नियत से दो राउंड फायरिंग कर दी। फायरिंग से निकली गोली उसकी कार के बोनट में जा धंसी। जिसके बाद वह अपनी जान बचा अपने पैतृक गांव महमदखेड़ा पहुँच डायल 112 पर सूचना दे मलिहाबाद थाने में तहरीर दी। पीड़ित संजय मोर्य ने बताया कि प्रिंस मोर्य के बहनोई लालाबाग निवासी महेन्द्र मोर्य की हत्या 25 जुलाई 2022 को हो गयी थी। जिसमे पीड़ित जेल गया था। जेल से जमानत पर संजय विगत वर्ष 29 फरवरी को जमानत पर छूट कर घर वापस आया है। पीड़ित ने बताया कि प्रिंस मौर्य अपने बहनोई की हत्या का बदला लेने के लिए उसने उसपर जानलेवा हमला किया है। पीड़ित की जब मलिहाबाद पुलिस ने रिपोर्ट नही दर्ज की तो उसने पुलिस कमिश्नर को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्यवाई किये जानें की मांग की है।

## पिंक रन में दमखम दिखाएंगी महिलाएं

**लखनऊ। कैनविज़ टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ विकास प्राधिकरण आगामी 15 फरवरी को 'शक्ति उत्सव' का आयोजन करने जा रहा है। मिशन शक्ति के अंतर्गत आयोजित किये जा रहे इस कार्यक्रम में 1090 चौराहे से लेकर डॉ राम मनोहर लोहिया पार्क तक पिंक रन होगी। साथ ही नुक्कड़ नाटक, महिला बैंड फरफॉरमेंस, शिल्पकला प्रदशर्नी व चित्रकला प्रतियोगिता कार्यक्रम में रोमांच भरेंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि वर्तमान में प्राधिकरण में 132 महिलाएं स्थायी व लगभग 100 महिलाएं अस्थायी पदों पर कार्यरत हैं जो शहर के विकास व सौंदर्यीकरण में अहम भूमिका निभा रही हैं। इसी तरह शहर में लाखों ऐसी महिलाएं हैं, जो अलग-अलग क्षेत्र में अपना योगदान देते हुए समाज को आगे ले जा रही हैं। इन सभी महिलाओं के साहस, सम्मान और स्वावलंबन का जश्न मनाने के उद्देश्य से प्राधिकरण द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत शक्ति उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 15 फरवरी को आयोजित किये जा रहे इस एक दिवसीय शक्ति उत्सव में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 8:30 बजे 1090 चौराहे पर होगी जहां सबसे पहले महिला सशक्तिकरण की थीम पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया जाएगा। इसके बाद 1090 चौराहे से लेकर गोमती नगर स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया पार्क तक 2.5 किलोमीटर की पिंक रन होगी। भारतीय ओलंपिक एथलीट अर्जुन पुरस्कार विजेता पद्म श्री से सम्मानित सुधा सिंह द्वारा पिंक रन को फ्लैग ऑफ किया जाएगा। इसके बाद डॉ राम मनोहर लोहिया पार्क के ओपन एयर थियेटर में विभिन्न तरह के आयोजन होंगे। इसमें सामाजिक संस्थाओं द्वारा शिल्पकला प्रदशर्नी लगायी जाएगी।

# माघी पूर्णिमा पर घाटों पर उमड़ा जनसैलाब, जिलाधिकारी ने भी लगाई आस्था की डुबकी

एजेंसी



कानपुर। माघी पूर्णिमा पर जिले में सरसैया घाट, अटल घाट, परमट घाट, सिद्धनाथ घाट और बिठूर आदि घाटों पर बुधवार सुबह से ही श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे के उद्धघोष के साथ गंगा में डुबकी लगाई। सुरक्षा की दृष्टि से घाटों पर पुलिस के साथ जल पुलिस भी तैनात रही। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सरसैया घाट पहुंचकर प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्वयं आस्था की डुबकी लगाई। मान्यता है कि माघी पूर्णिमा के दिन देवी-देवता गंगा में स्नान करते हैं। आज के दिन स्नान करने से सुख समृद्धि की समेत कई तरह से लाभ मिलता है। इसी वजह से बुधवार को शहर के तमाम घाटों पर ब्रह्म मुहूर्त से ही गंगा स्नान करने के लिए भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। फिर क्या बच्चे, बड़े सभी ने शहर के सरसैया घाट, अटल घाट, परमट घाट, सिद्धनाथ घाट और बिठूर आदि घाटों पर आस्था की डुबकी लगाकर घाट किनारे पूजा अर्चना कर दान पुण्य भी किये। सरसैया घाट पर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने परिजनों के साथ गंगा में आस्था की डुबकी लगाते हुए प्रशासन की ओर से की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गंगा स्नान करने आये श्रद्धालुओं से बात करते हुए यह भी सुनिश्चित किया कि उन्हें स्नान करने के दौरान किसी भी तरह की समस्या न हो।

# करोड़ों लोगों का आना, त्रिवेणी में डुबकी लगाना ही सनातन की सबसे बड़ी ताकत : सुनील शेट्टी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ में जिस तरह की व्यवस्था की गई है, वह अ?द्भुद एवं दिव्य है। करोड़ों लोगों का आना और मां गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाना वाकई ये सनातन की ही ताकत है। हर घंटे लाखों लोगों द्वारा डुबकी लगाकर निकल जाना। ऐसी व्यवस्था कहीं नहीं हो सकती। महाकुम्भ में आना और गंगा में डुबकी लगाना मेरे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण पल है। यह बात बुधवार को संगम में डुबकी लगाने के बाद देश के प्रसिद्ध फिल्मी कलाकार सुनील शेट्टी ने कहा। उन्होंने कहा कि ऐसे ही सोचा कि प्रयागराज चल कर महाकुम्भ में शामिल हो सकें तो अच्छा रहेगा। जिसके लिए उन्होंने पांच-छह दोस्तों से बात की। फिर उत्तर प्रदेश सरकार के कैविनेट मंत्री नन्दी से बात हुई। उनके माध्यम से ऐसी व्यवस्था हुई कि सब कुछ आसानी से हो गया। एक कहावत है न कि गंगा नहा लिया, वाकई में आज मैंने यहां आकर यह अनूभुति की। उन्होंने प्रयागराज आने वाले करोड़ों भारतवासियों के प्रति एवं उत्तर प्रदेश सरकार के साथ ही व्यवस्था में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया। तीर्थराज प्रयागराज की पावन धरा के साथ ही त्रिवेणी संगम को नमन किया। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने नन्दी सेवा संस्थान के शिविर में फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनतान की बढ़ाई कीर्ति सुनील शेट्टी महाकुम्भ की भव्यता एवं दिव्यता से पूरी तरह अभिभूत नजर आए। वे बार-बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुम्भ में करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का बखान करते नजर आए। आस्था और भक्ति की रस धार में डूबे सुनील शेटूटी ने कहा कि महाकुम्भ में आकर वाकई में उन्हें यह महसूस हो रहा है कि उन्होंने आज गंगा नहा लिया। सुनील शेट्टी महाकुम्भ क्षेत्र के सेक्टर 24 में नन्दी सेवा संस्थान के शिविर में काफी समय बिताया। यहां उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी के साथ ही अन्य लोगों से मुलाकात की। सुनील शेट्टी ने नन्दी सेवा संस्थान के शिविर में मंत्री नन्दी एवं अपनी पूरी टीम के साथ शुद्ध इलाहाबादी भोजन का आनन्द लिया। इस दौरान मंत्री नन्दी ने सुनील शेट्टी का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

# रट्टामार पढ़ाई विद्यार्थियों को बना रही डिप्रेशन का शिकार : राकेश भटनागर

- पढ़ाई को आसान बनाने के लिए स्टडी प्रासेसिंग मैथड अपनाना होगा-राकेश भटनागर
- पढ़ने पढ़ाने का एक ऐसा अद्भुत मैथड जिसमें याद और रिवीजन करने की जरूरत नहीं-राकेश भटनागर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मलिहाबाद/लखनऊ। मलिहाबाद के चौधराना स्थित ''क्लासिक मान्टेसरी हाईस्कूल नें बच्चों को एक बेहतर कल और उज्जवल भविष्य देने के लिए बी एकलव्य फाउंडेशन के बैनर तले शिक्षण सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें हजारों की संख्या में बच्चे,अभिभावक और शिक्षक पहंचे और उन्होंने बी एकलव्य के फाउंडर राकेश भटनागर व उनकी टीम के द्वारा स्टडी प्रोसेस से बच्चों की पढने की विधि को लेकर विस्तार से जानकारी दी। सेमिनार में एक अनोखे तरीके को जानकर अभिभावक और शिक्षक काफी खुश नज़र आये। बुधवार को ''क्लासिक मान्टेसरी हाईस्कूल'' में विशेष शैक्षणिक सेमिनार का अयोजन हुआ। जिसका विधिवत शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर और बच्चों ने सरस्वतीवंदना का गायन करके किया। जिसमें बच्चों नें सबके सामने स्वयं से चैप्टर बनाकर बोर्ड पर व्याख्यान किया, कार्यक्रम में बी एकलव्य के फाउंडर राकेश भटनागर ने बच्चों की शिक्षा को सरल और आसान बनाने के विशेष नए तरीके बताए। उन्होंने कार्यक्रम में अनेकों उदाहरण और डैमो दिखाते हए बताया कि देश का हर बच्चा पढ़ना चाहता लेकिन रटने रटाने की व्यवस्था के कारण बच्चा डिप्रेशन में आ जाता है और पढ़ाई को बोझ समझते हुए उसके बोझ तले दब जाता है। स्टडी प्रोसेसिंग का तरीका ना केवल बच्चों की पढ़ाई में रुचि बनाता है बल्कि हर बच्चे को क्रिएटर बनाते हुए उसे सफलता के शिखर तक पहुंचाने का कार्य करता है। बच्चे इस तरीके से पढ़कर एक प्रशिक्षक की भुमिका निभाते है और उनकी बुद्धि का विकास बहुत ही तेजी से होता है।जो भी बच्चा अथवा विद्यार्थी किसी भी क्लास, कंपटीशन, प्रतियोगी परीक्षाओं आदि की पढ़ाई स्टडी प्रोसेसिंग से करता है वह कभी भी डिप्रेशन का शिकार नहीं हो सकता। स्टडी प्रोसेसिंग का तरीका बच्चे में पढ़ने की प्रबल इच्छा को जगाता है। इस मैथड से पढ़ने वाले बच्चे को कभी भी याद करने की आवश्यकता नहीं पड़ती और परीक्षाओं में अव्वल नंबर लेकर आता है। आपको बता दें कि बी एकलव्य देश के कोने कोने



में बच्चों को आत्मनिर्भर बनाते हुए सेल्फ स्टडी कार्यक्रम के अनोखे और अद्भुत मैथड पर कार्य कर रहा है। बी एकलव्य समूचे देश का इकलौता ऐसा प्लेटफार्म में जहां बच्चों को क्रिएटिव बनाते हुए सेल्फ स्टडी शिक्षा पदधति पर कार्य करते हुए तन मन और धन से लगा हुआ है। देश के अधिकतर बच्चे पढ़ाई से जी चुराते है, लेकिन बी एकलव्य ऐसा प्लेटफार्म है जहां बच्चों को इस प्रकार तैयार किया जाता है कि बच्चे ना केवल स्वयं से खुद पढ़ाई करते हैं बल्कि विद्यालय में पढ़ाई जाने वाली पढ़ाई से हमेशा एक कदम आगे चलकर अपने आप को सभी से अलग पाते है। बच्चों की पढ़ाई का यह अद्भुत तरीका समूचे देश भर के बच्चों और उनके अभिभवकों में वर्तमान शिक्षा की विसंगतियों को बड़े पैमानों पर आसन और सरल सिद्ध कर रहा है जिससे बच्चे इस प्लेटफार्म पर अपनी अंदर की क्रिएटिवटी को बाहर निकाल कर उदाहरण पेश कर रहे है। वही ''क्लासिक मान्टेसरी हाईस्कूल'' के प्रबंधक मोहम्मद फैसल खान ने बताया कि बी एकलव्य परिवार मेरे विद्यालय में पिछले 15 दिन से लगातार विद्यालय के स्टाफ व बच्चों को प्रशिक्षण देनें का काम कर रहे है, मुझे अपने विद्यालय के बच्चों में काफी बदलाव दिखाई दे रहा है। विद्यालय में आये हुए अभिभावकों से भी बात करने पर पता चला कि इस नए स्टडी प्रोसेसिंग मेथड से बच्चे अब घर पर बिना कहे खुद से पढ़ाई करते दिखाई देते है, सभी अभिभावक इस नए प्रोसेस से बहुत संतुष्ट दिखाई दिए। इसी के साथ ऋषभ भटनागर की पुस्तक ''पढ़ाई बोझ से बोध तक'' का विमोचन भी बी एकलव्य के फारउंडर राकेश भटनागर व ''क्लासिक मान्टेसरी हाई स्कूल'' के प्रबंधक मोहम्मद फैसल खान के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बी एकलव्य परिवार के सदस्य ऋषभ भटनागर,निखिल भटनागर, तृप्ति भटनागर, व गर्वित भटनागर, स्कूल के प्रधानाचार्य शाइस्ता फ़ाजिल,कोआर्डिनेटर विजय कुमार सैनी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# संविधान से ही वंचितों को मिलेगा हक : आरके चौधरी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सांसद आर.के. चौधरी ने कहा है कि संविधान से वंचित वर्गों का सशक्तिकरण संभव है वह बुधवार को गोसाईगंज के राधिकापुर में आयोजित समाजवादी पार्टी की सेक्टर स्तरीय चौपाल को संबोधित कर रहे थे। श्री चौधरी ने कहा कि शिक्षा से वंचित समाज को नौकरी, आत्मसम्मान व रोजगार प्राप्ति के लिए आरक्षण से छेड़छाड़ कर रही भाजपा व संघ को मुंहतोड़ जवाब देना होगा। उन्होने कहा कि संविधान निर्माण के वक्त से ही भाजपा व आरएसएस के वैचारिक पूर्वज इसके खिलाफ रहे हैं।

पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने कहा कि भाजपा सरकार में बुरी तरीके से भ्रष्टाचार व्याप्त है किसानों नौजवानों को भयंकर त्रासदी से जूझना पड़ रहा है कर्ज तले दबे किसान आत्महत्या करने को मजबूर हैं वहीं सरकार जबरिया औने पौने दाम पर किसानों की जमीन का अधिग्रहण कर रही है । श्री पुष्कर ने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि क्षेत्र में जनसंपर्क करके भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से लोगों को अवगत कराएं। समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय महासचिव मनोज पासवान ने कहा कि भाजपा सरकार में पुलिस कस्टडी में मौतें हो रही एवं सरकार के लिए संवैधानिक लोकतांत्रिक मूल्यों का कोई मतलब नही रह गया है , उन्होंने कहा कि सरकारी नियुक्तियों में जहां एक ओर भयंकर भ्रष्टाचार है वहीं दूसरी ओर जातिवाद से पिछड़े दलित समाज के हक को मारा जा रहा है। पी डी ए चौपाल के आयोजक मोहन लाल रावत, सन्तदीन रावत द्वारा स्वागत अभिनन्दन किया गया।

इस मौके पर पूर्व मंत्री देव कली प्रसाद रावत, विधान सभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, प्रधान दिनेश यादव, संतोष रावत, धर्म वीर पासवान, अशर्फी लाल धीमान, मोध हनीफ, सन्त राम रावत,प्रेम गौतम,, मिथलेश पटेल, प्रीतम यादव, पंकज कुमार , राम सिंह, हरी शंकर रावत आदि काफी संख्या में गांव के लोग मौजूद रहे।

# संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर मोहनलालगंज में भव्य आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बुधवार को सांसद आरके चौधरी के साथ पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने विधानसभा क्षेत्र मोहनलालगंज के ग्राम भौंदरी में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया और उनकी पावन स्मृतियों को नमन किया। इस अवसर पर सपा के पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने संत शिरोमणि रविदास जी के प्रसिद्ध कथनों, जैसे ''मन चंगा तो कठौती में गंगा'' का उल्लेख करते हुए ग्रामीण जनता को उनके उपदेशों के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष बाबूलाल गौतम, जिला उपाध्यक्ष/सदस्य क्षेत्र पंचायत भौंदरी नवनीत सिंह, पूर्व प्रधान राम सरोहन यादव, शिव बालक, सतगुरु, रविंद्र, रामसनेही, महेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार, रघुवीर, विंदा प्रसाद और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। साथ ही, बड़ी संख्या में गांव के लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# ड्रेन पर बनी पुलिया धंसी,कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ ।गोसाईगंज इलाके में सुल्तानपुर नेशनल हाईवे के किनारे स्थित कबीरपुर गांव के पास सिंचाई विभाग की ड्रेन बनी हुई है ।उस पर एन एच आई की ओर से निर्मित की गई सड़क धंस गई है। यहां पर कई हादसे होने से बाल बाल बचे हैं । इस मामले में स्थानीय लोगों का मानना है कि जिस कम्पनी ने पुलिया निर्माण का काम कराया है उसने मानक के अनुसार काम न करवाकर पैसा हड़पने का काम किया है ।इस मामले को लेकर भाकियू अवध राजू गुप्ता के जिला अध्यक्ष सरदार सिंह गौतम की ओर कहा गया है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए पुलिया निर्माण कराने वाली फर्म को ब्लेक लिस्टेड किया जाना चाहिए।भाकियू नेता ने कहा कि जिस तरह यहां पर सड़क धंसी है उसको देखते हुए किसी बड़े हादसे के होने की आशंका बढ़ जाती है। भाकियू नेता ने कहा कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इस पुलिया को तत्काल प्रभाव से दुरुस्त कराया जाना चाहिए। जिससे रात बिरात कोई हादसा न हो। उन्हेने कहा कि उनकी इस मांग को अनदेखा किया गया तो उनका संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा ।

# भूतनाथ लखनऊ व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने लखनऊ के मेयर साहिबा को आभार पत्र देकर धन्यवाद ज्ञापित किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भूतनाथ लखनऊ व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल भूतनाथ व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल से मिला। देवेन्द्र गुप्ता ने बताया कि उन लोगों ने भूतनाथ में नाले से सम्बन्धित समस्या पर मेयर द्वारा आदेश पास करने पर उन्हें आभार पत्र देकर धन्यवाद ज्ञापित किया। बता दें कि भूतनाथ व्यापार मंडल ने भूतनाथ बाजार में बारिश के समय होने वाली जल-भराव की समस्या को ध्यान में रखकर एक नये नाले के निर्माण हेतु भूतनाथ व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने प्रपोजल तैयार किया था। देवेन्द्र गुप्ता ने बताया कि बारिश के दिनों में होने वाली जल-भराव जैसी समस्या से निजात पाने के लिए भूतनाथ व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नये नाले के निर्माण सम्बन्धित प्रपोजल को लखनऊ - मेयर सुषमा खर्कवाल को दिया था और उस प्रपोजल की गम्भीरता पर संज्ञान लेते हुए मेयर साहिबा ने भूतनाथ में एक नये नाले के निर्माण हेतु आदेश पारित कर दिया है जिससे अब वहां नये नाले का निर्माण हो सकेगा और बारिश के दिनों में जल-भराव की समस्या से निजात मिल जायेगा। व्यापारियों ने मेयर साहिबा के साथ-साथ स्थानीय पार्षद अशोक उपाध्याय का उनके सराहनीय योगदान के लिए धन्यवाद किया। इस प्रतिनिधिमंडल में भूतनाथ लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ सलाहकार उत्तम कपूर, भूतनाथ व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामन्त्री अरविन्द पाठक, चौक के सभासद अनुराग मिश्रा, मीडिया प्रभारी लोकेश, उपाध्यक्ष मोहित गर्ग और उपाध्यक्ष नदीम खान शामिल रहे।

# लखनऊ में बुर्के वाली टप्पेबाज महिला गिरफ्तार दुकान से की थी जेवर की टप्पेबाजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। चौक थाना क्षेत्र स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान से ज्वेलरी से भरे डिब्बे की टप्पेबाजी करके भागने वाली महिला को पुलिस ने गोरखपुर से गिरफ्तार कर लिया। महिला चोरी का माल लखनऊ में अपने परिचित के यहां रखा था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। डीसीपी पश्चिमी ने बुधवार को पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि श्री कृष्ण रास्तोगी की चौक बाजार में ज्वेलरी की दुकान है। उन्होंने नौ फरवरी को चौक थाना में तहरीर देते हुए बताया कि उनकी दुकान में एक बुर्के वाली महिला पायल खरीदने के बहाने आयी। ज्वेलरी देखते समय महिला ने कर्मचारी का ध्यान भटकाकर डिब्बे से भरा आभूषण लेकर फरार हो गयी। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर बुर्के वाली महिला की तलाश में सौ से अधिक सीसीटीवी खंगाले। सर्विलांस टीम की मदद लेकर पुलिस ने गोरखपुर के राजघाट निवासी बच्चन की पुत्री अफसरी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने टप्पेबाजी की बात स्वीकारते हुए ज्वेलरी लखनऊ में सराय आगमीर चौक निवासी चुन्नू के घर से 629,6 ग्राम के आभूषण बरामद कर लिया है। बाजार में जेवर की कीमत करीब 70 लाख रुपये है।

# भारतीय किसान यूनियन भानू गुट ने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर जारी पदयात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज लखनऊ मंगलवार के दिन रायबरेली रोड पर कल्ली पश्चिम में स्थित भारतीय किसान यूनियन (भानू) द्वारा किसानों व नवयुवकों से जुड़ी प्रमुख 12 सूत्रीय मांगो को लेकर गरीब किसान न्याय पदयात्रा की शुरुआत सुबह 09 बजे से ''जय किसान, जय जवान'' के नारों के साथ 11 फरवरी 2025 से गोसाईगंज ब्लाक से शुरू की गईं है, इस पदयात्रा का समापन 20 फरवरी 2025 को लखनऊ में पी0जी0आई0 के वृन्दावन मैदान में किया जाएगा। किसान आयोग का गठन किए जाने व किसानों के समस्त क़र्ज़ा माफ, व किसानों की विद्युत फ्री किए जाने व दशकों से रह रहे गरीबों, बेसहारा परिवार को घर से बेघर न किए जाने व शिक्षा के व्यवसायीकरण पर अंकुश लगाने और निजी स्कूल धन उगाही का अड्?डा न बने, इस पर सख्ती करने के साथ ही सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर बढ़ाया जाना व निजी अस्पतालों की मनमानी पर अंकुश लगाए जाने के साथ ही मरीजों को स्वास्थ्य सम्बन्धित सभी योजनाओं का समुचित लाभ प्रदान किया जाने व जमीनों का सर्किल रेट बढ़ाया जाने व राजस्व में व्याप्त भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त किया जाने व गरीब किसानों के प्रति पुलिस प्रशासन अपना रवैय्या में सुधार किए जाने व सिचाई की समुचित व्यवस्था एवं माइनरों की साफ सफाई किए जाने व उत्तर प्रदेश के बेरोजगार, शिक्षित युवाओं के भविष्य को देखते हुए सभी विभागों के रिक्त स्थानों को भरे जाने व नई भर्ती सभी विभागों में निकाले जाने व उत्तर प्रदेश के समस्त ग्राम पंचायतों व नगर निगम के प्रत्येक वार्डो में अंत्येष्टि स्थल (श्मसान) को राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराकर गरीब और असहायों को लाभ दिलाये जाने वाली मांगो को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भानू) के जिलाध्यक्ष डा. भानुप्रताप सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा के नेतृत्व में गरीब किसान न्याय पदयात्रा की शुरुआत की है। भारतीय किसान यूनियन (भानू) के जिलाध्यक्ष डा. भानुप्रताप सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा के नेतृत्व में इसके पहले पूर्व में भी यूपी सरकार से मांग और समय- समय पर धरना प्रदर्शन आंदोलन व यात्रा भी करते रहे। यह गरीब किसान न्याय पदयात्रा जनपद लखनऊ में प्रारम्भ गोसाईगंज, नगराम, निगोहां मोहनलालगंज, पी.जी.आई., बिजनौर, सरोजनी नगर, बन्थरा, काकोरी, मलिहाबाद, मॉन बीकेटी, सदर तहसील, शहीद पथ होते हुए वृन्दावन मैदान में समापन किया जायेगा। किसानों की पदयात्रा के दौरान बुधवार को मंगलम ढाबा में किसानों को रामजी यादव द्वारा माला पहना कर स्वागत किया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद रहे सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा व इंस्पेक्टर अमर सिंह सहित काफी संख्या में पुलिसकर्मी मुस्तैद से तैनात रहे।

## मायावती के कहने पर डा. अशोक सिद्धार्थ ने सरकारी नौकरी छोड़ ज्वाइन की थी पार्टी

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने डा. अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से बाहर कर दिया । डा. अशोक, आकाश आनंद के ससुर हैं। वे मायावती के सबसे भरोसेमंद थे और उनके कहने पर ही सरकारी नौकर छोड़कर बसपा ज्वाइन की थी। उनके पार्टी से निकाले जाने के बाद तरह-तरह चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

फर्रुखाबाद के कायमगंज के रहने वाले डा. अशोक सिद्धार्थ ने मेडिकल कॉलेज झांसी से आर्थोमेट्री डिप्लोमा किया हुआ। बसपा प्रमुख मायावती के कहने पर उन्होंने वर्ष 2007 में जिला कन्नौज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनाती के दौरान इस्तीफा देकर पार्टी ज्वाइन की थी। उनके पिता बसपा संस्थापक कांशीराम के सहयोगी थे। पार्टी ज्वाइन करने के बाद डा. सिद्धार्थ ने बूथ लेवल कार्यकर्ता से काम शुरू किया और कानपुर-आगरा जोन के कोऑर्डिनेटर जैसे महत्वपूर्ण पद संभाला। पार्टी की ओर से वह पहली बार 2009 तथा दूसरी बार 2016 में एमएलसी रहे हैं।

# प्रयागराज महाकुंभ से जुड़ने वाले प्रमुख मार्गो पर भारी भीड़, पुलिस अधीक्षकों ने सम्भाली बागडोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के महाकुम्भ में पहुंच कर संगम व गंगा में डुबकियां लगाने के लिए श्रद्धा से भरे लोगों में खासा उत्साह है। माघी पूर्णिमा के दिन प्रयागराज से जुड़ने वाले प्रमुख मार्गो पर सुबह से ही भारी भीड़ है और श्रद्धालुओं के वाहनों के आवागमन में दिक्कतें आ रही है।

लखनऊ से प्रयागराज के लिए निकले सीए आलोक मिश्रा को रायबरेली में अपने वाहन को खड़ा करना पड़ा। रायबरेली से प्रयागराज की ओर बढ़ने वाले मार्गो पर खासा जाम होने के कारण करीब दो घंटे तक वाहन को खड़े रखने के बाद उन्होंने वापसी कर ली। उन्होंने बताया कि रायबरेली से कुंडा एवं प्रतापगढ़ की ओर जाने वाले दोनों मार्गो पर लम्बा जाम दिखायी देने पर उन्होंने वापसी की है। माघी पूर्णिमा पर अब वह गंगाजल का उपयोग कर घर में ही स्नान करेगें।

वाराणसी में जगतगंज निवासी संदीप ने बताया कि वह अपने मित्रों के साथ प्रयागराज के महाकुंभ के लिए तड़के सुबह निकले थे। प्रयागराज की सीमा पर हनुमानगंज के निकट उन्हें प्रमुख मार्ग पर लम्बा जाम मिला। कुछ दूर पर एक ढ़ाबा के पीछे उन्होंने वाहन खड़ा कर दिया। वहां से तीन मित्र सहित वह पैदल निकल कर प्रयागराज के फाफामऊ तक पहुंचकर स्नान करने में सफल हुए।

विश्व हिन्दू परिषद से जुड़े नेता विजय कुमार ने कहा कि प्रयागराज में पुण्य स्नान के लिए भोर चार बजे से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। इसके कारण शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों को बाहर ही रोका जा रहा है। शहर की भीड़ को सम्भालने के लिए महाकुम्भ प्रशासन ने बेहतरीन व्यवस्था की है। उनकी अपने कार्यकर्ताओं से अपील है कि प्रयागराज के चारों ओर प्रमुख पक्के घाटों पर ही स्नान कर लौट जायें।

प्रयागराज से जुड़ें जनपदों कौशाम्बी, प्रतापगढ़, सुलतानपुर, जौनपुर, भदोही एवं मिर्ज़ापुर में सुबह से ही जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी वाहनों की संख्या को कम करने के लिए डायवर्जन करा रहा है। प्रमुख मार्गो पर कुछ दूरी पर वाहनों को रोक कर कम संख्या में वाहनों को छोड़ा जा रहा है। प्रमुख मार्गो पर वाहनों का दबाव बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस अधीक्षकों ने खुद ही बागडोर सम्भाल रखी है।

## लखनऊ को दो नये फ्लाईओवर सौपेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

लखनऊ। लखनऊ में 14 फरवरी को विकास नगर स्थित मिनी स्टेडियम में मुंशी पुलिया व खुर्रमनगर फ्लाईओवरों का लोकार्पण होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह उपस्थित रहेंगे और फ्लाईओवरों का लोकार्पण करेंगे।

भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुकवार की सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से निकलकर रक्षा मंत्री की फ्लीट लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचेगी। सुल्तानपुर रोड साइड से कानपुर रोड की तरफ जाने वाली आउटर रिंग रोड की विजिट भी रक्षा मंत्री करेंगे। रिंग रोड के अवलोकन के बाद लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह एयरपोर्ट वापस होंगे और तीन बजे के करीब मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के लिए रवाना होंगे।

## घर में घुस कर महिला से मारपीट

सरोजनीनगर,लखनऊकैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना क्षेत्र के अंतर्गत शांति नगर की निवासिनी रामकली रावत ने शांति नगर चौकी पर लिखित शिकायती पत्र दिया है। पीड़िता ने रहीमाबाद के रहने वाले विजय यादव व उनके पुत्र सर्वजीत यादव,भास्कर यादव पर आरोप लगाया है की मेरे घर में घुसकर विजय यादव व उनके दोनों पुत्रो ने मुझे मारा पीटा और जातिसूचक गालियां देने के बाद जान से मारने की धमकी दी है और पूरे मोहल्ले के सामने मेरी बेइज्जती की है जिसका गवाह पूरा मोहल्ला है। पीड़िता का कहना है कि मेरी गलती सिर्फ इतनी थी कि मैंने अपने दरवाजे के सामने घर के पानी निकालने के लिए गड्ढा बना दिया था जिसमें अभी तक घर का पानी भी नहीं गया था जिसकी वजह से ही इन लोगों ने मुझे मारा है जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग मेरे मोबाइल में भी है।

## आज इन इलाक़ो में रहेगी बिजली की सप्लाई बाधित



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बृहस्पतिवार 13 फ़रवरी 2025 को चौक उपखण्ड के अन्तर्गत 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र विक्टोरिया का अनुरक्षण माह के अन्तर्गत नियमित परीक्षण एवं निरीक्षण का कार्य किया जाना है है। इस कार्य के लिए 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र विक्टोरिया से निर्गत सभी 11 केवी पोषकों की आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बन्द रहेगी। जिससे सोधी टोला, अकबरी गेट, पाटा नाला, कशमीरी मोहल्ला, मंसूर नगर, लाजपत नगर, कटरा विजन बेग, मालिका सराय, चौक सराफा एवं गोल दरवाजा इत्यादि क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति आंशिक, व पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

# खैराबाद में धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती

- अभिषेक गुप्ता ने किया संत रविदास के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान
- अभिषेक गुप्ता व ईओ प्रेम शंकर गुप्ता ने संत रविदास जयंती के अवसर पर शोभा यात्रा पर की पुष्प वर्षा
- छोटे छोटे बच्चों ने झांकियो के माध्यम प्रस्तुत किये रंगारंग कार्यक्रम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद । शनिवार को माखुपुर नगर मे संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मोहल्ला माखूपुर स्थित संत रविदास महाराज के मंदिर पर पूजा अर्चना कर शोभ यात्रा निकाली गई,शोभा यात्रा नगरपालिका गेट के सामने पहुचने पर अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता व पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने माला पहनाकर पुष्प वर्षा किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने कहा कि पूज्य संत रविदास जी द्वारा समाज में किए गए जन जागरण के कार्य आज भी हम सबके ज़हन में है। इसके साथ ही उनके द्वारा जातिभेद को समाप्त कर शिक्षा के प्रसार में उनकी विशेष भूमिका पर भी अभिषेक गुप्ता ने विस्तार से चर्चा की कहा कि संत रविदास सामाजिक समरसता के प्रतीक थे। उन्होंने पूरे विश्व में सामाजिक समरसता का संदेश प्रसारित किया। जिसके बाद स्थानीय वार्ड के सभासद विष्णु कुमार गौतम व मंदिर की प्रबंध समिति के पदाधिकारियों और उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया गया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता, मनोज राणा, पुनीत सिंह,गौरव अग्रवाल,संदीप गुप्ता,धुर्व शुक्ल,आशुतोष शुक्ल,गौरव गुप्ता, रोमिल गुप्ता,बलराम पांडेय,अंकित मिश्र,संतोष शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# गोरखपुर को 102.71 करोड़ की सौगात देंगे सीएम योगी

एजेंसी



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार (13 फरवरी) को गोरखपुर को 102.71 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे। वह खोराबार में बने शहर के पहले कल्याण मंडपम का लोकार्पण करेंगे। नगर निगम की तरफ से खोराबार में प्रस्तावित मेडिसिटी प्रोजेक्ट स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री 76.40 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास व 26.31 करोड़ रुपये के कार्यों का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण की परियोजनाओं में 4.71 करोड़ रुपये की लागत से बने कल्याण मंडपम के अलावा 4.55 करोड़ रुपये की लागत से बने गैस आधारित पशु शवदाह गृह, महादेवपुरम से रामगढ़ताल में फ़ेज 2 (पम्पिंग स्टेशन) तक 2.46 करोड़ रुपये से नाला निर्माण कार्य, एकला बांध से पशु शवदाह गृह (कारकस प्लांट) तक 0.68 करोड़ रुपये से सड़क निर्माण, महेवा स्थित कान्हा गोशाला में 0.97 करोड़ रुपये से शेड निर्माण के कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर सीएम के हाथों 12.94 करोड़ रुपये की लागत से महानगर के विभिन्न वार्डों, चिल्लूपार, बांसगांव व सहजनवा नगर पंचायत में सड़क, नाली और नाला निर्माण के कार्यों का भी लोकार्पण होगा। शिलान्यास के कार्यों में वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट, घंटाघर का सुंदरीकरण, पांच वार्डों में वार्ड ऑफिस, नगर निगम के 80 वार्डों और विभिन्न नगर पंचायतों में सड़क व नाली के निर्माण कार्य सम्मिलित हैं। मांगलिक व अन्य कार्यक्रमों के लिए किफायती दर पर उपलब्ध होगा कल्याण मंडपम आर्थिक रूप से कमजोर और मध्य आय वर्ग के लोगों की सुविधा के लिए कल्याण मंडपम का निर्माण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शिता की देन है। उन्होंने 23 जुलाई 2023 को गरीबों के मांगलिक कार्यक्रमों व अन्य आयोजनों के लिए कल्याण मंडपम बनाने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप नगर निगम कई स्थानों पर कल्याण मंडपम बना रहा है। इसी क्रम में पहला कल्याण मंडपम खोराबार में बनकर तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत नगर निगम के नवसृजित वार्ड खोराबार में 4.71 करोड़ रुपये की लागत से कल्याण मंडपम का निर्माण कराया गया है। लगभग 11500 वर्ग फीट भूमि पर बने कल्याण मंडपम, जिसमें आयोजनों हेतु बड़ा हॉल, किचेन, पार्किंग की सुविधा तथा एक एसी मीटिंग हॉल, एक नान एसी मीटिंग हॉल, 7 एसी सूट्स रूम, 3 नान एसी रूम के साथ-साथ स्नानागार, शौचालय इत्यादि की व्यवस्था की गई है। नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने बताया कि उक्त कल्याण मंडपम के निर्माण से शहरी आबादी के मध्यम वर्ग एवं निम्न वर्ग के लोगों को किसी भी प्रकार के अनुष्ठानिक एवं मांगलिक कार्यक्रम कराये जाने हेतु सस्ता एवं किफायती दरों पर उच्च कोटि की सुविधा प्राप्त होगी तथा इसमें एक साथ दो अनुष्ठानिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नगर में 3 अन्य कल्याण मंडपम निर्माणाधीन है।

# केक काटकर मनाया गया नगर पंचायत धौरहरा का 67वां स्थापना दिवस



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। आज से 66 साल पहले 12 फरवरी को अस्तित्व में आई धौरहरा नगर पंचायत का स्थापना दिवस बेहद हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया नगर पंचायत चेयरमैन नफीस खां व अधिशासी अधिकारी गौरव सिंह ने केक काटते हुए स्थापना दिवस की खुशियां साझा किया। ईओ गौरव सिंह, चेयरमैन नफीस खां, वरिष्ठ लेखाकार नोमान व समस्त वार्डों के सभासद, कर्मचारी तथा निकाय के सफाई मित्र इस खास मौके पर शामिल हुए। नगर अध्यक्ष नफीस खां ने कहा कि आज के दिन इस धौरहरा कस्बे को नगर पंचायत का दर्जा मिला था चैयरमैन ने कहा कि धौरहरा नगर पंचायत में हर गली प्रकाशमय के साथ स्वच्छ रखी जा रही है। स्थानीय नगरवासियों की मूलभूत सुविधाओं को हर हाल में मुहैया कराया जा रहा है वही ईओ गौरव सिंह ने विकास कार्यों का ब्योरा देते हुए नगर की उपलब्धियां गिनाईं वही धौरहरा नगर पंचायत के स्थापना दिवस पर नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने का सभी ने संकल्प लिया। इस खास मौके पर चैयरमेन व ईओ समेत गणमान्य व्यक्तियों ने सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके स्थापना दिवस मौके पर केक काटकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।

# रेपिस्ट को चार साल की जेल,10 हजार जुर्माना, नाबालिग से रेप मामले में पाक्सो कोर्ट ने सुनाया फैसला

- नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को सजा! 4 साल की कैद और 10 हजार रुपये जुर्माना, 5 हजार पीड़िता को मिलेंगे
- नाबालिग लड़की से दुष्कर्मी ने किया था रेप, अब कोर्ट ने सुनाई सख्त सजा, लगाया जुर्माना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। जिले में 12 वर्ष पहले नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है जानकारी मुताबिक विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट राहुल सिंह की अदालत ने दोषी को 04 वर्ष की कठोर कैद की सजा सुनाई है।भीरा थाना क्षेत्र में नाबालिक से दुष्कर्म के दोषी को न्यायालय द्वारा 4 साल के कठोर कारावास एवं दस हजार अर्थ दण्ड की सजा सुनाई गई। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट लखीमपुर खीरी राहुल सिंह प्रथम द्वारा सरकार बनाम बलराम मुकदमा अपराध संख्या 08/ 2013 धारा 376, 511, 506 आईपीसी 7/8 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण एक्ट के अंतर्गत थाना भीरा में अभियुक्त बलराम पुत्र प्रहलाद निवासी गुलरिया थाना भीरा जिला खीरी को 4 वर्ष के कठोर सजा तथा 10 हजार रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई, जिसमें 5,000 रूपए पीड़िता को प्रतिकर के रूप में देने का भी आदेश किया।अभियोजन पैरवी विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो कोर्ट बृजेश कुमार पाण्डेय द्वारा इस मुकदमे में कुल छः गवाहों को प्रस्तुत किया गया, तथा आठ प्रपत्रों को प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया। इस केस की गवाही के रूप में वादी मुकदमा द्वारिका प्रसाद,पीड़िता, डाक्टर बी के वर्मा,विवेचक योगेंद्र कुमार सिंह व रवि भूषण पांडे तथा डॉक्टर पुष्प लता को गवाह के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिनकी गवाही के आधार पर अभियुक्त पर दोष सिद्ध करते हुये सजा सुनाई गई। न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों, गवाहों के बयान और सभी दस्तावेजों का गहन अध्ययन करने के बाद यह फैसला सुनाया है। यह निर्णय नाबालिग लड़कियों के साथ होने वाले जघन्य अपराधों के खिलाफ न्यायालय के कड़े रुख को दर्शाता है।

# एल्पिस ग्लोबल विद्यालय में कक्षा 12 के छात्रों के लिए भावपूर्ण विदाई समारोह




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां। एल्पिस ग्लोबल विद्यालय में कक्षा 12 के छात्रों के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा कक्षा 11 के छात्रों द्वारा तैयार की गई। समारोह की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में मंगलाचरण और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें नृत्य, संगीत और प्रेरणादायक उद्बोधन शामिल थे। विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताए अपने सुनहरे पलों को याद करते हुए गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया और जीवन में ईमानदारी, मेहनत और समर्पण के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के निदेशक श्री उमंग राजवंशी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता के लिए निष्ठा और अनुशासन अनिवार्य हैं। प्रबन्धक श्री मुदित सिंघल ने अपने संबोधन में छात्रों को सफलता के सूत्र बताते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपा चंद्रा ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिश्रम ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने इस आयोजन की सफलता के लिए सभी छात्रों और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए और सभी ने एक-दूसरे के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह ने हरिद्वार, रायवाला, कांसरों एवं देहरादून रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

एजेंसी



मुरादाबाद। मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह ने बुधवार को मण्डल के हरिद्वार, रायवाला, कांसरों एवं देहरादून स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने हरिद्वार स्टेशन पर सिकलाईन का निरीक्षण किया तथा स्टेशन पर तैयार किए जा रहे रेल कोच रेस्टॊरेंट के कार्य का निरीक्षण किया। सभी स्टेशनों पर प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग एरिया का निरीक्षण कर यात्री सुविधाओं को परखा तथा कुलियों के लिए तैयार किए जा रहे कुली शेड के कार्य का निरीक्षण किया। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बुधवार को बताया कि डीआरएम ने रायवाला स्टेशन पर रेल कोच रेस्टॊरेंट को शुरू कराने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ स्थान का निरीक्षण कर विचार विमर्श किया। मंडल रेल प्रबंधक ने कंसारों स्टेशन पर रेल परिचालन व्यवस्था को विकसित करने हेतु मेकेनिकल इंटरलॉकिंग से इलेक्ट्रॉनिक इण्टरलॉकिंग के किए जा रहे कार्यों, बिल्डिंग इत्यादि का निरीक्षण कर संबंधित जानकारी से कार्य के शीघ्र पूर्ण होने के संबंध में चर्चा कर जानकारी प्राप्त की। मंडल रेल प्रबंधक ने देहरादून स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा सर्कुलेटिंग एरिया में अनावश्यक वाहनों को खड़ा देखकर मण्डल रेल प्रबंधक ने रेलवे सुरक्षा बल एवं संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए, कि अनावश्यक एवं अनुमति से अधिक वाहनों को सर्कुलेटिंग एरिया में बिल्कुल खड़ा नहीं होने दें। इससे यात्रियों को स्टेशन आने-जाने में असुविधा होती है तथा सड़क पर अनावश्यक जाम लगता है। मंडल रेल प्रबंधक के निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता, वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक अभियंता (कैरीज एवं वैगन) रॉबिन बंसल, वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता (सामान्य) सचिन कुमार, वरिष्ठ मण्डल अभियंता ( प्रथम) पीयूष पाठक, वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता समन्वय अक्षय कुमार तथा मंडल के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# वैदेही वाटिका लवकुश पार्क में राष्ट्रीय ध्वज लगाने की मांग तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने वैदेही वाटिका लवकुश पार्क में राष्ट्रीय ध्वज स्थापित था जो इस समय नहीं दिखाई पड़ रहा है। नागरिकों ने मांग उठाई है। उनका कहना है कि यह पार्क ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, और यहां तिरंगे की स्थापना होने से राष्ट्रप्रेम की भावना को और मजबूती मिलती थी।सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि देशभक्ति की प्रेरणा के लिए पार्क में भव्य ध्वज स्तंभ पुनः स्थापित किया जाना चाहिए। इस संबंध में अधिकारियों से पूर्व में भी मांग की जा चुकी है। स्थानीय लोगों ने कहा, ''यह स्थान ऐतिहासिक महत्व रखता है और यहां राष्ट्रीय ध्वज लगाने से नई पीढ़ी को देशप्रेम की प्रेरणा मिलती थी। प्रशासन को जल्द से जल्द इस मांग पर विचार करना चाहिए। संबंधित अधिकारी भी इस मांग पर सकारात्मक रुख दिखा रहे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## स्वच्छ सर्वेक्षण में अव्वल स्थान हासिल करेगी नगर पंचायत धौरहरा : ईओ गौरव सिंह

**लखीमपुर-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत धौरहरा के चैयरमेन व अधिशासी अधिकारी गौरव सिंह की अध्यक्षता में आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024,जी.एफ.सी. स्टार रेटिंग तथा ओ.डी.एफ. प्लस के दृष्टिगत नगर पंचायत धौरहरा के कार्यालय कर्मचारी, सफाई सुपरवाइजर तथा सफाई मित्रों को उक्त बिंदुओं पर विस्तृत में जानकारी दी गई। कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुये अधिशासी अधिकारी ने कहा कि उपरोक्त विषयक का उद्देश्य जल, थल व वायु प्रदूषण से मुक्त रखना है। निकायों में कचरे को लैंडफिल में जाने से रोकना और वायु, मिट्टी व भूजल प्रदूषण के साथ-साथ शहर के कार्बन फुटप्रिंट को कम करना, आवासीय और वाणिज्यिक परिसरों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और निजी निकायों, सामाजिक बुनियादी ढांचे जैसे होटल,विद्यालय, रेलवे और बस स्टेशन जैसे स्थानों पर ठोस अपशिष्ट उत्पादकों को स्रोत पर कचरे को अलग करना, अपने परिसर में खाद बनाने वाली इकाइयां स्थापित करके खाद और बायोगैस का उत्पादन करने के लिए जैव-अपघटनीय कचरे का वैज्ञानिक प्रसंस्करण सुनिश्चित करना आवश्यक है। स्वच्छ पर्यावरण एवं जनसेवा प्रबंधन के प्रति नगर पंचायत प्रशासन पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है, नगर पंचायत धौराहरा अपने कर्मचारियों एवं सम्मानित नागरिकों के सहयोग से स्वच्छता मापदंडों को पूरा करते हुए उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करेगी।

## नौ आरोपितों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

**हमीरपुर।** घटना के तेरह माह बाद बुधवार को थानाध्यक्ष ने बैंक मित्र से लूट करने वाले नौ आरोपितों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। गैंग लीडर के खिलाफ हत्या, लूट जैसे जघन्य मामलों के कई मुकदमें पहले से दर्ज हैं। वर्ष 2023 में 26 दिसंबर को बैंक मित्र सुशील सिंह इंडियन बैंक से रुपये निकाल कर देवगांव जा रहा था। सुमेरपुर एवं देवगांव के मध्य असलहाधारी बदमाशों ने बैंक मित्र को रोककर डेढ़ लाख रुपये नकद, लैपटॉप, मोबाइल, बाइक, चाबी आदि लूट ली थी। पुलिस ने 28 दिसंबर को गैंग लीडर शाहरुख खान को मुड़भेड में गिरफ्तार किया था। घटना के तेरह माह गुजर जाने के बाद थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने गैंग लीडर सहित गिरोह के नौ सदस्यों को नामजद करके गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष ने बुधवार को बताया कि गैंग लीडर शाहरुख खान, प्रखर उर्फ मुर्गा, ऋतिक चौरसिया निवासीगण सुमेरपुर, विकास उर्फ डीडी व अमन श्रीवास निवासीगण बांदा, शोभित उर्फ राज निवासी सेमरा प्रयागराज, राहुल सिंह उर्फ दीपक सिंह निवासी रानीगंज प्रतापगढ़, अंकित कुशवाहा उर्फ रोविंद्र निवासी प्रयागराज, भोलू उर्फ शिवांशु सिंह निवासी रैपुरा चित्रकूट को नामजद करके धारा 3 (1) गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी आरोपित मुकदमा दर्ज होते ही भूमिगत हो गए हैं।

## विकास खण्ड हरगांव में दिव्यांगजनो को वितरण किये गए कृत्रिम अंग व उपकरण

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राज कुमार ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ0प्र0 जनपद सीतापुर के द्वारा आज दिनांक 12.02.2025 को विकास खण्ड परिसर हरगांव में दिव्यांगजनो को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरणों का विवतरण श्री सुरेश राही मा0 राज्य मंत्री कारागार उ0 प्र0 सरकार के कर कमलो द्वारा 45 ट्राईसाइ?किल, 29 लेप्रोसी किट, 05 स्मार्ट केन एवं 01 कान की मशीन का वितरण किया गया। जिसमें ब्लाक प्रमुख हरगॉय श्री कमलेश कुमार वर्मा, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, श्री राजकुमार, खण्ड विकास अधिकारी, हरगाँव श्री आत्म प्रकाश रस्तोगी, सहायक विकास अधिकारी (स0क0) श्री रंजीत कुमार वर्मा, श्री कमलेश कुमार, वरिष्ठ सहायक, श्री शान्ति स्वरूप शुक्ल, कनिष्ठ सहायक, एवं श्री गजेन्द्र सिंह राठौर, आदि उपस्थित रहे।

## अंडर-15 खेलो इंडिया विमेंस फुटबाल लीग छठे दिन भी जारी, एमपीएस व जेडएफए की टीमें जीतीं

**मुरादाबाद।** देहली पब्लिक ग्लोबल स्कूल मुरादाबाद के मैदान पर आयोजित अंडर-15 खेलो इंडिया विमेंस फुटबॉल लीग 2024-25 का बुधवार को छठे दिन भी जारी रहा। ज़िला फुटबाल एसोसिएशन मुरादाबाद के महासचिव मुहम्मद नासिर कमाल ने बताया कि आज तीन और मैच खेले गए। पहला मैच एमपीएस व डीपीजीएस के मध्य खेला गया जो बेहद रोमांचकारी रहा। एमपीएस ने यह मैच 1-0 से जीत कर आपने अंकों में बढ़ोतरी की। दूसरा मैच सर सैयद व बेहमन पब्लिक स्कूल के मध्य खेला गया। यह मैच 0-0 की बराबरी पर रहा। आज का अंतिम और तीसरा मैच जेडएफए व मेथोडिस्ट के मध्य खेला गया। जेडएफए ने यह मैच 5-0 से जीत लिया। आज के मैचों के निर्णायक माधुरी देवी, इरम खान, विनीता, रेनू काम्बुज व निशिता रहे। इस अवसर पर जिला फुटबाल एसोसिएशन महिला विंग की सचिव माधुरी देवी, पाध्यक्ष उस्मान खान, ।

## चॉकलेट की लालच देकर मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म

**इटावा।** थाना बकेवर क्षेत्र स्थित गेस्ट हाउस में सात वर्षीय मासूम बच्ची को चॉकलेट की लालच देकर अगवा कर दुष्कर्म के वारदात की घटना सामने आई है। भीड़ ने आरोपित युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। बच्ची को इलाज के लिए सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती करवाया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की बीती रात थाना बकेवर क्षेत्र स्थित एक निजी गेस्ट हाउस में शादी समारोह का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान अंकुर नाम के युवक ने शादी में शामिल होने आयी सात साल की बच्ची को चॉकलेट की लालच देकर खेत में ले जाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। इधर बच्ची के गायब होने पर परिजन उसे खोजना शुरू कर दिए। खेत की ओर गये तो देखा कि बच्ची खून से लतपथ हालत में पड़ी थी और आरोपी अंकुर भी उसके पास ही खड़ा था। तभी उसे पकड़कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित युवक को हिरासत में ले लिया। बच्ची को मेडिकल के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। एसएसपी ने बताया कि पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

# चौधरी अजीत सिंह ने किसान हित में अहम कार्य किए : पं. शिव प्रसाद द्विवेदी

- चौधरी अजित सिंह को किया यादः लगा सका न कोई उनके कद का अंदाजा, वो आसमां थे मगर सर झुकाए चलते थे
- खीरी में अजीत सिंह की जयंती मनाई! रालोद पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने किया याद, बोले- चौधरी साहब किसानों, मजदूरों के सच्चे हितैशी थे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। जिले में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) कार्यकर्ताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की 86वीं जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में रालोद के पदाधिकारी पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी ने किसान मसीहा के रूप में विख्यात चौधरी अजीत सिंह के योगदान को याद किया। राष्ट्रीय लोक दल के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व चौधरी अजीत सिंह के जन्मदिन पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। इस अवसर पर स्वर्गीय अजीत सिंह के जीवन और उपलब्धियों को याद किया गया। उनके द्वारा किसानों के हित में किए गए कार्यों और कृषि मंत्री के रूप में उनके योगदान को विशेष रूप से सराहा गया।कार्यक्रम का आरंभ चौधरी अजीत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। जिसके बाद कार्यक्रम में रालोद के पदाधिकारी शिव प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह ने अपने कार्यकाल में किसानों की भलाई के लिए कई महत्वपूर्ण पहल कीं। उन्होंने क्रेशर और मील को बढ़ावा देकर कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित किया, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हुई। वक्ताओं ने उनके प्रयासों को याद करते हुए कहा कि वे हमेशा किसानों के अधिकारों और उनकी उन्नति के लिए संघर्षरत रहे चौधरी साहब ग्रामीण विकास के केंद्रीय मॉडल के प्रमुख वकील थे उन्हें भारतीय राजनीति में एक कुशल वक्ता, किसानों और वंचित वर्ग को उनका हक दिलाने वाले एक संघर्षषील राजनेता के रूप में हमेशा याद किया जायेगा उनके लिए सिर्फ इतना ही कहा जा सकता है कि ''लगा सका न कोई उनके कद का अंदाजा, वो आसमां थे मगर सर झुकाये चलते थे कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की गई कि अब राष्ट्रीय लोक दल प्रत्येक विधान सभा और ब्लॉक स्तर पर जनजागरण अभियान चलाएगा। इस अभियान का उद्देश्य जनता को जागरूक करना और विकास कार्यों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। नेताओं ने कहा कि पार्टी जनता की समस्याओं को जानने और उन्हें हल करने के लिए सक्रिय रूप से काम करेगी।जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी पर चर्चा करते हुए ज्योति अग्रवाल ने बताया कि लखीमपुर खीरी में हार्ट के डॉक्टरों की कमी है। इसे दूर करने के लिए एक विशेष मुहिम चलाई जाएगी, ताकि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इसके अलावा, जिला मुख्यालय में रात में इमरजेंसी सेवाओं की अनुपलब्धता पर चिंता जताई गई। इस मुद्दे को अधिकारियों के सामने उठाने और 24 घंटे इमरजेंसी सेवा सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए चौधरी चरण सिंह के नाम से नए विद्यालयों के निर्माण की घोषणा की गई। वक्ताओं ने बताया कि यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगी और ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा उपलब्ध कराएगी। खीरी रेलवे स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर भी कार्यक्रम में चर्चा हुई। नेताओं ने बताया कि स्टेशन पर यात्रियों के लिए आवश्यक सुविधाओं का अभाव है। इसे लेकर जन अभियान चलाने और रेलवे अधिकारियों से मिलकर समाधान निकालने की योजना बनाई गई है। कार्यक्रम के अंत में नेताओं ने जनता से सक्रिय सहयोग की अपील की और कहा कि विकास कार्यों में जनभागीदारी आवश्यक है उन्होंने विश्वास दिलाया कि पार्टी जनता के हितों के लिए निरंतर काम करती रहेगी और स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह के आदर्शों पर चलते हुए समाज की सेवा करती रहेगी। इस अवसर पर पंडित शिव प्रसाद द्विवेदी क्षेत्रीय महासचिव तराई प्रदेश महासचिव, जेपी अग्रवाल, हरनाम वर्मा जिला अध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ नाजिम अली जिला महासचिव अजय श्रीवास्तव जिला सचिव संजीत मिश्रा,एडवोकेट विश्वनाथ शर्मा, एडवोकेट शब्बीर हुसैन,नासिर खान, सलमान खान,राहुल मिश्रा, दिलशाद अहमद, अनुराग शुक्ला, मनोहर लाल,अमित कश्यप सहित बहुत लोग उपस्थित रहे।

# शोभायात्रा निकालकर मनायी गयी रविदास जयंती

❑ संत रविदास ने हिन्दू समाज को एक सूत्र में पिरोने का किया कार्य–विनय जायसवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कुशीनगर । संत रविदास की जयंती बुधवार को ढोल-नगाडे के साथ धूमधाम से मनाई गई। रविदास समाज के लोगो ने संत रविदास कीमभव्य शोभा यात्रा निकाली। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। हर वर्ष के भांति इस साल भी पडरौना नगर में संत रविदास की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। बाल्मीकि नगर, छावनी, सुभाष चौक, अंबेडकरनगर नौका टोला, कसेरा टोली, साहबगंज सहित विभिन्न मोहल्लों के अलावा बलुचहां, बकुलहां एवं आस-पास के गांवों से संत रविदास की झाकियां लिए आयोजन कमेटी के लोग पडरौना नगर के सुभाष चौक पर एकत्र हुए, जहां से शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर और महात्मा बुद्ध की झांकियां भी शामिल थीं। यह शोभा यात्रा सुभाष चौक से कोतवाली रोड, धर्मशाला रोड, साहबगंज, मेन बाजार रोड, रामकोला रोड होते हुए पुनः सुभाष चौक पहुंचकर समाप्त हुई। इसी कडी मे सन्त रविदास की 658 वीं जयंती के अवसर पर नगरपालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल द्वारा नगर के कोतवाली मार्ग पर स्थापित संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व मिष्ठान वितरण कर धूमधाम से जयंती मनायी गयी। चेयरमैन विनय जायसवाल ने कहा कि रविदासिया पंथ की स्थापना करने वाले सन्त शिरोमणि गुरु रविदास ने अपने वचनों और दोहों से भक्ति की अलग छाप दुनिया में छोड़ी। भक्ति रस के अनन्य कवि सन्त रविदास ने अपने छंदों और गीतों से भक्ति आंदोलन पर स्थायी प्रभाव डाला। नपाध्यक्ष ने कहा कि सामाजिक समानता के लिए अपनी आवाज उठाने वाले सन्त गुरु रविदास ने हिन्दू समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम किया था। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले 8 वर्षों से लगातार नगरक्षेत्र में स्थापित सभी महापुरुषों और राष्ट्रनायकों की प्रतिमाओं की धुलाई, साफ-सफाई और माल्यार्पण कर प्रतिदिन श्रद्धांजलि दी जाती है एवं राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान को याद किया जाता है। इस दौरान नपाइ प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल, नारद प्रसाद,भोला प्रसाद,दिलीप प्रसाद रविंद साह,पिंटू साह, सुनील प्रसाद,पप्पू प्रसाद ,विक्रम प्रसाद,बैजू प्रसाद, ब्रजेश शर्मा, अभय तिवारी, आकाश वर्मा, धर्मेंद्र मद्धेशिया, भास्कर शर्मा, अमित तिवारी, नवेन्दु गिरी, धीरज साह, सनी सिंह, अशोक गुप्ता, सोनू शर्मा, राजेश जायसवाल, जितेंद्र कुशवाहा, रवि चौहान, पिंटू साहनी, सन्तोष पटेल, जितेंद्र मौर्य, निखिल तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# टीचर सेल्फ केयर की बैठक में हुई समीक्षा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़ /कुशीनगर। टीचर सेल्फ केयर टीम के संस्थापक अध्यक्ष विवेकानन्द जी के निर्देश पर प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिलेश मिश्र की अध्यक्षता में जिला व सभी 14 ब्लाक के कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक उदित नारायण इंटर कालेज पडरौना में सम्पन्न हुई।बैठक में जिला और ब्लाक वार पंजीकृत तथा वर्तमान में वैध, नियमित, सहयोगी सदस्यों और छूटे हुए सदस्यों को टीचर सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) से जोड़ने पर समीक्षा की गयी। नये रजिस्ट्रेशन की संख्या व ब्लाकवार समीक्षा की आगामी रणनीति बनाई गई । वर्तमान में व्यवस्था शुल्क जमा की स्थिति व सहयोग आह्वान हेतु सोशल प्लेटफार्म पर पोस्ट डालने, न डालने वाले सक्रिय / निष्क्रिय पदाधिकारियों की समीक्षा की गई , साथ ही टीएससीटी के विस्तार एवं पुनर्गठन पर चर्चा करते हुए नये बदलाव और भविष्य की योजना पर भी चर्चा की गई । इस अवसर पर प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र, जिला संयोजक अखिलेश यादव , जिला प्रवक्ता अशफाक अहमद, जिला आईटीसेल प्रभारी कमलेश कुमार कुशवाहा, जिला सह संयोजक अजय कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, मुमताज अली, विनोद कुमार, बृजेश कुमार गुप्ता, शिव शंकर तिवारी, संजय उपाध्याय , सत्यवंत सिंह, मनोज ओझा, संजय यादव , शैलेश यादव, शमशाद अहमद , दिनेश्वर गिरी, रविन्द्र नारायण पांडेय , सबाना परवीन, अनामिका शाही आदि रहे।

# किलकारी जूनियर हाईस्कूल के छात्र छात्राओं में साइकिल वितरित

❑ नैतिक और संस्कारिक शिक्षा से ही होगा बदलावः ओमप्रकाश जायसवाल

❑ बुद्ध के उपदेशों में सबका कल्याण निहितः ड्यू फ्योक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड संख्या 20 शहीद भगत सिंह नगर (रामनगर) में किलकारी जूनियर हाईस्कूल में टुर्क लैम फत थीन वेलफ़ेयर सोसाइटी व होई थीन हॉक ट्रूक लैम हाई नगोई, वियतनामद्वारा 97 छात्र व छात्राओं को सायकिल वितरित किया गया।मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिक्षु संघ कुशीनगर के अध्यक्ष भंते एबी ज्ञानेश्वर ने धम्म पाठ किया और शिक्षकों व बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया। दानदाता वियतनामी दल की प्रमुख और संस्था की निदेशक ड्यू फ्योक ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध ने विश्व को दया, करुणा, मैत्री और शांति का उपदेश दिया। भाजपा नेता और समाजसेवी ओमप्रकाश जयसवाल ने विद्यालय के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि नैतिक और संस्कारिक शिक्षा से ही सामाजिक बदलाव संभव है। जिससे परिवार और राष्ट्र खुशहाल होगा। अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण कर प्रबंधक पप्पू गुरु जी, शिक्षकों और बच्चों ने किया। आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शबनम खातून ने कहा कि ड्यू फ्योक बुद्ध की अनुयायी और दयालु महिला हैं। जिनका उद्देश्य जरूरतमंद, गरीब, विकलांग बच्चों की जरूरत को पूरा करना है। संचालन सचिन शर्मा ने किया। इस अवसर पर अजीत सिंह, विवेक विश्वकर्मा, नीरज सिंह, फिरोज अहमद, मार्कण्डेय तिवारी, कल्पना देवी, पूनम कुशवाहा, श्रद्धा सिंह, कृपा सिंधु पाठक सहित बच्चे उपस्थित रहे।

# प्रो. रामसागर मिश्र का शिक्षा क्षेत्र में योगदान स्मरणीयः विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। पर्यावरण प्रेमी, प्रख्यात शिक्षाविद् और सामाजिक सरोकारों के प्रतीक प्रोफ़ेसर रामसागर मिश्र की पुण्यतिथि पर उनके पटहेरवा स्थित आवास पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि प्रो. मिश्र ने शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया, वह सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके कार्यों की बदौलत वे आज भी लोगों के दिलों में जीवंत हैं।प्रो. मिश्र विद्यार्थी जीवन से ही अत्यंत कुशाग्र बुद्धि के थे। उन्होंने हाई स्कूल परीक्षा में उत्तर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। इस उपलब्धि के लिए तत्कालीन महामहिम राज्यपाल ने उन्हें सम्मानित किया और छात्रवृत्ति प्रदान की थी।पीएनएम इंटर कॉलेज, फाजिलनगर में गणित के अध्यापक के रूप में उन्होंने विद्यार्थियों के बीच विशेष लोकप्रियता प्राप्त की। उनकी शिक्षण शैली और विद्यार्थियों के प्रति समर्पण भाव के कारण वे हमेशा याद किए जाएंगे।श्री भगवान महावीर डिग्री कॉलेज की स्थापना के बाद, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. राजमंगल पांडेय के आग्रह पर प्रो. मिश्र ने वहां शिक्षा शास्त्र के प्रवक्ता के रूप में कार्यभार संभाला। अपने कर्तव्यनिष्ठा और नेतृत्व क्षमता के कारण वे 1993 से 1995 तक इस कॉलेज के प्राचार्य के पद पर सुशोभित रहे। सिर्फ शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि सामाजिक गतिविधियों में भी प्रोफ़ेसर मिश्र सक्रिय रहे। समाजसेवा के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए सरकार ने उन्हें कोऑपरेटिव बैंक में प्रशासक के रूप में नामित किया था, जहां उन्होंने अपनी प्रशासनिक दक्षता का परिचय दिया। संचालन कवि मनंजय तिवारी निर्मल ने किया। जबकि उनके छोटे पुत्र पीपी मिश्रा ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में गोविंद मिश्र, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ला, चंद्रशेखर उर्फ लड्डू यादव, सामाजिक कार्यकर्ता केदार सिंह, नंदलाल विद्रोही, विश्राम यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमलेश तिवारी, मधु मिश्रा, राजीव पाठक, मनोज तिवारी, जयप्रकाश सिंह, सुरेंद्र यादव, शैलेश तिवारी, नागमणि छोटू, प्रदीप गुप्ता, योगेन्द्र कुशवाहा, राना सिंह आदि उपस्थित रहे।

### पं0 सुरेंद्र दीक्षित जी पुण्यतिथि आज,

**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पूर्वांचल के गौरव पं0 सुरेंद्र दीक्षित की 22 वीं पुण्यतिथि 13 फरवरी को मनायी जायेगी। इस कार्यक्रम में पूर्वांचल के आध्यात्मिक ऊर्ज़ा के केंद्र संस्कृत और ज्योतिष के प्रकांड विद्वान पं0 विष्णु प्रभाकर पांडेय और समाज सेवा के क्षेत्र में डॉ. सीवी सिंह को कुशीनगर रत्न से सम्मानित किया जाएगा । यह जानकारी स्व. सुरेन्द्र दीक्षित के पुत्र पंकज दीक्षित व कार्यक्रम के संयोजक शैलेन्द्र दत्त शुक्ल ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खलीलाबाद के पूर्व सांसद और पं हरिशंकर तिवारी जी के ज्येष्ठ पुत्र कुशल तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में स्व सुरेन्द्र दीक्षित जी का सानिध्य प्राप्त पूर्व विधायक किसान नेता राधेश्याम सिंह होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा अरुण गौतम करेंगे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंधक हनुमान इंटर कालेज पडरौना मनोज शर्मा, प्रबंधक रियल पैराडाइज एकेडमी डा निरेन पांडेय तथा डॉ महमूद आलम उपस्थित रहेगें।

# विद्यालय का ताला तोड़कर चोरों ने सामान गायब किया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/ कुशीनगर। तमकुही विकास खंड के संविलयन विद्यालय पाण्डेय बरदहा में मेन गेट सहित नौ कमरों का ताला तोड़कर चोरों द्वारा विद्यालय का सामान और कुछ महत्वपूर्ण रजिस्टर गायब कर दिया है। प्रधानाध्यापक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।संविलयन विद्यालय पांडेय बरदहा के प्रधानाध्यापक विजय बहादुर पांडेय ने घटना की जानकारी मिलते हुए तुरंत ग्राम प्रधान, डायल 112, एवं बीआरसी कार्यालय को सुचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जायजा लिया। प्रधानाध्यापक विजय बहादुर पांडेय ने पटहेरवा पुलिस को दिये तहरीर में लिखा है कि चोरों ने मेन गेट एवं 9 कक्षों का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, दो भगौना, थाली, गिलास, तसला, बाल्टी, मोटर, स्पोर्ट्स का सामान, गणित एवं विज्ञान किट सहित कुछ महत्वपूर्ण रजिस्टर गायब कर दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही खंड शिक्षा अधिकारी तमकुही सुधीर कुमार विद्यालय पहुंचकर चोरी के घटना की जानकारी ली। प्रधानाध्यापक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# विशाल भंडारे व महाप्रसाद के साथ दस दिवसीय श्रीराम महायज्ञ की पूर्णाहुति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। कसया नगर स्थित श्रीरामजानकी मंदिर (मठ) में अनवरत पंद्रहवें वर्ष चल रहे दस दिवसीय श्रीराम महायज्ञ की विशाल भंडारे व महाप्रसाद के साथ बुधवार को पूर्णाहुति हुई। भंडारे में कसया नगर व पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से आये श्रद्धालुओं सहित विभिन्न राज्यों और कुशीनगर जनपद के विभिन्न भागों के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रीराम महायज्ञ के साथ श्रीरामकथा, श्रीरामलीला व अखंड श्रीसीताराम नाम संकीर्तन को भी विश्राम दिया गया। महंत त्रिभुवन शरण दास व व्यस्थापक देव नारायण शरण द्वारा यज्ञाचार्य, कथा व्यास, श्रीरामलीला के कलाकारों और संकीर्तन कर रहे संतों की विदाई की गई एवं आयोजन में सहभागी बने सभी श्रद्धालुओं के प्रति धन्यवाद व आभार प्रकट किया गया। इसके पूर्व अंतिम दिन श्रीरामलीला में प्रभु राम के राज्याभिषेक का मंचन व श्रीराम कथा में अंकुश महाराज द्वारा श्रीराम रावण युद्ध और श्रीराम राज्याभिषेक की कथा का मनोहारी वर्णन कर श्रोताओं से मन में बैठे रावण को मिटाने की बात कही गयी। इस दौरान स्थानीय कलाकारों द्वारा भक्तिमय झांकी की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर विधायक कुशीनगर पीएन पाठक, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कुशीनगर किरन जायसवाल, आचार्य रामजी पांडेय, इंद्र कुमार मिश्र, राकेश जायसवाल, राजेश मद्देशिया, विजय कुमार, सुरेश प्रसाद गुप्त, मंटू मद्देशिया, मणि प्रकाश यादव, निशांत सिंह, शिवम राय, राज गुप्ता, आदित्य गौड़, दीपू तिवारी, सावित्री देवी, गंगोत्री देवी, कृष्णावती देवी, ममता कश्यप, निशा देवी, अनमोल तिवारी, उमेश चंद्र गुप्ता, टिशू पांडेय, राघवेंद्र तिवारी, अमिय गुप्ता, ऋषभ राव, पप्पू जायसवाल, रिद्धिमा, राजू मद्देशिया, मिथिलेश सिंह, आरती सिंह, ओम प्रकाश जायसवाल, ज्ञानी जायसवाल, आलोक श्रीवास्तव, धनंजय तिवारी, काशीनाथ सिंह, विपिन बिहारी श्रीवास्तव, घनश्याम जायसवाल, अनिरुद्ध यादव, कुश कुमार, अशोक पांडेय, रज्जू राजा, रुचि सिंह, डॉ0 अनिल सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

### रोमांचक मुकाबले में देवरिया ने कोलकाता को एक गोल से हराया

**राजापाकड़/कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत बरवाराजापाकड़ के सीताराम चौराहा खेल मैदान में संजय सपोर्टिंग क्लब बरवाराजापाकड़ के तत्वावधान में आयोजित 46 वें आल इंडिया फुटबाल प्रतियोगिता के तीसरे क्वार्टर फाइनल में मेडिकल कालेज देवरिया ने लाइफ एकेडमी क्लब कोलकाता को एक गोल से पराजित कर सेमीफाइनल का टिकट कटाया।बुधवार को खेले गए मैच में हाफटाइम तक दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं। हाफटाइम के बाद 14वें मिनट में देवरिया की तरफ से एकमात्र गोल दागकर 1–0 से मैच को जीत लिया। मुख्य निर्णायक खुर्शेद आलम, लाइनमैन ज्ञान प्रकाश चौहान व प्रभात मिश्र तथा महमूद अंसारी ने कमेंट्री की। मुख्य अतिथि व्यवसायी राजू जायसवाल व विशिष्ट अतिथि प्रधान रमेश गुप्ता व मनोज पटेल ने मैच का शुभारंभ कराया। आयोजन समिति के अध्यक्ष व प्रधान मुन्नीलाल गोंड, प्रधानगण अशोक पाल, श्यामानंद कुशवाहा, नंदकिशोर कुशवाहा, ओमप्रकाश उर्फ भुआल गोंड, रमाकांत पांडेय, सच्चिदानंद महंथ, राजेंद्र सोखा, मंशी अंसारी, लाल पहाड़ी, चंदन पासवान, मंगरु चौहान, राजीनंद, ऐनुल्लाह अंसारी आदि मौजूद रहे। अंतिम क्वार्टर फाइनल मैच गुरुवार को अखंड क्लब बांसगांव गोरखपुर व टाउन क्लब नरकटियागंज बिहार के बीच खेला जाएगा।

### अंतर्जनपदीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन

**राजापाकड़/कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकासखण्ड तमकुही के ग्रामसभा अमवा बुजुर्ग के खेल मैदान में अंतर्जनपदीय दो दिवसीय वालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।शनिवार को प्रारम्भ होने वाले स्व0 सुदामा नाथ त्रिपाठी मेमोरियल हस्त कन्दुक (वालीबाल)प्रतियोगिता का फाइनल रविवार को सम्पन्न होगा।इस सम्बन्ध में प्रतियोगिता के आयोजक ग्रामप्रधान ई0 अजयनाथ त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम वर्ष में प्रारम्भ होने वाले इस प्रतियोगिता में जनपद कुशीनगर की सभी मुख्य टीमें प्रतिभाग करेंगी।प्रतियोगिता में भाग लेने वाली विजेता व उप विजेता टीमों के अलावा व्यक्तिगत रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित कियाजायेगा श्री त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सभी तैयारियाँ पूरी हो चुकी हैं।

### गश्त कर रही पुलिस टीम की गाड़ी हुई हादसे का शिकार,दरोगा की मौत तीन सिपाही घायल

**रायबरेली।** रात्रि गश्त कर रही पुलिस टीम की कार अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। जिसमें सेमरी चौकी इंचार्ज की मौके पर मौत हो गई तो वहीं तीन सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गए। दो की हालत गंभीर होने पर लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। हादसा खीरों थाना क्षेत्र के जगत ढाबा के पास हुआ है,जब मंगलवार देर रात रात गश्त के दौरान सेमरी चौकी इंचार्ज चमन सिंह अपने सहकर्मियों का साथ गश्त कर रहे थे। अचानक उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी दुकान में घुस गई। इस घटना में चौकी इंचार्ज चमन सिंह सहित चार पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी लालगंज पहुंचाया, जहां चौकी इंचार्ज चमन सिंह की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल तीन पुलिसकर्मी जितेंद्र, उदय व सूर्यभान को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां दो लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। चमन सिंह बहराइच के रहने वाले थे। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा ने बताया कि बहुत ही दुर्भाग्य घटना है। टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है।

### मंदिर में पुजारी बनने को लेकर विवाद, चली गोली एक घायल,

**जालौन।** जालौन के नदीगाँव थाना क्षेत्र में बीती देर शाम मंदिर में पुजारी बनने को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए। इस दौरान एक पक्ष ने पत्थरबाजी की तो वहीं, दूसरे पक्ष के द्वारा फायरिंग की गई। इस फायरिंग में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मौके से छह लोगों को हिरासत में लिया है। बता दें कि नदीगाँव थाना के ग्राम शिवनी बुजुर्ग में एक रामजानकी व हनुमान मंदिर है। मंगलवार की देर शाम को 40 वर्षीय देवेंद्र कुमार पूजा करने के लिए गया था। मंदिर में ताला लगा होने पर उसने ताला खोला। इस पर पप्पू उर्फ रामेश्वर दुबे, उनके पुत्र आशीष, ठाकुर उर्फ अमरजीत आ गए और देवेंद्र कुमार के साथ ताला खोलने को लेकर विवाद करने लगे। इस पर देवेंद्र पक्ष के लालजी निरंजन, अनुज व अनिकेत आ गए। दोनों पक्षों में मंदिर की आठ बीघा जमीन को लेकर कहासुनी होने के बाद लाठी डंडे व पत्थरबाजी करने लगे। जिस पर रामेश्वर दयाल ने अपनी लाइसेंसी राइफल से फायरिंग शुरु कर दी। फायरिंग होने से आसपास के लोगों में भगदड़ मच गई। इस दौरान देवेंद्र कुमार के माथे में छर्रे लग गए जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। गोली चलने की आवाज से आसपास के ग्रामीण वहां पहुंचे तो देवेंद्र को लहूलुहान हालत में देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी दिव्यप्रकाश तिवारी ने तुरंत फोरेंसिक टीम के साथ जांच की। साथ ही घायल को इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भेजा। अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर जांच की। सीओ डा. देवेंद्र पचौरी ने बताया कि घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# डायवर्जन नीति के खिलाफ दुकानदारों का हंगामा, प्रशासन के आश्वासन पर खत्म हुआ धरना

एजेंसी




मीरजापुर। महाकुंभ के पलट प्रवाह के चलते विंध्य धाम में श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ रहा है। प्रयागराज-मीरजापुर हाईवे को वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था के तहत मोड़ा गया, जिससे बड़ी संख्या में वाहन पुराने वीआईपी मार्ग पर आ रहे हैं। इसी कारण श्रद्धालु मोतीझील मार्ग से पुरानी वीआईपी रोड तक पैदल ही मंदिर दर्शन के लिए जा रहे हैं। भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने मंगलवार को मुख्य प्रवेश द्वार से श्रद्धालुओं को मेलाक्षेत्र में डायवर्ट करने का नियम लागू किया। इसका असर पुरानी विशिष्ट मार्ग पर स्थित दुकानों पर पड़ने लगा। इससे नाराज दुकानदारों ने बुधवार को मुख्य प्रवेश द्वार पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही नगर मजिस्ट्रेट विनीत कुमार उपाध्याय, एसडीएम शक्ति प्रताप सिंह, सीओ सिटी विवेक जावला समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने दुकानदारों को आश्वासन दिया कि यह व्यवस्था केवल अत्यधिक भीड़ की स्थिति में लागू की गई है, जबकि सामान्य दिनों में पुरानी व्यवस्था बहाल रहेगी। इस आश्वासन के बाद करीब आधे घंटे बाद दुकानदारों ने धरना समाप्त कर दिया। नगर मजिस्ट्रेट विनीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि दुकानदारों से बातचीत हो गई है और मामला शांत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भीड़ अधिक होने पर ही डाइवर्जन नीति लागू रहेगी। वहीं एसडीएम शक्ति प्रताप सिंह ने कहा कि मार्ग को रोका नहीं गया था बल्कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रवेश द्वार से ही डायवर्जन की व्यवस्था की गई थी।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने मदनी मस्जिद का किया दौरा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। कुशीनगर के हाटा में नक्शा के विपरीत बन रही मदनी मस्जिद के अवैध निर्माण पर बीते रविवार को प्रशासन द्वारा बुलडोजर चलाने के बाद चौथे दिन बुधवार को भी शांति व्यवस्था कायम रही। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रहा। कंग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने देर शायं सात बजे मदनी मस्जिद का दौरा किया व मस्जिद पक्ष के लोगों से मुलाकात कर हमदर्दी जताई। इस दौरान कंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने इस कार्यवाई को मुख्यमंत्री के इशारे पर की गई कार्रवाई बताया।कहां की मस्जिद पर प्रशासन द्वारा की गई बुलडोजर की कार्रवाई शर्मनाक है। कहां की योगी सरकार अपने नाकामियों को छुपाने व माहौल में तनाव पैदा करने के साथ भाईचारा बिगड़ने की कोशिश कर रही है।उन्होंने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह कार्यवाई उनके इशारे पर की गई कार्रवाई है। कहां की मस्जिद पक्ष को लेकर कंग्रेस यूपी से लेकर दिल्ली तक खड़ी रहेगी।उन्होंने मस्जिद कमेटी के लोगों से मुलाकात की और कहां की कंग्रेस पार्टी उनकी लड़ाई हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लड़ेगी। इस दौरान कंग्रेस पार्टी के पदाधिकारी,कार्यकर्ता व मस्जिद पक्ष के लोग सहित अन्य मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी नेहा शर्मा की नागरिक संगम पहल से समस्याओं का होता है त्वरित समाधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद को सुदृढ़ बनाने और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए ''नागरिक संगम'' कार्य क्रम की शुरुआत की। बुधवार को नगर पंचायत धानेपुर ब्लॉक परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में काफी संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया और अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने व्यक्तिगत रूप से नागरिकों की शिकायतें सुनीं और कई मामलों का समाधान मौके पर ही सुनिश्चित किया। उनका यह कदम गोंडा में प्रशासन को जनता के करीब लाने और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास है। जिलाधिकारी ने कहा, ‼सभी समस्याओं का समाधान समयबद्ध और प्रभावी तरीके से करना प्रशासन की




प्राथमिकता है। स्वच्छता और जनसुविधाओं को बनाए रखना हमारा कर्तव्य है।

**प्रमुख शिकायतों का निस्तारण और स्थलीय निरीक्षण,**

नगर पंचायत धानेपुर ब्लॉक परिसर में नागरिक संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने की।इस कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के बड़ी संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया और अपनी अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी से अवगत कराया। कोई राशनकार्ड की मांग तो कोई आवास,अतिक्रमण के साथ-साथ कहीं पेंशन की मांग जिलाधिकारी के समक्ष रखी गई।कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने वार्ड श्रीराम जानकारी नगर में मौके का निरीक्षण भी किया और तत्का ल प्रभाव से वार्ड में साफ सफाई एवं अन्य समस्याओं को दूर किए जाने के निर्देश नगर पंचायत धानेपुर को दिए। नागरिक संगम कार्यक्रम के दौरान सबसे अधिक प्रार्थना पत्र प्रधानमंत्री आवास की मांग को लेकर दिए गए,तथा कुछ प्रार्थना पत्र पेंशन विभाग से संबंधित दिये गए।नाग रिक संगम'' कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये।

## सफल कार्यक्रम के लिए जिलाधिकारी की पहल

''नागरिक संगम'' के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागी य अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ गंभीरता से लें और समयबद्ध स माधान सुनिश्चित करें।नागरिक संगम कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई गई।इस जनसंवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी के साथ अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार,अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत धानेपुर रागिनी वर्मा,डीएसओ, डीपीओ,कार्यक्रम, डीपीओ प्रोवेशन, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।उनकी सक्रियता और समन्वय से यह कार्यक्रम सफल रहा।जिला धिकारी नेहा शर्मा की यह पहल प्रशासनिक पारदर्शिता और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।उनकी त्वरित कार्रवाई और निर्णय लेने की क्षमता ने जनपद में प्रशासनिक व्यवस्था को नई दिशा दी है।

# तेंदुआ भगत गाँव में कागज में चल रहा मनरेगा का काम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले के पड़री कृपाल ब्लॉक के तेंदुआ भगत गांव में मनरेगा योजना में लूट मची है।अधिकारियों व ग्राम प्रधा न की मिलीभगत से फर्जी काम दिखाकर गोलमाल किया जा रहा है।सबसे हैरत की बात यह है कि बसंत ऋतु के इस मौसम में जब खेतों में गेहूं और सरसो की फसल लह लहा रही है तो आखिर कैसे सड़क कि पटाई हो रही हैं।वहीं अगर सड़क की पटाई तेंदुआ भगत गांव में हो रही है तो सड़क पर इतनी जल्दी एक दिन में घास कैसे उगाई हैं.जिम्मेदार द्वारा सिर्फ पैसा खपाने के लिए मस्टरोल भरा जा रहा है।जबकि शासन का निर्देश है कि अगर फसल लगी हुई है तो सड़क की पटाई नहीं की जा सकती है।इस समय खेत में फसल तो फिर चकरोड की पिटाई कैसे हो सकती है।लेकिन तेंदुआ भगत गांव में कागज में मज दूर प्रतिदिन काम कर रहे हैं।इन मजदूरों की प्रतिदिन हा जिरी लगाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत अधिकारी और रोजगार सेवक,ब्लाक स्तर



**ऐसे फोटो खींच कर होता है मनरेगा में फर्जीवाड़ा**

पर एपीओ की तैनाती की गई है जो कि मनरेगा योजना से हो रहे कार्यों की देखरेख के साथ सत्यापन भी करेंगे,लेकिन यह सभी कर्मी अपने जिम्मेदारी का निर्वहन न करके जेब भरने में मस्त हैं।वही ग्राम पंचायत तेंदुआ भगत गांव में माली के खेत से नहर के पुलिया तक चकरोड़ पटाई के नाम पर फर्जी मस्टरोल 27 श्रमिकों का निकालकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।इस सड़क लोगों को खड़ा करके फोटो खिंच कर अपलोड कि या गया है जिस सड़क की फोटो खींची गई है उसे सड़क पर घास उगी हुई है।इसी क्रम में दूसरे कार्य में ददौ के खेत से बेचन के खेत तक 28 मजदूर काग ज में कार्य कर रहे हैं इस सड़क पर भी इस तरह घास उगी हुई है।तेंदुवा भगत ग्राम पंचायत के में मनरेगा के तहत हो ने वाले विकास कार्यों में कार्य करने वाले कामगार 61 म जदूरों की फर्जी हाजिरी और संबंधित पोर्टल पर अपलोड करके सरकारी धन में बंदर बांट का सिल सिला रुकने का नाम न हीं ले रहा है।ग्राम पंचायत में तैनात पंचायत सचिव ब्लॉक में तैनात एपिओ मनरेगा और जिले के डीसी मनरेगा की दूषितं नीतियों के चलते लूट घसोट करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने के बजाय उन्हें अभय दान दिया जा रहा हैं।जिससे सरकारी भ्रष्टाचार के विरोध में योगी सरकार की जीरो टारलेंस की नीति धराशाई हो रही है।जिस तरह से संबंधित जिम्मेदार खंड विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचा यत सचिव तथा एपीओ मनरेगा के कार्यों की फर्जी एमबी करने वाले कर्मचारी के साथ ही संबंधित टीए कार्य स्थल पर न जाकर ब्लॉक के अपने कार्यालय में बैठकर ही काग जों पर सब कुछ चाक चौबंद कर देते हैं।

# तिलावते कलामे पाक से मुफ्ती–ए आजम हिंद कॉफ्रेंस का हुआ आगाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। गजाधरपुर स्थित मदरसा दारुल उलूम मुफ्ती-ए आजम हिंद में '' मुफ्ती-ए आजम हिंद कॉन्फ्रेंस व 21वीं दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। जिसकी सरपरस्ती मदरसे के प्रबंधक मौलाना मुफ्ती मुहम्मद सुल्तान रजा नूरी और संचालन मौलाना इसराइल अख्तर मसऊदी कानपुरी ने किया जबकि मुख्य अतिथि विधायक कैसरगंज आनन्द यादव रहे। कॉन्फ्रेंस की शुरुआत तिलावते कलामे पाक से कारी शौकत अली ने किया। असद इकबाल कलकत्तवी और तसलीम व तहसीन बस्तवी आदि ने नात व मनकबत पेश की । कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुफ्ती जुल्फिकार बरकाती ने कहा कि अल्लाह ने कुरान की सबसे पहली आयत जो नाजिल की उसका मतलब ही है कि इल्म हासिल करो और पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लाहो अलैह वसल्लम ने भी शिक्षा पर बहुत जोर दिया है । शिक्षा ही से तरक्की संभव है ,शिक्षा के बगैर कोई तरक्की नहीं कर सकता है उन्होंने कहा कि अपने बच्चों और बच्चियों को धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा भी दिलाइए तभी उनका भविष्य उज्जवल होगा । इनके अलावा मौलाना फैज रजा अजहरी बरेली, मौलाना गुफरान मॉरीशस (अफ्रीका ), मौलाना ताहिर उल कादरी बस्ती आदि ने भी संबोधित किया। कॉन्फ्रेंस के दौरान मदरसे के आठ छात्रों की ओलमा के हाथों पगड़ी बांधकर दस्तारबंदी की गई। समापन मुफ्ती अहसन रजा की दुआ पर हुआ ।कॉन्फ्रेंस में खानकाह लियाकतिया तिलहर शरीफ ,शाहजहांपुर के सज्जादा नशीन मोहम्मद सालेह उर्फ सददन मियां ,जिला कंाग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चौधरी अब्दुल मुईद खान, मुफ्ती मुहम्मद नौशाद खां फैजी ,मौलाना वारिस अली फैजी, डॉक्टर मुहम्मद हस्सान रजा नूरी ,मौलाना शाकिर अली बरकाती ,मौलाना मुहम्मद मुसाअब खां, मौलाना मुहम्मद जहूर ,कारी मुबारक ,चौधरी उजैर, राजा सिद्दीकी समेत हजारों लोग उपस्थित रहे ।

# कृषक गोष्ठी एवं कृषि निवेश वितरण का कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। टीएसपी या जनजातीय उप-योजना एक केंद्र सरकार की योजना है। इसका मकसद जनजातीय क्षेत्रों और जनजातीय आबादी के विकास में मदद करना है इस योजना के तहत, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सिंचाई, सड़क, आवास, विद्युतीकरण, रोज़गार, और कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में कई परियोजनाएं चलाई जाती हैं। इसी क्रम में आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा में क्षमता परियोजना के अंतर्गत कृषक गोष्ठी एवं कृषि निवेश वितरण का कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को हुआ जिसमें कृषकों एवं कृषक महिलाओं को मुख्य अतिथि एवं ब्लॉक प्रमुख द्वारा सिंचाई पाइप, हजारा, ड्रम, मिनरल मिक्सर इत्यादि कृषि निवेश का वितरण किया गया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. एस. के. यादव ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा क्षमता परियोजना चलाई जा रही है। यह परियोजना जिले में रहने वाले थारू समुदाय के किसानों के जीवन स्तर को सुधारने तथा उनकी आय दोगुनी करने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष में भी कृषकों की समस्याएं एवं जरूरत को देखते हुए कृषि निवेश वितरित किए जाएंगे जिससे किसानों को जीवन स्तर में वृद्धि, कृषि में सुधार और उत्थान हो इसके लिए केंद्र के सभी वैज्ञानिक तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरोज सोनकर विधायक बलहा ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि भारत सरकार एवं यूपी सरकार द्वारा संचालित समस्त परियोजनाओं को बहराइच जनपद में आवश्यक रूप पूर्ण किया जाएगा एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया गया । उन्होंने कहा कि जिन किसान भाइयों के ग्रामीण किसान आवास अभी तक आवंटित नहीं हुए हैं कृपया वो अपनी ऑनलाइन प्रक्रिया सुनिश्चित कराते हुए सूची उन्हें उपलब्ध करा दें जिससे कि संबंधित ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी एवं जिलाधिकारी के माध्यम से आवास आवंटन की प्रक्रिया को पूर्ण करा लिया जाए। विशिष्ट अतिथि जे.पी. सिंह ब्लाक प्रमुख नवाबगंज ने बताया कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार के किसानों के उत्थान के लिए निरंतर इसी से संबंधित विभिन्न योजनाओं का ग्राम स्तर पर करवा रही है कृषि में हरी खाद उस सहायक फसल को कहते हैं जिसकी खेती मुख्यतः भूमि में पोषक तत्वों को बढ़ाने तथा उसमें जैविक पदार्थों की पूर्ति करने के उद्देश्य से की जाती है। केंद्र की वैज्ञानिक रेनू आर्य ने बताया कि कुपोषण नियंत्रण हेतु पोषण वाटिका बहुत महत्वपूर्ण है तथा महिलाओं अपने घर के आसपास की खाली पड़ी जगह या छत पर सही तरीके से फल सब्जियों की खेती की जाए तो औसतन पांच लोगों के परिवार के लिए पूरे हफ्ते की सब्जी तैयार हो सकती है । इसी के साथ केंद्र के वैज्ञानिक सुनील कुमार, वैज्ञानिक संदीप कुमार, प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ.एस.बी. आदि ने कृषि संबंधित विभिन्न सुझाव दिए। कार्यक्रम में परियोजना के अंतर्गत मिहींपुरवा विकासखंड में चयनित ग्राम रामपुरवा विसुनापुर एवं फकीरपुरी से धर्मेंद्र कुमार, रामबचन, चंदूलाल सुंदरी देवी,आशा देवी,पल्लवी आदि को कृषि निवेश वितरित किया गया ।

## रेलवे स्टेशन का मुख्य गेट बना टैक्सी स्टैंड




**गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोंडा रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट पर टैक्सी टेम्पो और ई– रिक्शा का हर समय जमवाड़ा लगा रहता है.ट्रेन के आने दस मिनट पहले ही दर्जनों टैक्सी व ई –रिक्शा और टेम्पो चालक गेट को जाम कर देते है.जिससे कि यात्रिओ को निकलने में काफ़ी परेशानी होती है वही लोगो के द्वारा बताया जा रहा है कि जाम कि यह स्थिति रोज होती है. आरपीएफ और जीआरपी की टीम इस और से आँखे मुंदे हुए है ट्रेन पकड़ने आए यात्रियों ने बताया कि कई बार यहां जाम की वजह से लोग स्टेशन तक देर से पहुँचते से है.जिससे ट्रेन तक छूट जाती है.फिर ट्रेन छूटने के बाद काफ़ी परेशानी उठानी पडती है.वही इसकी जानकारी जब आरपीएफ निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि स्टेशन परिसर में सवारी वाहन खडे होने पर रोक है अगर ऐसा है तो उसके विरुद्ध वृहद एक अभियान चलाया जाएगा।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

❑ नो हेल्मेट नो फ्यूल'' रणनीति पर सख्ती से हो अमल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि पिछले दिनों हुई भीषण मार्ग दुर्घटना स्थलों को सुयंक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण कर दुर्घटना के कारणों तथा दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश के लिए सुधारात्मक/सुरक्षात्मक उपायों के सम्बन्ध में विस्तृत आख्या प्रस्तुत करें। बैठक में एन.एच.ए.आई. के जिम्मेदार अधिकारी की अनुपस्थिति का डीएम ने कड़ा संज्ञान लेते हुए सम्बन्धित का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। डीएम ने निर्देश दिया कि हाईवे पर रोड़ के किनारे बेतरतीब खड़े होने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों, ट्रकों, बसों व अन्य वाहनों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाय। डीएम ने बहराइच-लखनऊ मार्ग व बहराइच-लखीमपुर मार्ग पर दुर्घटना बाहूल्य क्षेत्र (ब्लैक स्पॉट्स) के सुधारात्मक/सुरक्षात्मक कार्य अन्तर्गत मानक के अनुसार सुरक्षा संकेतक बोर्ड, हाईमास्ट लाईट व रिफ्लेक्टर बोर्ड लगवाए जाने के भी निर्देश दिये। पुलिस विभाग को निर्देश दिया गया कि गश्त के दौरान हाईवे पर खड़े वाहनों का संज्ञान अवश्य लें। डीएम ने कहा कि कभी कभी रोड पर बने आधे अधूरे रम्बल्स भी दुर्घटना का कारण बन जाते हैं। इसलिए सभी सम्बन्धित विभाग ये सुनिश्चित कर लें मार्गो पर बने रम्बल्स दुर्घटना का कारण न बने। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनपद में ''नो हेल्मेट-नो फ्यूल'' रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जाय। डीएम ने स्पष्ट कहा कि ''नो हेल्मेट-नो फ्यूल'' रणनीति पर अमल न करने वाले पेट्रोल पम्प स्वामियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाय। डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि पेट्रोल पम्प के स्वामियों, प्रबन्धकों एवं पेट्रोलियम पदार्थो की आपूर्ति करने वाली एजेन्सियों के जिम्मेदारान को आगाह कर दें कि रणनीति के अनुपालन में किसी प्रकार शिथिलता अक्षम्य होगी। डीएम ने कहा कि सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु एवं घायलों की संख्या में वृद्धि के प्रति भारत सरकार द्वारा गम्भीर चिंता व्यक्त की गयी है। साथ ही राज्य सुरक्षा परिषद की बैठक में मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए ज़िलों में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये हैं। डीएम मोनिका रानी ने बैठक में मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि बेहतर समन्वय के साथ व्यापक स्तर पर सम्पूर्ण जनपद में जनजागरूकता कार्यक्रम चलाये ताकि आमजन विशेषकर युवा वर्ग स्वयं से यातायात नियमों का पालन करने तथा टू-व्हील बाईक चलाते समय अनिवार्य रूप से हेल्मेट का प्रयोग करें। डीएम ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राथमिक से लेकर उच्च स्तर के शिक्षण संस्थाओं में यातायात नियमों तथा नो हेल्मेट नो फ्यूल रणनीति की जागरूकता हेतु रैली, निबन्ध, भाषण, नाटक व स्लोगन राईटिंग जैसी गतिविधियों को संचालित कराते रहें तथा ऐसे आयोजनों में अभिभावकों को भी सहभागी बनाया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि मार्ग दुर्घटना की सूचना प्राप्त होते ही जिला प्रशासन, पुलिस, परिवहन व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तत्काल हरकत में आकर घटना स्थल पर घायलों की मदद के लिए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि मार्ग दुर्घटना होने पर घटना स्थल पर एम्बुलेन्स की उपलब्धता के साथ-साथ घायलों के भती होने वाले चिकित्सालयों में आवश्यक दवा व इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय। नगर क्षेत्र में जाम की समस्या के समाधान हेतु नगर पालिका परिषद बहराइच को पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थल का चयन करने तथा विद्युत विभाग को सड़कों के नज़दीक स्थापित ट्रांसफार्मर्स को उपयुक्त स्थान पर शिफ्ट कराये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक का संचालन जिला सड़क सुरक्षा समिति के सचिव/अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रदीप कुमार ने किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सीएमओ डॉ संजय कुमार, सम्बन्धित एसडीएम, एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार व प्रवर्तन के ओ.पी. सिंह, डीएचईआईओ बृजेश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## शादी अनुदान योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रमा शंकर गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति एवं सामान्य वर्ग के निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान योजना का पुनः प्रारम्भ कर दी गई है। शासन द्वारा योजना अन्तर्गत जनपद को धनराशि का आवंटन भी किया जा चुका है। श्री गुप्ता ने बताया कि जनपद के गरीब परिवार की बेटियों का विवाह सम्पन्न कराये जाने हेतु जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ब्लाकवार एवं नगर निकायवार लक्ष्यों का आवंटन करते हुए आवेदन प्रक्रिया को तीव्रता के साथ पूर्ण कर पात्र परिवारों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये गये हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति विभागीय वेबसाइट शादीअनुदान डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर आवेदन कर सकते हैं। आनलाइन आवेदन करते समय आवेदक के पास आधार कार्ड एवं आधार कार्ड से लिक मोबाइल नम्बर, जाति व आय प्रमाण–पत्र, बैंक पासबुक व शादी का कार्ड आदि अभिलेख की आवश्यकता होगी। सामान्य वर्ग हेतु जाति प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किया जाना है। शहरी क्षेत्र के लिए आवेदक की वार्षिक आयु रू. 56,460=00 तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए रू. 46,080=00 से अधिक नहीं होनी चाहिए। शादी की तिथि पुत्री की आयु 18 वर्ष व वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। योजना अन्तर्गत एक परिवार की अधिकतम 02 पुत्रियों को अनुदान अनुमन्य होगा।

## 14 फरवरी को भिलौरा बासू में आयोजित होगा ''सेवा से संतृप्तिकरण'' अभियान

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के ग्रामों को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर 14 फरवरी 2025 विकास खण्ड फखरपुर की ग्राम पंचायत भिलौरा बासू में शिविर आयोजित होगा। डीएम ने बताया शिविर में भारत सरकार के उच्च अधिकारीगण/टीम के भ्रमण कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। डीएम ने बताया कि शिविर के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, राजस्व, कृषि, पशुपालन, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, विद्युत, जल निगम, समाज कल्याण, अल्पसंख्यक, शिक्षा, जल निगम, मत्स्य, बैंक, आईसीडीएस, दिव्यांगजन, पिछड़ा वर्ग, प्रोबेशन, कौशल विकास, आपूर्ति इत्यादि विभागों द्वारा स्टाल लगाकर विभागीय योजनाओं से आमजन को लाभान्वित कर संतृप्तिकरण की कार्यवाही की जायेगी। डीएम ने ग्रामवासियों से आयोजन का भरपूर लाभ उठाये जाने की अपील की है।

## कलश यात्रा के साथ श्री राम कथा शुभारंभ

**जरवल बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सात दिवसीय श्री राम कथा का शुभारंभ आज दोपहर भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। जरवल क़स्बा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत परसा के हनुमान मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा लखनऊ बहराइच हाईवे होते हुए धनराजपुर व बाबा कुटी होते हुए घाघरा घाट के पावन तट सरयू पहुंची जहाँ पर सभी भक्तों ने विधिवत पूजन अर्चन करके कलश में जल भर कर हनुमान मंदिर परसा पहुंचे। कलश यात्रा के दौरान सैकड़ो की संख्या में शामिल लोग श्री राम के जयकारे, व भक्ति मे लीन दिखे कलश यात्रा में तमाम महिलाएं बच्चे व पुरुष मौजूद रहे। आयोजित सात दिवसीय श्री राम कथा का वर्णन पूजा पंडित निरंकार जी महाराज द्वारा किया जाएगा यजमान अवधेश वर्मा ने बताया कि प्रतिदिन 7:00 बजे से कथा का शुभारंभ होगा और मध्य रात्रि 12:00 बजे तक कथा चलती रहेगी उन्होंने लोगों से अपील किया कि आप सभी इस पावन सात दिवसीय राम कथा में पधार कर कथा श्रवण कर जीवन को आनंद मय बनाये, इस अवसर पर मंदिर के महंत पुजारी महादेव प्रसाद वर्मा दानी बाबा, सूरज चौधरी, सतेंद्र वर्मा, राजेश शर्मा, बेचन वर्मा, सहित तमाम भक्त गण मौजूद रहे।

## भीम आर्मी मुखिया चंद्रशेखर ने संत रविदास मंदिर में टेका मत्था, संतों से लिया आशीर्वाद

**वाराणसी।** संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर बुधवार को भीम आर्मी मुखिया नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने संत की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर में हाजिरी लगाई। गुरु मंदिर की चौखट और गुरु प्रतिमा के समक्ष सांसद चंद्रशेखर ने मत्था टेकने के बाद 'बेगमपुरा राज' के सपने को साकार करने का संकल्प भी दोहराया। गुरु दरबार में दर्शन पूजन के बाद चंद्रशेखर ने सच्चाखंड बल्ला धाम के गद्दीनशीन वयोवृद्ध संत निरंजन दास का आशीर्वाद लिया। मंदिर में दर्शन करने के बाद पैदल भ्रमण कर चंद्रशेखर ने रैदासी भक्तों से बातचीत भी की। चंद्रशेखर को लेकर युवा रविदासियों में उत्साह दिखा। सांसद चंद्रशेखर ने गुरु मंदिर में हाजिरी लगाने के बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी खुशी जताई। उन्होंने लिखा कि आज बनारस में जगतगुरु, सतगुरु रविदास महाराज जी के प्रकाश पर्व पर उनकी जन्मस्थली पहुंचकर उन्हें नमन किया। सतगुरु रविदास महाराज जी के 'बेगमपुरा राज' के सपने को साकार करने का संकल्प भी दोहराया। उन्होंने जयंती पर लिखा कि ऊंच–नीच, अमीर–गरीब और जातपात के भेद से परे बेगमपुरा राज की संकल्पना करने वाले परम ज्ञानी, संत शिरोमणि जगतगुरु सतगुरु रविदास महाराज के प्रकाश पर्व पर आप सभी को हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं। बेगमपुरा – ऐसा चाहूँ राज मैं, जहाँ मिलै सबन को अन्न। छोट बड़ो सब सम बसै, रैदास रहें प्रसन्न। गुरु की जयंती में भाग लेने के लिए चंद्रशेखर मंगलवार शाम को ही शहर में पहुंच गए थे। उन्होंने वाराणसी प्रवास में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ को लेकर तंज कसते हुए कहा कि किलोमीटरों तक लोग जाम में फंसे। प्रदेश के मुख्यमंत्री कितने बड़े वादे कर रहे थे और धरातल पर क्या निकला।

# टॉमसन कॉलेज के चौराहे पर ट्रांसफार्मर में लगी आग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के टॉमसन इंटर कॉलेज चौराहे पर दोपहर लग भग दो बजे एक विद्युत ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई।ट्रांसफार्मर से निकलती धुआं और आग की लपटों ने इलाके में दहशत फैला दी।स्थिति को और भी गंभीर बना दिया फास्ट फूड दुकानदारों द्वारा ट्रांसफार्मर के नीचे रखे गए सूखे फलों और अन्य सामान ने जिसने आग को और भड़का दिया।आग इतनी भीषण थी कि ट्रांसफार्मर का पूरा ढांचा जलकर नष्ट हो गया।स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जिससे आसपास के लोग भी स्थिति से अवगत हो गए। फायर ब्रिगेड की टीम को सूचित किया गया,जिन्होंने स्था नीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया।हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन ट्रांसफार्मर के ज लने से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है।प्रशासन मामले की जांच कर रहा है कि आग लगने का कारण तक नीकी खराबी थी या कोई अन्य संदिग्ध कारण।वही यह घटना दुकानदारों की लापरवाही को भी उजागर करती है जिन्हों ने विद्युत उपकरण के नीचे ज्वलनशील सामग्री रखी थी।

# पुलिस मुठभेड़ में25 हजार का इनामी बदमाश समेत दो गिरफ्तार

एजेंसी

मुरादाबाद। थाना कटघर क्षेत्र में मंगलवार की बीती रात रामगंगा नदी पुल स्थित अटल घाट के पास थाना पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान दो बदमाश सौरभ शर्मा और रचित शर्मा पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। घायलों को पुलिस गिरफ्तार कर जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उनका उपचार जारी है। सौरभ शर्मा पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। दोनों पर विभिन्न थानों में छह-छह मुकदमें दर्ज हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बुधवार को बताया कि मंगलवार देर रात मुगलपुरा थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी कुलदीप तोमर पुलिस टीम के साथ गस्त पर थे। इसी दौरान बिना नम्बर की बाइक से आरोपित दो युवक आते हुए दिखाई दिये, जिन्हें पुलिस ने रोकने का इशारा किया। मगर वह नहीं रुके। उन्होंने अपनी बाइक तेजी से दौड़ा दी। मुगलपुरा थाना प्रभारी कुलदीप तोमर ने पीछा किया। वह पीछा करते हुए रामगंगा पुल तक पहुंच गए। जानकारी पर कटघर इंस्पेक्टर संजय कुमार भी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की।



इस पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक युवक गोली लगने से घायल हो गया। घायल आरोपितों की पहचान थाना मुगलपुरा क्षेत्र निवासी सौरभ शर्मा और थाना कटघर क्षेत्र निवासी रचित शर्मा के रूप में हुई है। आरोपित बदमाश रचित शर्मा और सौरभ शर्मा ने एक दिन पूर्व सोमवार रात में मामुली विवाद के चलते थाना मुगलपुरा क्षेत्र में सराफा व्यवसायी विशाल रस्तोगी के ऊपर फायरिंग की थी। सराफा व्यापारी बाल-बाल बच गए थे। एसएसपी ने बताया कि सौरभ पर 25 हजार रुपये का इनाम है। इनके पास से बिना नंबर की एक बाइक, दो तमंचे और खोखा कारतूस बरामद हुए हैं।

# वर्तमान सरकार की नीतियों के कारण आम जनता त्रस्त, पीडीए की पंचायत में बोले राजू

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर। समाजवादी पार्टी पूरनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नवदिया धनेश में संत रविदास जयंती के अवसर पर पीडीए पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक पंचायत का आयोजन किया गया कार्यक्रम मे पहुंचे सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संत रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की इस पंचायत में मुख्य अतिथि के तौर पर जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने शिरकत कर क्षेत्रवासियों से संवाद किया उन्होंने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि मौजूदा सरकार नौजवानों और किसानों के विरोध में काम कर रही है प्रदेश की भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है। नौजवान बेरोजगारी से जूझ रहे हैं।लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही। किसानों की समस्याओं को उठाते हुए उन्होंने कहा कि खाद और बीज के लिए किसान दर-दर भटक रहे हैं। सरकारी तंत्र में अधिकारी बेलगाम हो गए हैं।और जनता की समस्याओं को अनसुना कर रहे हैं।पूर्व विधायक अरशद खा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर पीडीए को मजबूत करें और ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों को पार्टी से जोड़ें। पूर्व शिक्षक ओम शर्मा ने कहा कि ''समाजवादी पार्टी ही एकमात्र ऐसा विकल्प है जो जनता की समस्याओं का समाधान कर सकती है।समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' ने कहा कि ''वर्तमान सरकार की नीतियों के कारण आम जनता त्रस्त है।पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव ओम प्रकाश यादव ने कहा कि ''विकास कार्य पूरी तरह ठप हैं। गरीबों, किसानों और मजदूरों के हितों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों के लिए तैयारी शुरू करने का आग्रह किया।कार्यक्रम में समाजवादी महिला सभा की प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश परिहार जी ने आधी आबादी की समस्याओ को उठाया एवं उनके लिए सभी से एकजुट होने को कहा समाजवादी छात्र सभा के पूर्व प्रदेश सचिव नोमान अली वारसी ने पीडीए मुहिम को आगे बढ़ाने का संकल्प लेने को कहा कार्यक्रम मे मुख्य रूप से पूर्व विधानसभा क्षेत्र अमनदीप सिंह संधु,यूथ ब्रिगेड के संजय खान,नाबीर अली मंसूरी,मीता सिंह आदि ने अपने विचार रखे इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन करते हुए कहा मौजूदा जनसंख्या को देखते हुए साफ जाहिर हुआ कि जनता मौजूदा हालात से असंतुष्ट है और बदलाव की अपेक्षा रखती है इस दौरान प्रमुख रूप से ओम शंकर मौर्य, हरगोविंद मौर्य ,जयपाल सिंह,महेंद्र कुमार शर्मा, रामकिशोर, रामचंद्र मौर्य, हरि ओम।राजा राम,बेचे लाल,पाती राम,वालक राम,धुर्व यादव,आदि उपस्तिथ रहे।

# कीमती सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं का अवैध कब्जे का प्रयास जारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। तहसील बल्दीराय के ग्रामसभाओं में सुरक्षित जमींनों पर भूमाफियाओं की नजरें गड़ गयी है। तेज तर्रार उपजिलाधिकारी के सख्ती के बाद भी कार्यवाई से बेखौफ दबंगों का सरकारी जमीनों पर कब्जा का प्रयास जारी है। उपजिलाधिकारी आईएएस गामिनी सिंगला के पीरोसरैया ग्रामसभा में तालाबी नम्बर किये गए ग्रामप्रधान आदि द्वारा कब्जे के कार्यवाई के बाद भी प्रधान व दबंगों द्वारा गाटा संख्या 345 आबादी की जमीन पर, मिट्टी गिराकर वेशकीमती कई लाख कीमत की जमीन पर कब्जे का प्रयास जारी है। सोसल मीडिया पर खबर चलने के बाद प्रशासनिक अमला हरकत में आया और एसडीएम द्वारा संज्ञान लेने के बाद कार्य रुका। 'जारी हैं अवध खनन क्षेत्र में'तहँसील क्षेत्र में यदि सरकारी जमीन कब्जाने के प्रयास अथवा मिट्टी बेचने का कार्य चल रहा है तो प्रथमदृष्टया राजस्व निरीक्षक/लेखपाल की जिम्मेदारी बनती है कि अवैध खनन कहां और किस व्यक्ति द्वारा करवाया जा रहा है। तालाबों तथा सरकारी जमीनों से अवैधखुदाई से सरकारी सम्पत्ति की हानि हो रही है। प्रशासन का भय हो तो दंबगों के होंगे हौसले पस्त

**शासन, प्रशासन के खौफ से बेखौफ भूमाफ़िया तहसील प्रशासन पर भारी**

उपजिलाधिकारी बल्दीराय की छवि एक ईमानदार व तेजतर्रार अधिकारी के रूप में आम जनमानस में है। इनके कार्यकाल में अवैधकब्जे ,जैसे भ्रष्टाचार में कमी आयी है। कर्मचारियों की कार्यप्रणाली में सुधार हुआ है । किंतु कुछेक पुराने ल्लमंझेल्ल भ्रष्टकर्मियों के शह से क्षेत्र में दबंगों के मनोबल बढ़े हुए हैं। जिसका खामियाजा है कि शासन के मंशा को दबंग निरन्तर धराशायी करने से बाज नही आ रहे हैं।

# प्रा.शि.मि.संघ की मासिक बैठक संपन्न



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। प्राथमिक शिक्षा मित्र संगठन सुलतानपुर की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष वृजेश पाण्डेय के नेतृत्व में सपन्न हुई। जनपद सुलतानपुर के विभिन्न विकासखण्डों के ब्लॉक अध्यक्ष व जिला पदाधिकारी द्वारा शिक्षामित्र समस्याओं के विभिन्न मुद्दों पर परिचर्चा पश्चात निर्णय लिया गया कि सभी ब्लॉक अध्यक्ष अपने-अपने विकास-खण्ड के सक्रिय शिक्षामित्र पदाधिकारियों की कार्यकारिणी गठित कर जिले पर उपलब्ध कराये, साथ ही शिक्षामित्र मासिक उपस्थिति बिल समय से जिले पर भिजवाए। संगठन विस्तार के क्रम में रिक्त विकासखण्डों :दोस्तपुर व मोतिगरपुर में बृजेश पाण्डेय, भदैयां में पवन कुमार, अखण्डनगर में प्रमोद कुमार दुबे, कुड़वार में राम प्रसाद मिश्र सहित जिला पदाधिकारी को संगठन विस्तार की जिम्मेदारी दी गई। नगर शिक्षामित्र के रुके मानदेय बहाली की जानकारी प्रांजलि श्रीवास्तव द्वारा दी गई।

इस मौके पर बैठक में बृजेश पाण्डेय, शैलेंद्र सिंह, राजदेव यादव, प्रमोद कुमार दूबे, संतराम पाल,प्रांजलि श्रीवास्तव, नीरज कुमारी, राजीव कुमार, पवन कुमार, अवधेश पाण्डेय, रामप्रसाद मिश्र, करूणा शंकर मिश्र, उदय प्रताप पाण्डेय आदि पदाधिकारी व शिक्षा मित्र उपस्थित रहे।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी,थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा एक अदद देशी तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को उप निरीक्षक मुकेश कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर राजेन्द्र कुमार पुत्र स्वर्गीय मिठाई लाल निवासी वार्ड संख्या दो कस्बा व थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब इकतालीस वर्ष को ग्राम दादरा रोड रेलवे क्रासिंग के पास से समय करीब सवा दो बजे रात्रि गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक अदद देशी तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है।इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# मझोला-खटीमा मार्ग निर्माण शुरू करवाने पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का युवा व्यापार मंडल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने किया अभिनन्दन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।युवा व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के नि. प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर मझोला - खटीमा राजमार्ग के पुनरुद्धार कार्य को शुरू करवाने और उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करने एवं दिल्ली विधानसभा के चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक विजय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर शाल ओढ़ाकर उनका अभिनन्दन किया। इसके अतिरिक उनके साथ गए सीमांत क्षेत्र के गणमान्य नागरिको के शिष्टमंडल ने हरिमन्दिर साहिब की प्रतिकृति मुख्यमंत्री धामी को भेंट कर उनको सम्मानित किया। श्री अग्रवाल के साथ गए खटीमा की दाह ढाकी ग्राम के वरिष्ठ कृषक करनैल सिंह, रणधीर सिंह, बलविंदर सिंह एवं तलविंदर सिंह ने प्रति वर्ष उनके ग्राम में नदी द्वारा किये जा रहे भू कटान की समस्या के हल हेतु मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया और उसके समाधान हेतु आग्रह किया जिस पर मुख्यमंत्री श्री धामी ने



तत्काल मौके पर उपस्थित जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर नितिन सिंह भदौरिया को इस समस्या के ठोस निस्तारण हेतु निर्देशित किया। मझोला के पूर्व चेयरमैन अजय गोयल और खटीमा के वरिष्ठ भाजपा नेता सचिन अग्रवाल ने श्री धामी को पुष्प गुच्छ भेंट कर उत्तराखंड निकाय चुनावों में भाजपा को मिली प्रचंड विजय पर बधाई दी। युवा व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल में मुख्यमंत्री से उत्तराखंड मझोला ग्राम में तालाब के भूमि से हटाए गए ग्रामीणों के पुनर्वास हेतु आवंटित भूखंडों में विवाद होने के कारण उनको अन्यत्र भूखण्ड दिए जाने हेतु आग्रह किया जिससे ये सभी गरीब परिवार अपना आशियाना बना सकें। इसके अतिरिक्त बिजटी से सितारगंज मार्ग को

**मझोला- सितारगंज मार्ग के बिजटी से सितारगंज भाग के फोर लेन निर्माण हेतु किया आग्रह**

फोर लेन बनाने और मझोला से बिरहेनी तक बन रहे फोर लेन मार्ग से जोड़ने हेतु आग्रह किया जिससे पूरे क्षेत्र को इसका पूरा लाभ मिल सके। चूंकि इस मार्ग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा औद्योगिक हब बनाया जा रहा है अतः इस पर बड़ी संख्या में लोगों और वाहनों का आवागमन रहेगा और यह मार्ग इस औद्योगिक हब को दिल्ली से जोड़ेगा। अतः इस पूरे मार्ग का फोर लेन निर्माण अति आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने इस पर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। शिष्टमंडल में युवा व्यापार मंडल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल, मझोला के पूर्व चेयरमैन अजय गोयल, संतोष अग्रवाल, सचिन अग्रवाल,आर्यान्श अग्रवाल,दाह ढाकी के कृषक करनैल सिंह, रणधीर सिंह, बलविंदर सिंह, तलविंदर सिंह आदि सम्मिलित थे।

## पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ दो युवकों को जेल भेजा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

तिलोई अमेठी,थाना इन्हौना पुलिस ने यूसुफ नगर नहर पुलिया के पास से एक अवैध तमंचा व पांच जिन्दा कारतूस के साथ बाइक सवार दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना इन्हौना पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को उप निरीक्षक सलाउददीन अंसारी मय हमराह सत्येन्द्र सिंह शेरूम अंसारी द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल सवार अजय कुमार पुत्र हरिशचन्द्र निवासी ग्राम पूरे सरबजीत सिंह मजरे सिंहपुर थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब बीस वर्ष व आकिब पुत्र मोहम्मद अतीक निवासी ग्राम युसुफनगर थाना इन्हौना जनपद अमेठी उम्र करीब बीस वर्ष को युसुफनगर नहर पुलिया के पास से समय करीब पौने बारह बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में आकिब के कब्जे से एक अवैध तमंचा व दो जिन्दा कारतूस एवं अजय कुमार के कब्जे से तीन जिन्दा कारतूस बारह बोर हुआ है। पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल यूपी 33 सीए 4399 के कागज मांगने पर दिखा नही सके जिसे एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया गया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# एसडीएम ने यातायात जाम की स्थिति को कराया सामान्य

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सुलतानपुर। अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं को बुधवार को भीषण जाम का सामना करना पड़ा। प्रयागराज महाकुंभ से अयोध्या की ओर जा रहे दर्शनार्थी रूट डायवर्जन के कारण कूरेभार मोड़ और पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के टोल प्लाजा पर फंस गए। जिलाधिकारी हर्ष कुमार के निर्देश पर एसडीएम बल्दीराय गामिनी सिंगला ने तत्काल कार्रवाई करते हुए श्रद्धालुओं की सहायता के लिए कदम उठाए। इस कार्य मे निर्मल सिंह, प्रधान प्रतिनिधि अखंड प्रताप सिंह उर्फ गब्बर के प्रयासों से निजी विद्यालयों में श्रद्धालुओं के रुकने और भोजन की व्यवस्था की गई। कूरेभार मोड़ पर भी सोमवार से भंडारे की व्यवस्था शुरू की गई है। उपजिलाधिकारी



गामिनी सिंगला ने स्थिति का जायजा लेते हुए बीटीसी कॉलेज में श्रद्धालुओं की सुविधाओं का निरीक्षण किया। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए तहसीलदार अरविंद तिवारी, नायब तहसीलदार गुलाब सिंह, थाना प्रभारी हलियापुर प्रदीप कुमार सिंह और पुलिस बल को तैनात किया गया। प्रशासन की मेहनत से देर शाम तक यातायात सामान्य हो गया और जाम की स्थिति में सुधार आया। इस अवसर पर जिलाधिकारी के निर्देश पर डीपीआरओ अभिषेक शुक्ला के कुशल नेतृत्व में पंचायत विभाग की ओर से निर्देशित कवपंचायत बल्दीराय दयावंत सिंह को समस्त सफाई कर्मियों के साथ भंडारे में और साफ सफाई की व्यवस्था को देखने के लिए सैकड़ो सफाई कर्मी लगाए गए हैं।

## जिलाधिकारी ने कम स्टांप लगाए गए विभिन्न गाटों का किया निरीक्षण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बीसलपुर क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम मंडरा सुमन के गाटा संख्या 07 को मीनाक्षी रस्तोगी, गाम ग्यासपुर के गाटा संख्या 132 को जीनत व शाहिदा, ग्राम पतरसिया के गाटा संख्या 292 को पिंकी अनुज कुमार एवं गोबल पतिपुरा के गाटा संख्या 346/6 निकिता वर्मा द्वारा खरीदा गया, मौके पर स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गाटों की मैप लेआउट के माध्यम से जानकारी ली। उक्त भूमि में स्टाम्प कम धनराशि लगायें गये हैं। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी बीसलपुर को निर्देश दिये उक्त गाटों की पैमाइश कराकर वसूली कराना सुनिश्चित की जाये। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी के. के.सिंह, तहसीलदार, लेखपाल सहित अन्य उपस्थित रहे हैं।

## बुर्जग की पिटाई पुलिस से शिकायत मुकदमा दर्ज

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव पिपरा मुजप्ता के रहने वाले विनीत सिंह रावत ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया था। कि उसके ताऊ छोटे लाल के खेत में जयराखन और परमानन्द ने आवारा पशुओं को भगाकर कर दिया था। विरोध करने पर उक्त लोगों ने बुर्जग के सर पर धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया था। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया बुजुर्ग के साथ मारपीट मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## गुरु रविदास जयंती पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरे जनपद में बड़े ही धूमधाम से रविदास जयंती मनाई गई।नगर में स्थित गांधी पार्क के पास में महान संत एवं दर्शनशास्त्री गुरु रविदास की जयंती पर बीएस फाउंडेशन बृद सेवा समिति के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान भंडारे में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। नगर में इसके अलावा कई जगह पर गुरु रविदास की जयंती पर भंडारे का आयोजन किया गया है।

## भाजपा नेत्री के ज्ञापन का केंद्रीय मंत्री ने लिया संज्ञान, लिखा रेल मंत्री को पत्र

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष प्रियंका मिश्रा ने पीलीभीत के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को अंडरपास बनाने के लिए एक ज्ञापन दो फरवरी को दिया था। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने भाजपा नेत्री के ज्ञापन के संज्ञान लेते हुए अंडरपास बनाने के लिए रेल मंत्री को पत्र लिखा है।

## सुलतानपुर से चोरी की गई बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना कमरौली पुलिस ने बनभरिया मार्ग पर स्थित पानी की टंकी के पास से चोरी की एक अदद मोटर साइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना कमरौली के उप निरीक्षक रवीन्द्र प्रताप सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर जुगेश्र्वर पुत्र सोनाधार निवासी ग्राम बाधा पारा थाना बाग बहारा जिला महासमुन्द राज्य छत्तीसगढ़ उम्र करीब उन्नीस वर्ष को बनभरिया रोड पानी टंकी के पास से समय करीब पौने बारह बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा नही सका। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछताछ में युवक ने बताया कि उसने इस मोटरसाइकिल यूपी 44 एबी 3239 को सुलतानपुर से चुराया था। इस सम्बंध में थाना कमरौली के थानाध्यक्ष अमिनेष कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# एसडीएम ने किया दाता करीम शाह धूनी मेले का निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बल्दीराय/सुल्तानपुर। हिंदु-मुस्लिम एकता का प्रतीक दाता करीम शाह धूनी मेले का सोमवार को एसडीएम गामिनी सिंगला ने निरीक्षण किया। उन्होंने मेले में सुरक्षा, स्वच्छता और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम ने हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की और दरगाह पर माथा टेककर आशीर्वाद लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मेला आयोजकों को निर्देश दिया कि मेले में दुकानदारों, दर्शकों और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस पर मेला आयोजकों ने आश्वासन दिया कि वे सुरक्षा, स्वच्छता और अन्य सुविधाओं का पूरा ध्यान रखेंगे। मेला आयोजकों ने एसडीएम गामिनी



सिंगला को साल भेंट कर सम्मानित किया। आयोजकों ने बताया कि यह

**हनुमान मंदिर में पूजा और दरगाह पर माथा टेका**

मेला सुल्तानपुर जिले के सबसे बड़े मेलों में से एक है, जो लगभग एक महीने तक चलता है। यह मेला हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल पेश करता है, जहां दाता करीम शाह की दरगाह, ऐलादी साहब की मजार, बजरंगबली मंदिर और शिवलिंग एक साथ स्थित हैं। इस मौके पर मेला मालिक राकेश कुमार जोशी, विष्णु कुमार जोशी, राजेंद्र प्रसाद जोशी, शिवम जोशी, आचार्य सूर्यभान पांडेय, राजधर शुक्ल समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## परिषदीय विद्यालय में मनाई गई रविदास जयंती

पीलीभीत।प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में संत रविदास की जयंती मनाई गई।विद्यालय के प्रधानाध्यापक,शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों द्वारा संत रविदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनका स्मरण किया गया। प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने बच्चों को संत रविदास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से अवगत कराते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने की सीख दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि हम सभी को धर्म और जाति के भेदभाव से ऊपर उठकर सभी को एक समान मानना चाहिए।साथ ही संत रविदास की भांति मन की शुद्धता पर बल देना चाहिए और अपने कर्म को सबसे ऊपर रखना चाहिए। उन्होंने बच्चों को जीवन में सद्गुणों को अपनाने और निरंतर आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर संत रविदास के जीवन पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें मीनाक्षी वर्मा,राजन, कृष्णा,ऋषभ,झलक वर्मा और अतुल कुमार विजयी रहे। सभी विजेताओं को विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## यूएसएआईडी का दुरुपयोग

मानवता की आड़ में वामपंथी पारिस्थितिकी तंत्र, जिसमें डीप स्टेट ताकतें और यूएसएआईडी का हिस्सा शामिल है, स्वार्थी कारणों और दुनिया को अपने हिसाब से चलाने की इच्छा के लिए कई देशों की राजनीतिक प्रणालियों और संस्कृतियों को नष्ट कर रहा है।शाहीनबाग, किसान आंदोलन, बांग्लादेश हिंदू नरसंहार, कश्मीर नरसंहार, मुंबई आतंकवादी हमला, नक्सलवाद और आतंकवाद की गतिविधियाँ, शहरी नक्सलियों के भारत विरोधी आख्यान जैसे कई भारत विरोधी प्रदर्शन, सभी वामपंथी पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा वित्तपोषण की ओर इशारा करते हैं, जिनमें से एक यूएसएआईडी है।डोनाल्ड ट्रम्प और एलोन मस्क ने मानवता के लिए जोखिम देखा और यूएसएआईडी को बंद कर दिया।विदेशी सहायता रोकने और इसके वितरण के प्रभारी प्रमुख एजेंसी को बंद करने के ट्रम्प प्रशासन के हालिया कदमों ने संघीय खर्च में विवाद के अपेक्षाकृत मामूली लेकिन लंबे समय से चले आ रहे स्रोत पर ध्यान केंद्रित किया है। इन कदमों ने दुनियाभर के मानवीय संगठनों और सरकारों के बीच अस्पष्टता पैदा कर दी है कि कौन-से कार्यक्रम जारी रह सकते हैं और कौन-से नहीं। स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और जल जैसी अनेक मानवीय सहायता जारी रखी जानी चाहिए और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प निःस्संदेह मानवता-विरोधी वामपंथी समूहों को हटाने के बाद ये सहायता शुरू करेंगे। भारत तथा अन्य विकासशील और अविकसित देशों में मानवता विरोधी कार्रवाइयों के लिए मानवता विरोधियों के वित्तपोषण का किस प्रकार दोहन किया जा रहा है? कुछ उदाहरण- यूएसएआईडी, जिसपर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना हो रही है, उसे अमेरिका के सभी अंतरराष्ट्रीय व्यय का आधे से अधिक फंड प्राप्त होता है। खतरे के संकेतों के बावजूद, यूएसएआईडी ने पाकिस्तान स्थित फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन को वित्तपोषित किया, जो हाफिज सईद के लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा है। इस तथ्य के बावजूद कि अमेरिकी सरकार ने एफआईएफ और एलईटी पर प्रतिबंध लगा दिया है, उन्हें यूएसएआईडी से वित्त पोषण प्राप्त हुआ।फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन और एलईटी मुंबई में 26/11 के हमलों के लिए जिम्मेदार थे, जिसमें 166 लोग मारे गए थे। पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा बेरहमी से मारे गए 166 व्यक्तियों में छह अमेरिकी भी थे। एफआईएफ को यूएसएआईडी का पैसा हेल्पिंग हैंड फॉर रिलीफ एंड डवलपमेंट के माध्यम से भेजा गया था, जो मिशिगन में स्थापित एक मुस्लिम गैर-लाभकारी संस्था है, जिसका दक्षिण एशिया में सक्रिय आतंकवादी समूहों से संबंध है। ट्रम्प ने यूएसएआईडी पर नकेल कसते हुए इसे ''डीपस्टेट'' करार दिया है। एक्स पर एक पोस्ट में, ट्रम्प से जुड़े एक अकाउंट ने दावा किया कि ''जॉर्ज सोरोस ने यूएसएआईडी से रु260,000,000.00 प्राप्त किए और इस पैसे का इस्तेमाल श्रीलंका, बांग्लादेश, यूक्रेन, सीरिया, ईरान, पाकिस्तान, भारत, यूके और अमेरिका में अराजकता फैलाने, सरकार बदलने और व्यक्तिगत लाभ के लिए किया।'' उनकी टिप्पणी अमेरिकी विदेशी सहायता की बढ़ती जांच में शामिल है, खासकर तब से जब ट्रम्प प्रशासन ने यूएसएआईडी के बजट को फ्रीज कर दिया है। डॉज के सीईओ एलन मस्क ने ट्रम्प की सरकार का समर्थन किया है, जो वामपंथ यूएसएआईडी की वित्तीय सहायता पर जोर देते हैं, जिसे वे ''विवादास्पद'' उपक्रम बताते हैं। मस्क की भागीदारी और समर्थन ने शासन परिवर्तन और राजनीतिक प्रभाव के लिए विदेशी सहायता के उपयोग के बारे में रिपब्लिकन की चिंताओंको बढ़ा दिया है। मस्क ने एक्स स्पेसेस की बातचीत में कहा कि उन्होंने ट्रम्प के साथ ''यूएसएआईडी के बारे में बात की'' और ''[राष्ट्रपति] सहमत हुए कि हमें इसे बंद कर देना चाहिए'', ट्रम्प द्वारा यूएसएआईडी के बारे में संवाददाताओं से कहने के बाद, ''इसे कट्टरपंथी पागलों के एक समूह द्वारा चलाया जा रहा है, और हम उन्हें बाहर निकाल रहे हैं, और फिर हम [इसके भविष्य के बारे में] कोई निर्णय लेंगे। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि यूएसएआईडी द्वारा वित्तपोषित एनजीओ ने सरकार की अग्निवीर परियोजना का विरोध किया, जाति जनगणना को बढ़ावा दिया और देश में नक्सलवाद का समर्थन किया।

# रिश्तों में अश्लीलता घोलता सोशल मीडिया

**साल 2021 में रणवीर इलाहाबादिया ने महिलाओं के कपड़ों पर सेक्सिएस्ट कमेंट किया था, जिसकी वजह से उस समय भी सोशल मीडिया पर बवाल खड़ा हो गया था। इस दौरान उन्हें लोगों ने बुरी तरह से ट्रोल किया था। उन्होंने एक ट्वीट करते हुए लिखा था कि कुर्ती पहनने वाली महिलाएं, पुरुषों को घुटने टेकने पर मजबूर कर देती हैं। रणवीर की इस पोस्ट के कारण उन्हें महिलाओं का भारी विरोध झेलना पड़ा। बावजूद इसके वे नारी अस्मिता एवं अस्तित्व को कुचलने की कोशिशों में लगातार संलग्न रहे हैं। जो व्यक्ति सनातन धर्म और आध्यात्मिकता की बात करता है और बड़ी हस्तियों को अपने शो में बुलाता है, वह ऐसी विकृत मानसिकता कैसे रख सकता है? शर्म जब बिकाऊ हो जाती है तब शर्म नहीं रहती, व्यापार हो जाती है। अभी तराजू के एक पलड़े में रुपया है और दूसरे पलड़े में नैतिकता, लज्जा, शालीनता, मूल्य और संस्कृति है। देह से जो पवित्र अभिव्यक्ति होती है, वह गायब है। देह को केवल चर्म मान लिया जाता है और चर्म का प्रदर्शन चर्म तक पहुंच गया है। बड़ी?बडी़ कम्पनियां इन सोशल मीडिया प्लेटफार्म के सहारे अपना अश्लील उत्पाद बेच रही हैं और यूट्यूब जैसे कार्यक्रमों को प्रायोजित कर रही हैं। उनके लिए सब कुछ रुपया है।**

इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने माता-पिता की गरिमा को आहत करने वाली अश्लील, अपमानजनक एवं विवादास्पद टिप्पणी करते हुए भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति को धुंधलाने का घिनौना एवं अक्षम्य अपराध किया है। भले ही इस टिप्पणी के लिए माफी मांगी गयी हो, लेकिन रणवीर ने हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब रियलिटी शो इंडियाज गाट लैटेंट में एक प्रतियोगी से उसके माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर सवाल करते हुए यह आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसको लेकर विवाद भड़क गया, लोगों के गहरा आक्रोश है। सामाजिककर्मियों के साथ-साथ विभिन्न दलों के राजनेता ने इसकी तीव्र आलोचना करते हुए पॉडकास्ट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस मामले पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यूट्यूब को नोटिस जारी किया है। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी सक्रिय हुआ है। इस शो में माता-पिता, महिलाओं और उनके शरीर के बारे में अभद्र एवं अश्लील टिप्पणियां की गई थीं। इसलिये रियलिटी कामेडी शो के निर्माताओं, जजों और प्रतिभागियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा और अश्लील सामग्री के इस्तेमाल को लेकर मुंबई पुलिस के साथ?साथ देश में अन्य स्थानों पर शिकायत दर्ज कराई गयी है। सोशल मीडिया से लेकर हर जगह रणवीर की थू थू हो रही है। हर कोई उनके खिलाफ आवाज उठा रहा है और जेल भेजने की मांग कर रहा है। तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फालोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फालोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था। पिछले दिनों उन्होंने डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के साथ मिलकर कई कैबिनेट मंत्रियों का साक्षात्कार लिया था। इसके अलावा साल 2022 में उनका नाम फोर्ब्स अंडर 30 एशिया लिस्ट में भी आया था। 22 साल की उम्र में रणवीर ने अपना पहला यूट्यूब चैनल शुरू किया था, आज वह सात चैनलों को चला रहे हैं। पाकिस्तान से भारत आये रणवीर इलाहाबादिया का पूरा नाम रणवीर सिंह अरोड़ा है। लेकिन लोग उन्हें रणवीर इलाहाबादिया के नाम से जानते हैं। माता?पिता पर विवादित कमेंट करने से पहले रणवीर इलाहाबादिया कई बार सोशल मीडिया पर बवाल मचा चुके हैं। उनका विवादों से पुराना नाता रहा है। उनके विवादास्पद बयानों की वजह से उन्हें एक बार जिम से भी बैन किया गया था। इतना ही नहीं, वो लड़कियों के कपड़ों पर भी विवादित कमेंट करने की वजह से हेडलाइन्स बटोर चुके हैं। लेकिन ऐसे विकृत सोच रखने वाले लोगों को ऐसे बड़े सम्मान मिलना भी अनेक प्रश्नों को खड़ा करता है। क्योंकि यह अभिव्यक्ति की आजादी का बेहूदा, आपत्तिजनक एवं अमर्यादित उपयोग है, यह रचनात्मकता नहीं है, यह विकृति है और ऐसे विकृत व्यवहार को सामान्य नहीं माना जा सकता। विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण तो यह स्थित भिी है जिसमें इस खराब टिप्पणी को जिस तरह आम लोगों की जोरदार तालियां मिलीं। प्रश्न है कि आखिर हम कैसा समाज बना रहे हैं? क्यों हम अपनी संस्कृति एवं संस्कारों को घूमिल कर रहे हैं।

सकारात्मक प्रभाव भी सामने आते जा रहे हैं। जो कि भारतीय समाज, संस्कृति और परिवार परम्परा पर सीधे आघात कर रहे हैं। भारत विरोधी तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में भौतिक वासना, नग्नता, अश्लीलता की विकृति फैलाने का काम भी हो रहा है। इससे समाज के भीतर कुंठित वासना एवं बीमार मानसिकता को जन्म दिया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए सरकार से लेकर प्रशासन और समाज को साथ आकर कड़े कदम उठाने होंगे। एक ओर जहां सोशल मीडिया पर अनचाहे अश्लील दृश्यों की भरमार हो रही है। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया प्लेटफार्म से होने वाली कमाई एक बड़ी वजह निकल कर सामने आ रही है। सोशल मीडिया पर किसी भी सामान्य व्यक्ति के द्वारा अपना अकाउंट बनाकर ऐसा भी कंटेट अपलोड किया जा सकता है जिसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी प्रकार की




कोई रोट टोक एवं पाबंदी नहीं है। इस प्रकार के सोशल मीडिया अकाउंट बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं। समाज में पैसे का लोभ दिखाकर अश्लील शार्ट फिल्म और वेब सीरीज का गौरखधंधा धडल्ले से चल रहा है। मोबाइल एप्स और ओटीटी वेब पोर्टल पर अश्लील एवं संस्कृति विरोधी कंटेंट निर्बाध रूप से होना सरकार की बड़ी नाकामी है। यही कारण है कि ऐसे सभी प्रकार के मोबाइल एप्स और वेब पोर्टल पर भी सरकारी नियंत्रण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। तकनीक के माध्यम से भारतीय युवा एवं किशोर पीढ़ी को अपने जीवन के प्रारंभ के समय से ही कामवासना के जाल में फंसाकर उनके जीवन को गौण बनाने एवं धुंधलाने के प्रयास किये जा रहे हैं। युवा शक्ति राष्ट्र की प्रेरक शक्ति है। नैतिक मूल्यों के बिना ज्ञान न केवल बेकार हैं, बल्कि समाज के लिए भी खतरनाक हैं। यही कारण है कि हमारी युवापीढ़ी बड़ी दुविधा में हैय उन्हें भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें दिग्भ्रमित किया जाता है, जिससे वर्तमान भारतीय समाज न केवल प्रभावित होता है, बल्कि यह भावी पीढ़ी के भविष्य पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। ऐसे अनेक प्रकार के अश्लील कंटेंट देखे जा सकते हैं जिसमें अश्लीलता के माध्यम से भारतीय परिवार व्यवस्था को नष्ट करने का काम भी षडयंत्रपूर्वक किया जा रहा है। जिसकी चर्चा समाज के भीतर प्रबुद्ध लोगों को करने की आवश्यकता है ताकि समय पर जागरूकता के साथ समाज और परिवार को गर्त में जाने से रोका जा सकता है।

दरअसल, साल 2021 में रणवीर इलाहाबादिया ने महिलाओं के कपड़ों पर सेक्सिएस्ट कमेंट किया था, जिसकी वजह से उस समय भी सोशल मीडिया पर बवाल खड़ा हो गया था। इस दौरान उन्हें लोगों ने बुरी तरह से ट्रोल किया था। उन्होंने एक ट्वीट करते हुए लिखा था कि कुर्ती पहनने वाली महिलाएं, पुरुषों को घुटने टेकने पर मजबूर कर देती हैं। रणवीर की इस पोस्ट के कारण उन्हें महिलाओं का भारी विरोध झेलना पड़ा। बावजूद इसके वे नारी अस्मिता एवं अस्तित्व को कुचलने की कोशिशों में लगातार संलग्न रहे हैं। जो व्यक्ति सनातन धर्म और आध्यात्मिकता की बात करता है और बड़ी हस्तियों को अपने शो में बुलाता है, वह ऐसी विकृत मानसिकता कैसे रख सकता है? शर्म जब बिकाऊ हो जाती है तब शर्म नहीं रहती, व्यापार हो जाती है। अभी तराजू के एक पलड़े में रुपया है और दूसरे पलड़े में नैतिकता, लज्जा, शालीनता, मूल्य और संस्कृति है। देह से जो पवित्र अभिव्यक्ति होती है, वह गायब है। देह को केवल चर्म मान लिया जाता है और चर्म का प्रदर्शन चर्म तक पहुंच गया है। बड़ी?बडी़ कम्पनियां इन सोशल मीडिया प्लेटफार्म के सहारे अपना अश्लील उत्पाद बेच रही हैं और यूट्यूब जैसे कार्यक्रमों को प्रायोजित कर रही हैं। उनके लिए सब कुछ रुपया है। जीवन मूल्यों एवं संस्कृति से कोई लेना?देना नहीं है। बहुत विस्फोटक स्थित हिो गई है। अगर ऐसे विकृत मानसिकता के लोगों की विकृति प्रसार की घटनाओं को नजरअंदाज किया गया तो अगली पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। भारतीय संस्कृति को बचाने और लोगों को अच्छी चीजों के लिए प्रेरित करने के लिये सोशल मीडिया सशक्त माध्यम बन सकता है, लेकिन ऐसे रणवीर इलाहाबादिया से सोशल मीडिया को मुक्त करके ही यह संभव है। सोशल मीडिया को नैतिक, मर्यादित एवं शालीन बनाने की जरूरत है। नैतिक मूल्यों का ह्ृास होना नये भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत की एक बड़ी बाधा है। क्योंकि अधिकांश युवा पीढ़ी धीरे?धीरे नैतिक मूल्यों की अवहेलना कर रही हैं। यही कारण आप अपने माता-पिता के बारे में किस तरह की बातें शेयर कर रहे हैं? क्या ये कॉमेडी है? ये बिल्कुल भी कॉमेडी नहीं है। ये स्टैंडअप कॉमेडी नहीं हो सकती। लोगों को गाली देना सिखाना, अश्लीलता परोसना, नारी की अस्मिता को कुचलना एवं माता-पिता की छवि को धुंधलाना ऐसी विकृतियां हैं जो देश को संस्कृति विहीन बनाती है, कमजोर करती है।

ललित गर्ग

# हमेशा जीवन बोलना चाहिए, मार्क्स नहीं

**प्रियंका सौरभ**

परीक्षा पर चर्चा 2018 से एक वार्षिक कार्यक्रम रहा है। इस कार्यक्रम में भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरे देश के अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों से बातचीत करते हैं। वे प्रवेश और बोर्ड परीक्षाओं को सहज और आसान तरीके से कैसे हल किया जाए, इस पर सलाह देते हैं। इस कार्यक्रम के प्रतिभागियों को एक प्रतियोगिता के माध्यम से चुना जाता है। इस कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलने के अलावा प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रधानमंत्री से आमने-सामने बात करने का भी अवसर मिलता है। परीक्षा पर चर्चा का उद्घाटन संस्करण 16 फरवरी, 2018 को हुआ था। 29 जनवरी, 2024 को होने वाले 7वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, ''पर्याप्त नींद लें और रील देखने में समय बर्बाद न करें।'' 2025 में आयोजित होने वाले आठवें पीपीसी में इस साल परीक्षा से सम्बंधित तनाव कम करने पर विशेष जोर दिया गया था। परीक्षा पर चर्चा 2025 कार्यक्रम में सद्गुरु (आध्यात्मिक नेता), दीपिका पादुकोण (अभिनेत्री), विक्रांत मैसी (अभिनेता), मैरी कॉम (ओलंपिक चैंपियन, बॉक्सर) और अवनी लेखरा (पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता) जैसे प्रसिद्ध व्यक्ति शामिल हुए। इन प्रतिष्ठित अतिथियों ने तनाव प्रबंधन, उद्देश्यों को पूरा करने और प्रेरणा बनाए रखने पर अपने अनुभव और व्यावहारिक विचार साझा किए। 10 फरवरी, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा 2025 के आठवें संस्करण के दौरान छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत की। यह वार्षिक आयोजन छात्रों को परीक्षा की चिंता, करियर प्लानिंग और व्यक्तिगत विकास जैसे मुद्दों पर बात करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस वर्ष के आयोजन के लिए 330 करोड़ से अधिक छात्रों, 2071 लाख शिक्षकों और 551 लाख अभिभावकों ने पंजीकरण कराया है, जो देश के युवाओं पर इस पहल के निरंतर प्रभाव को दर्शाता है। पीएम मोदी के अनुसार, कक्षा 10 और 12 में 40-50% छात्र असफल होते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि यह उनका अंतिम उद्देश्य है। शैक्षणिक और व्यक्तिगत सफलता और असफलता के बीच अंतर को पहचानना महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने क्रिकेट खिलाड़ियों का उदाहरण दिया, जो दिन के अंत में अपनी गलतियों पर विचार करते हैं और उनमें सुधार करते हैं; छात्रों को भी ऐसा ही करना चाहिए। उनके अनुसार, आपका जीवन वही है जो आपके अंक बताते हैं, न कि आप। पीएम ने छात्रों को दबाव को नज़रअंदाज़ करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एक बल्लेबाज की तरह जो स्टेडियम के शोर और नारों को नजरअंदाज कर गेंद पर ध्यान केंद्रित करता है, छात्रों को भी तनाव के बजाय अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन बच्चों का क्या होता है जो स्कूल में फ़ेल हो जाते हैं? देखिए, असफलता जीवन के अंत का संकेत नहीं है। आप जीवन में सफल होना चाहते हैं या किताबों के माध्यम से, यह आप पर निर्भर करता है। अपनी सभी असफलताओं को शिक्षण के अवसर में बदलना जीवन में सफलता प्राप्त करने की एक रणनीति है। अपनी गलतियों को अपने शिक्षण के क्षण बनाएँ। जीवन केवल परीक्षा नहीं है। इसे समग्र रूप से देखा जाना चाहिए। हमें कुछ खासियतें देने के अलावा भगवान ने हमारी कुछ खामियाँ भी रखी हैं। खूबियों पर ध्यान दें। आपसे यह नहीं पूछा जाएगा कि आपको 10वीं और 12वीं कक्षा में कितने ग्रेड मिले। यह जीवन होना चाहिए, न कि अंक। रटने की शिक्षा के विपरीत, प्रधानमंत्री मोदी ने समग्र शिक्षा और रचनात्मक शिक्षा के महत्त्व पर जोर दिया। छात्रों से सॉफ्ट स्किल सीखने और पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेने का आग्रह किया गया। प्रधानमंत्री ने छात्रों को सलाह दी कि परीक्षाओं को सीखने के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि बोझ के रूप में। उन्होंने सलाह दी कि छात्रों को ग्रेड से ज़्यादा ज्ञान को प्राथमिकता देनी चाहिए। अच्छा व्यवहार, अनुशासन और अभ्यास-अधिकारों के लिए शोर मचाना नहीं-नेतृत्व की पहचान हैं। सफल शिक्षा के लिए स्वस्थ भोजन और पर्याप्त नींद के महत्त्व पर बल दिया। छात्रों से मानसिक स्वास्थ्य के लिए बाहर समय बिताने और शारीरिक गतिविधि के स्तर को बढ़ाने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने छात्रों को सलाह दी कि वे परीक्षाओं से डरने के बजाय इसे एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने के अवसर के रूप में देखें। उन्होंने दावा किया कि परिवार और सामाजिक वातावरण कभी-कभी छात्रों पर दबाव डाल सकते हैं, जो अवांछनीय है। परिवार के सदस्यों या रिश्तेदारों का यह दबाव कि बोर्ड परीक्षाएँ बहुत जरूरी हैं, छात्रों को अत्यधिक चिंतित और तनावग्रस्त बना देता है। आपका जीवन एक परीक्षा के साथ समाप्त नहीं होता है। यह सिर्फ एक मील का पत्थर है जिसे आपको हासिल करना है।

### सेहत मंत्र

## झड़ते और सफ़ेद बालों को तुरंत रोकती है जटामांसी औषधी

मौजूदा समय में हर तीसरा आदमी झड़ते और टूटते बालों से परेशान है। आजकल बाल झड़ने के साथ साथ बालों का सफ़ेद होना भी एक बड़ी समस्या बन रही है। वैसे बाल झड़ने के कई बड़े कारण हैं। खराब खानपान, अनियमित लाइफस्टाइल और कैमिकल का प्रयोग बालों के पतन का सबसे बड़ा कारण है। अगर आपका यही लाइफस्टाइल रहेगा तो बालों की रिग्रोथ हो पाना बहुत मुश्किल है। जबकि यदि आप एक व्यवस्थित लाइफस्टाइल अपनाते हैं और औषधियों का प्रयोग करते हैं तो आपका अच्छे बालों का सपना पूरा हो सकता है। हालांकि मेडिकल साइंस अब इतना विकसित कर गया है कि गंजे सिर में भी स्टेम शेल थेरेपी से बाल उगाए जा रहे हैं। बालों का प्रत्यारोपण भी किया जा रहा है, लेकिन यह उपाय काफी महंगे हैं और यह सब जगह आसानी से उपलब्ध भी नहीं है। यदि आप अंदर से सेहतमंद हैं और बालों की उचित देखभाल कर रहे हैं तो हेयर रिग्रोथ निश्चित रुप से होगी। आज हम आपको अच्छे और सुंदर बालों के लिए कुछ टिप्स बता रहे हैं। जटामांसी- इस जड़ी-बूटी का इस्तेमाल आयुर्वेद में हेयर ग्रोथ के दवा के रुप में किया जाता है। इसे आप कैप्सूल की तरह खा भी सकते हैं और इसे सीधे बालों की जड़ में लगा भी सकते हैं। जटामांसी की जड़ें इसका मुख्य औषधीय हिस्सा है। जटामांसी के पत्ते भी हर्बल और पारंपरिक चिकित्सा में उपयोग किए जाते हैं। दुर्गन्ध, शामक, रोगाणुरोधी और सूजन को कम करने वाले गुणों की वजह से इसको आवश्यक तेल के रूप में प्रयोग किया जाता है। जटामांसी औषधीय जड़ी- बूटी का इस्तेमाल तीक्ष्ण गंध वाला परफ्यूम और दवा बनाने के लिए भी किया जाता है। अगर आप चाहें तो इसे घर पर भी उगा सकते हैं। अरंडी का तेल- पहली बार इसे आजमाने वाले अरंडी के तेल में नारियल तेल, जैतून का तेल या फिर कोई ऐसा तेल मिला लें जो आसानी से अरंडी के तेल में मिल जाए। अरंडी का तेल थोड़ी मोटा और गाढ़ा होता है और इसे पतला बनाने के लिए अन्य तेलों को मिलाना जरुरी होता है। जब तेल तैयार हो जाए तो इससे बालों की जड़ों की मालिश करें।

### धर्म मंत्र

## शुक्रवार के दिन करें मां लक्ष्मी को प्रसन्न, घर में आएगी धन और समृद्धि

आज शुक्रवार है और आज के दिन लक्ष्मी मां के स्वरूपों की पूजा की जाती है। मान्यता है कि अगर माता लक्ष्मी प्रसन्न हो जाएं तो व्यक्ति को धन-धान्य की कमी नहीं रहती है। अगर आप माता लक्ष्मी को प्रसन्न कर लेते हैं तो धन और समृद्धि के सभी रास्ते खुल जाते हैं। अगर घर में लगातार महालक्ष्मी शंख की पूजा की जाए तो लक्ष्मी जी प्रसन्न हो जाती हैं। इससे धन और समृद्धि के रास्ते खुल जाते हैं। अगर आप पीली कौड़ियों को घर में रखते हैं तो मां लक्ष्मी प्रसन्न हो जाते हैं और धन की वृद्धि होती है। शुक्रवार के दिन मां लक्ष्मी मंदिर जाकर उन्हें कमल का फूल अर्पित करने से भी लक्ष्मी जी प्रसन्न हो जाती हैं। लक्ष्मी माता को केसर भात या फिर पीले और सफ़ेद रंग की मिठाई भी अर्पित की जाती है। इससे लक्ष्मी जी प्रसन्न हो जाती हैं। लक्ष्मी जी को श्रीफल बेहद पसंद है। मां लक्ष्मी को श्रीफल अर्पित करना बेहद शुभ होता है। साथ ही माता को खीर, हलुआ, ईख (गन्ना), सिघाड़ा, मखाना, बताशे, अनार, पान और आम्रबेल का भोग भी लगाया जाता है। इससे मां बेहद प्रसन्न हो जाती हैं। घर में धन व समृद्धि लाने के लिए केले के पेड़ की पूजा की जाती है। ऐसा नियमित रूप से करने पर मां लक्ष्मी की कृपा भक्तों पर बनी रहती है। अगर लगातार तुलसी माता और शालिग्राम की पूजा विधि-विधान के साथ की जाए तो मां लक्ष्मी अत्यंत प्रसन्न हो जाती हैं। घर की दहलीज पर रंगोली बनाने से भी मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है।

### पर्यटन



## दुनिया के बेहतरीन 52 पर्यटन स्थलों में दूसरे नंबर पर है कर्नाटक का हम्पी

कल्पना कीजिए कि आप एक ऐसे संग्रहालय में सुबह-सुबह प्रवेश करें, जो चारों ओर से न सिर्फ खुला हो, बल्कि सोलहवीं शताब्दी का एक प्रसिद्ध शहर हो! ज्यों-ज्यों दिन खुले तो पतली और काली चमकदार सड़क के दोनों ओर लगे छोटे-छोटे साइन-बोर्ड आपको उन नामों की नगरी में ले जाएं, जो भारतीय इतिहास के स्तंभ माने जाते हैं! जहां बढ़ता हुआ हर अगला कदम आपको यहां की सभ्यता-परंपरा से खुद-ब-खुद वाकिफ करा दे। यह कल्पना हकीकत में तब्दील हो सकती है, यदि आप हम्पी घूमने आएं। दरअसल, हम्पी आपको उस समृद्धतम काल में ले जाता है, जो इतिहास की पुस्तकों में स्वर्णाक्षरों में दर्ज हो चुका है। यह वही शहर है, जहां कभी राजा कृष्णदेव राय और उनके अति-बुद्धिमान सलाहकार तेनालीराम रहते थे। हम्पी का इतिहास सम्राट अशोक के समय से मिलता है। मध्यकाल तक यह कई राजवंशों की राजधानी रही, लेकिन हम्पी की वास्तविक प्रसिद्धि और समृद्धि विजयनगर साम्राज्य से जुड़ी है, जिसने तुलुववंशीय राजा कृष्णदेव राय के काल में अतुलनीय ऊंचाई हासिल की। इतिहास में विजयनगर साम्राज्य अपने व्यापार और उच्चस्तरीय प्रशासन के लिए जाना जाता है, जब भवन निर्माण, मूर्तिकला और संगीत के क्षेत्र में काफी तरक्की हुई थी। इसकी बानगी आप यहां पसरी तरह-तरह की संरचनाओं में देख सकते हैं। स्तंभों पर बने ऊंचे-ऊंचे घोड़े इस बात के प्रमाण हैं। हालांकि तब की कुछ संरचानाएं अब खंडहर में तब्दील हो गई हैं, लेकिन साबुत बचे हुए भवनों, मंदिरों, सरायों और बाजारों से इस साम्राज्य की भव्यता और उनके कारीगरों के कौशल का पता चलता है। यहां पत्थर पर उकेरी गई महीन कलाकृतियों से सुसज्जित सैकडों भवन हैं। इनमें मंदिर, लंबे-लंबे गलियारे, मूर्तियां, बाजार आदि सब इतने आकर्षक हैं कि उनकी निर्मिति को घंटों निहारा जा सकता है। बिट्ठल मंदिर में ही रथ के पीछे उस परिसर की एक महत्वपूर्ण संरचना है महामंडपम! इसका प्रयोग राजसी नृत्य और संगीत के कार्यक्रमों के लिए किया जाता था। शिल्प की इतनी महीन कारीगरी यहां देखने को मिलती हैं कि एक-एक मूर्ति को देखने में ही काफी समय लग जाए।

# धूमधाम से मनाई गई संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयन्ती शोभायात्रा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**असीम अरुण हुए सम्मिलित, पूनिया ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन**

बाराबंकी । संत शिरोमणि गुरू रविदास जी की जयन्ती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नगर में शोभायात्रा निकली। यात्रा में प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरुण भी सम्मिलित हुए। वर्ष प्रति वर्ष अधिकाधिक लोकप्रिय होता बाराबंकी जनपद का यह कार्यक्रम इस वर्ष भव्य स्वरूप में धूमधाम से श्रृद्धा व भक्ति भाव से मनाया गया।

शोभायात्रा की अगुवाई वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश चन्द्र कुरील ने की, शोभायात्रा मोहल्ला कानून गोयान निकट मुड़कटी देवी मन्दिर से प्रारम्भ हुई शोभायात्रा में ढोल-नंगाडे और आधुनिक वाद्ययन्त्रो की सरगम पर भक्तजन ढोल-मंजीरो की थाप पर भजन करते एवं नृत्य करते आगें बढ़ रहे थे आगे-आगे माताएँ-बहने आरती और लोक गायन कर रही थीं बाल व तरूण कलाकारो ने शोभायात्रा में झांकियो के माध्यम से संत रविदास के जीवन प्रसंगो एवं शिक्षाओं को समाज के सामने प्रस्तुत किया। संत शिरोमणि के जीवन पर आधारित मनोहारी झांकियो को देखने के लिए नगर के प्रमुख मार्गों पर हजारो की संख्या में भक्तजन उपस्थित थे। नगर के प्रमुख मार्ग पुष्प की पंखुड़ियो से पटे हुए थे सिक्ख समाज, जैन समुदाय, बौद्ध समाज व अन्य धार्मिक संगठनो के अनुयायियो ने प्रसाद वितरण कर संत रविदास जी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की।उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण भी इस शोभायात्रा में शामिल हुऐ शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई मोहल्ला पैसार (सिद्धार्थनगर) में सभा के रूप में परिवर्तित हो गयी।

असीम अरूण ने गुरू रविदास जी की सर्व कालिक शिक्षाओ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमे गुरू की रचनाओं एवं समाज के प्रति उनके योगदान को अपनी वर्तमान और आने वाली पीढ़ियो को अध्यन कराना चाहिए और समाज में इसका प्रसार-प्रचार करना चाहिए उन्होंने कहा कि सरकार संत शिरोमणि से जुड़े स्थानो को विकसित करने का कार्य निरन्तर कर रही है ! कार्यक्रम आयोजक रमेश चन्द्र कुरील ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, सिक्ख समाज, जैन समाज एवं समस्त व्यापारी बन्धुओ के स्वागत एवं सेवा कार्यो का अभिनन्दन करते हुए आभार प्रकट किया। सहयोगी के रूप में प्रमुख रूप से अजय सिंह गुरुजी, स. भूपेन्द्र सिंह, हरपीत सिंह, हरपाल सिंह, डॉ.अरविन्द, रमन द्विवेदी, सुरेन्द्र शुक्ला, अक्षय वर्मा, सत्यनाम खालसा जयवीर,





ओम प्रकास निगम, अवतार सिंह, महावीर प्रसाद अग्रवाल, तीरथ सिंह, डॉ0 राम कुमारी मौर्या, अरिवन्द मौर्या, विष्णु प्रभाकर वर्मा, प्रभात वर्मा, सूरज सिंह, डॉ0 विवेक वर्मा, मनीष परिहार,.मनोज कुरील, पवन कुरील, रक्षक कुरील, अमरीश कुरील, धीरज कुरील, मथुरा प्रसाद, शत्रोहन लाल, अजय सिंह गुरू, रामदेव, राधे श्याम, गोविन्द कुमार छोटू कृष्णा प्रिंटिग प्रेस, अशोक नेता नेवली, प्रमोद तिवारी, राकेश पटेल, बृजेश वैश्य, अभिषेक नीरज गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, मनीष गौतम,अभिषेक शरण गुप्ता, परमेश्वर गौतम, राजेन्द्र कुरील, राम प्रकाश कुरील, प्यारेलाल, अमित चौधर चौधरी लखनऊ आदि उपस्थित रहें। इसी क्रम मे ओबरी स्थित आवास पर पूर्व सांसद डीआर पीएल पुनिया व सांसद तनुज पुनिया कंाग्रेस अध्यक्ष की उपस्थिति में संत श्री का की जयंती धूमधाम से मनाई गई। पूर्व सांसद डा.पी.एल पुनिया ने संन्त शिरोमणि रविदास जी को नमन करते हुये कहा कि, आप के समय में छुआछूत, जातिवाद व्यवस्था चरम पर थी, और आप एक ऐसे समाज की कल्पना करते थे। सन्त रविदास ने एक समाज सुधारक की दृष्टि से जहां एक तरफ अपनी परख वाणियों से जनमानस को जीवन सत्य का संदेश दिया वहीं दूसरी ओर मानव मात्र में उदार भाव जाग्रत कर देशकाल और परिस्थित के अनुकूल वर्ण व्यवस्था से ऊपर उठकर मानव उत्थान हेतु सामाजिक वातावरण को सन्तुलित बनाने की बात कही। कंाग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने सन्त रविदास जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सन्त शिरोमणि रविदास जी की जयन्ती के अवसर पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से सांसद तनुज पुनिया, पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया, कंाग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, विजय पाल गौतम, सरजू शर्मा, वींरेन्द्र प्रताप यादव, सैय्यद सुहेल अहमद, अजीत वर्मा, इरफान कुरैशी, के0सी0 श्रीवास्तव, कमल भल्ला, राम हरख रावत, अजय रावत, अभय गौतम, आनन्द गौतम, आर0डी0 राव, अवनीश चौधरी, कौशल किशोर वर्मा, राधेश्याम वर्मा, श्रीकान्त मिश्रा सहित दर्जनों की संख्या में कंाग्रेसजन थे ।

## एएसपी नारायण ने लिया फाल्गुनी मेला तैयारी का जायजा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रामनगर बाराबंकी। अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण सिंह ने आगामी लोधेश्वर महादेवा कांवरिया मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर में जलाभिषेक व दर्शन-पूजन करने के बाद थाना प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी व ग्राम प्रधान के साथ मेला परिसर बैरिकेडिंग और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।उन्होंने सरोवर की सफाई और जलभराव सुरक्षित आवागमन स्वच्छता बैरिकेडिंग की मजबूती और पुलिस बल की ठहरने की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान महादेव चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेले में किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो और श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो।



## जमीन पर अवैध कब्जा एवं निर्माण के विरोध में धरना शुरू

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**पीड़ित को मिला शिवसेना का साथ**

बाराबंकी। शिवसेना उद्धव बाला साहब ठाकरे के जिला सचिव बलबीर वर्मा के पुत्रों के नाम अंकित भूमि पर दबंगों द्वारा कब्जा कर पक्का निर्माण करने के विरोध में पीड़ित परिजनों ने अंततः आज गन्ना दफ्तर परिसर में शिवसेना के बैनर तले अनिश्चित कालीन धरना प्रारंभ कर दिया है।

इस संबंध में शिवसेना यूबीटी जिला सचिव बलबीर वर्मा ने बताया कि उनके पुत्रों पवन उर्फ आकाश,आदित्य उर्फ शिवा के नाम राम नगर तहसील अंतर्गत ग्राम रामपुर खरगी में गाटा संख्या 530//0.519 हेक्टेयर भूमि है उनकी व पुत्रों की गैरमौजूदगी में गांव के निवासी लालजी, भद्दू,तिलक पुत्रगण राम लाल ने कब्जा करके पक्का निर्माण कार्य करा रहे है पुलिस को सूचित करने तथा उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की गई विरोध करने पर विपक्षी गण मारपीट और गाली गलौज फसाद पर उतर आते है

इस मौके पर श्री वर्मा के समर्थन में धरना स्थल पर पहुंचे शिवसेना यूबीटी के प्रदेश महासचिव एवं मीडिया प्रभारी मनोज विद्रोही ने कहा कि बलबीर वर्मा के परिजनों को विपक्षी गण पूर्व से ही पीड़ित करते चले आ रहे हैं श्री वर्मा को न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा प्रशासन प्रकरण को गंभीरता से विपक्षियों पर कार्यवाही करे

इस मौके पर पार्टी प्रवक्ता कौशल शुक्ला,मीडिया प्रभारी एस एन मिश्र,व्यापार सेना जिला सचिव राहुल गुप्ता,अर्जुन वर्मा, पवन, आदित्य,रमेश,अशोक कुमार आदि ने उपस्थित होकर जोरदार नारेबाजी की।

### गुमशुदा विवाहिता तक नहीं पहुंची पुलिस

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामनगर के ग्राम बड़नपुर लकड़मंडी निवासी राजेश कुमार पुत्र सियाराम की पत्नी सुमन 22 वर्ष 25 अक्टूबर 2024 को लापता हो गई थी जो कि मंदबुद्धि थी।काफी खोजबीन के बाद पति राजेश द्वारा थाने में 27 अक्टूबर को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।राजेश का विवाह गोंडा जिले की भभुआ पुलिस चौकी क्षेत्र के बुडरिया गांव के निवासी बहराइची की पुत्री के साथ 2 वर्ष पूर्व हुई थी जिसका अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है।

### ग्रामीण कलाकारों का केवट संवाद भावपूर्ण मंचन

सिरौली गौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राम का इशारा पाते ही अपनी मुद्रिका उतार कर दे दी। केवट ने लेने से इनकार कर दिया। और राम से अयोध्या चौदह वर्ष बाद वापस लौट के आने पर जो आप देंगे स्वीकार कर लूंगा का वचन लिया । क्षेत्र के खजुरिया गांव में चल रहे धनुष यज्ञ मेले ग्रामीण कलाकारों द्वारा आयोजित केवट प्रसंग का भावपूर्ण सजीव मंचन किया गया। सुमंत को अयोध्या वापस भेजने के बाद भगवान श्री राम गंगा के किनारे पहुंच जाते हैं। और केवट से पार करने का आग्रह करते हैं । केवट बगैर पैर धोए उस पार करने को मन करता है। दोनों के बीच संवाद होने के बाद भगवान श्री राम मान जाते हैं । और पैर धुला लेते हैं। गंगा पार होने के बाद बनवासी बेश में नदी की उतराई देने को इनके पास कुछ नहीं था। सीता की ओर देखते हैं । माता जी मुद्रिका उतार कर श्री राम के हाथ में थमा देती हैं । केवट लेने से इनकार करता है। और वापसी में इसी रास्ते से जाने की बात कहता है। और वादा करता है। हमने आपको गंगा के पार किया है। आप मुझे पूरे परिवार व गांव के साथ भव सागर के पार कर देना। भावपूर्ण मंचन देखकर श्रोता मंत्र मुक्त हो गए। जय श्री राम के जयकारों से पूरा पांडाल गुंजायमान हो गया ।

### मुफलिसी में युवक ने की आत्महत्या

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव निवासी रामलखन रावत का 30 वर्षीय पुत्र बीती रात्रि खाना खाने के बाद अपने कमरे मे सोने चला गया। उसकी पत्नी रूबी अपने 2 वर्षीय पुत्र प्रिंस के साथ अपने मायके ग्राम मसौली मे एक वैवाहिक कार्यक्रम मे गयी थी रात्रि मे सुशील उर्फ़ लल्लन ने छत के हुक से साडी से फंदा लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। बुधवार की सुबह करीब 9 बजे तक कमरे से न निकलने पर परिजनों ने देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है तथा आवाज देने पर भी न बोलने पर पुलिस को सूचना दी गयी मौक़ेपर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक यसकांत सिंह, उपनिरीक्षक राहुल शर्मा, शिवकुमार ने मौक़ेपर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा तो सुशील उर्फ़ लल्लन रावत फांसी के फंदे से लटक रहा था। पुलिस ने फ़ारसेसिक टीम के साथ जांच करते हुए पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

( आर्थिक दशा चलते तनाव मे रहता था लल्लन ) मृतक सामूहिक दुराचार के मामले में वांछित था तथा घर की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण बहुत तनाव मे रहता था जिससे काफी परेशान होने के कारण गुमशुम रहता था।

### संदिग्धावस्था में युवक की मौत

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी थाना क्षेत्र के लखनऊ - महमूदाबाद मार्ग पर ग्राम अमरसंडा के निकट झाड़ियों में बुधवार सुबह एक युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की। पुलिस ने मृतक के पास मोबाइल फोन,कुछ रुपये ,शराब की एक बोतल व एक पर्ची मिली? ।मृतक के पास मिली पर्ची से उसकी शिनाख्त शिवम् सिंह पुत्र देवी शरण सिंह 25 वर्ष निवासी टेरा कला थाना देवा के रूप में हुई। पुलिस ने शो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह के मुताबिक दुर्घटना से मौत हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### बाइक की टक्कर से मासूम व बालिका जख्मी

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र में सधवापुर मजरे इब्राहिमाबाद गांव निवासी नौ वर्षीय अभिनव पुत्र रामानंद गांव के पास पैदल जा रहा था। इसी दौरान इब्राहिमाबाद निवासी अमित कुमार अपनी बहन मनीषा को बाइक पर लेकर भिटरिया की ओर जा रहा था। अभिनव को टक्कर मार दी। बाइक सवार किशोरी और बालक दोनों घायल हो गए ।घटना की सूचना मिलते ही 108 इमरजेंसी एम्बुलेंस चालक देशराज और ईएमटी वासुदेव मौके पर पहुंचे। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट ले जाया गया। इलाज कर रहे डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि दोनों घायलों का उपचार किया जा रहा है।

### एक किलो एक सौ पचास ग्राम गांजा के साथ कारोबारी गिरफ्तार

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना संग्रामपुर पुलिस ने थरिया पेट्रोल पम्प के पास से एक किलो एक सौ पचास ग्राम गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत बुधवार को उप निरीक्षक राज कुमार सिंह मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अजय सिंह पुत्र पारसनाथ सिंह निवासी ग्राम पूरे तालुकदार मजरे गोरखापुर थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब पैंतीस वर्ष को ग्राम थरिया पेट्रोल पंप के पास से समय करीब पौने आठ बजे सुबह गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में उक्त युवक के कब्जे से एक किलो एक सौ पचास ग्राम गांजा बरामद हुआ है ।थाना संग्रामपुर पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

## बिना हेलमेट चालकों को आरटीओ अयोध्या ने दिलाया सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा का संकल्प

**चालान नही, जिंदगी बचाने के लिये जरुर पहने हेलमेट- विश्वजीत प्रताप सिंह**

**नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान बदस्तूर**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बाराबंकी। दोपहिया वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं और मौतों की घटनाओं में कमी लाने के दिशा मे परिवहन विभाग ने नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान को गति देना शुरु कर दिया है। आज दिन बुधवार को सम्भागीय परिवहन अधिकारी अयोध्या श्री विश्वजीत प्रताप सिंह एंव सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन श्रीमती अंकिता शुक्ला ने आलापुर स्थित श्रीवास्तव फ्यूल सेंटर, उर्मिला हाइवे सर्विसेज समेत अन्य पेट्रोल पम्पो पर जांच के दौरान ईधन भरवाने आये 15 दो पहिया वाहन के चालान किये। तो वही 55 वर्षीय बुजुर्ग चालक द्वारा हेलमेट लगाकर मिलने पर उनका उत्साहवर्धन भी किया गया। अभियान का नेतृत्व कर रहे आरटीओ अयोध्या श्री सिंह ने ईधन भरवाने आये वाहन चालको को हेलमेट-सीटबेल्ट लगाने के फायदे बताये। तथा बाइक चालको को पीछे बैठने वालों के हेलमेट लगाने के लिये भी जागरुक किया। तो वही पेट्रोल पम्प संचालको को हेलमेट लगाए बगैर पेट्रोल खरीदने के लिए आने वाले लोगों को तेल न देने हेतु निर्देशित किया।

## किशोरी बालिका सम्मेलन मेधावी सम्मानित



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।कम्पोजिट विद्यालय मौलाबाद में बुधवार को पंचायत स्तरीय किशोरी बालिका सम्मेलन का आयोजन हुआ।जिसमें 300 किशोरियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम किशोरियों को विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान राजीव कुमार और वात्सल्य कार्यक्रम प्रबंधक भुआल सिंह तथा प्रेम शेखर ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने जागरूकता नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किए। प्रतिभाशाली प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को विशेष रूप से सम्मानित भी किया गया। सम्मेलन में किशोरियों को शिक्षा का अधिकार, स्वास्थ्य जागरूकता, लैंगिक भेदभाव और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वात्सल्य स्टाफ के सदस्य भुआल सिंह, प्रेम शंकर, आरिफ, प्रियांशी, काजल के साथ-साथ राधा और आशा आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री भी उपस्थित रहीं।

## अंसरा पब्लिक स्कूल खेवली में मनायी गई संत रविदास जयंती



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। संत शिरोमणि रविदास जयंती पर देवा कुर्सी रोड स्थित अंसरा पब्लिक स्कूल खेवली देवा बाराबंकी में रविदास जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्रबन्धक अंगद कुमार कश्यप ने दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

जयन्ती के शुभ अवसर पर अंगद कुमार कश्यप जी ने बच्चों को जयन्ती क़ी हार्दिक बधाई देते हुये बताया कि संत शिरोमणि रविदास जी एक सिद्धि प्राप्त सन्त थे जिनका जन्म 15 वीं शताब्दी में उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में हुआ था। इनके पिता जी का नाम संतोख दास एवं माता कर्मा देवी था। जिन्होंने कर्म ही पूजा है और मन चंगा तो कठौती में गंगा को साबित कर के दिखाया था। इन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन लोगों की भलाई तथा ऊंच नीच छुआ छूत एवम बाह्य आडम्बर को दूर करने का सदैव प्रयास करते रहे। अतः अपने मन को केंद्रित कर विद्या अध्ययन जो छात्र या छात्रा करती है तो निश्चित रूप से सफलता को प्राप्त करती है। अतः हमें सदैव सच्चे मन से ही कोई काम या ईश्वर का भजन करना चाहिए।

इस अवसर पर पतिराज समीरा बानो, सोनिका, गुल्फ़शा, शालिनी यादव, संध्या यादव, काजल कश्यप सहित विद्यालय के बच्चे भी मौजूद रहे।

## आलू किसानों की समस्या, एसोसिएशन की मनमानी भाकियू का प्रदर्शन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**आलू एक किराया दो, नहीं चलेगी मनमानी**

**तथाकथित अग्रणी , किसान नहीं एजेंट**

बाराबंकी। भारतीय किसान यूनियन राजनीतिक आलू एसोसिएशन की मनमानी और सरकार की कार्यशैली से नाराज हैं ।आलू किसानों द्वारा राज्य मुख्यालय लखनऊ में उद्यान विभाग पर आगामी 17 फरवरी को आलू उत्पादकों का शोषण और उत्पीड़न के विरोध में जोरदार प्रदर्शन की तैयारी में है। किसान नेता हरि नाम सिंह इसी सिलसिले में आज बाराबंकी मुख्यालय आए और पत्रकारों से सिर्फ भी रूबरू हुए। उनका कहना है कि कोल्ड स्टोर मालिक मनमाने तरीके से किराया बढ़ा देते है पिछले दिनों उप्र आलू एसोसियेशन द्वारा 20रू. प्रति कुंटल सामान्य आलू पर व सफ़ेद आलू पर 40 रू0 प्रति कुंटल आलू किराया बढ़ाने की आगरा में घोषणा की है। जिसको लेकर पूरे प्रदेश का आलू किसान बढ़ी दरो का विरोध कर रहा है एक प्रदेश एक किराया सरकार अगर नही स्वीकार करेगी तो आलू किसान जिनकी संख्या लगभग 80 लाख से ज्यादा है ।व विरोध में है। बताया किआलू एसोसियेशन द्वारा जो दर बढ़ाने की बात कही गयी है उसमें सरकार की सहमति है या नही ? हम जानना चाहते है कि आज वार्ता की माध्यम से प्रदेश में आलू एसोसियेशन बड़ी है या सरकार बड़ी है ? इन दोनो में किसान का कौन सा स्थान है। कोल्ड स्टोर में आलू रखते समय आलू को उस समय के वजन से किराया लिया जाता है लेकिन निकासी के समय आलू की बोरी का वजन 5 किलो से लेकर 10 किलो तक आलू कम कर दिया जाता है आखिर क्यों किस के आलू की भरपाई कौन करेगा। आलू कट्टी सब जाने पर या बुरी गायब हो जाने पर किसानों को पैसा कोल्ड स्टोर मालिक नहीं देता है कोल्ड स्टोर मालिक को मैनेजर व्यापारी से 60 कट करके किस को आलू रखते समय वजन की निकासी के समय आलू कम कर दिया जाता है। बाकी नेता हरनाम सिंह का कहना है कि बाराबंकी कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन बाराबंकी प्रशासन साथ बैठकर समस्या का नियंत्रण कारण नहीं तो बाराबंकी सहित पूरे उत्तर प्रदेश का किसान कोल्ड स्टोर की मनमानी नहीं चलने देगा। इस मौके पर बाकी जिला अध्यक्ष रामबरन वर्मा समेत तमाम कृषक व भाकियू नेता उपस्थित रहे।

खेल /बिजनेस

# मौली संवाद: खेल करियर और गैर सर्जिकल उपचार पर विशेषज्ञों की चर्चा

एजेंसी




देहरादून। 38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत आयोजित 'मौली संवाद' में खेलों में करियर, उद्योग में उपलब्ध अवसरों और चोटों के गैर-सर्जिकल उपचार पर गहन चर्चा हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेल जगत में नए अवसरों से परिचित कराना और इस क्षेत्र से जुड़ी चुनौतियों को समझाना था। पहले सत्र का विषय ''खेल से आगेः शिक्षा, करियर और अवसर'' था। इस सत्र का संचालन मार्केटिंग प्रो.फ़ेशनल और नेशनल एशियन चैंपियन प्रतीक सोनवाने ने किया। उन्होंने खेलों को सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि एक आर्थिक शक्ति बताया। इस सत्र में स्पोर्ट्स इंडिया के प्रमुख नील शाह, ख्रद्बभ्थ्द्मद्ब की को-फाउंडर और क्द्बथद्वद्ब की सीईओ नम्रता पारेख, कार्यक्रम निदेशक अरुण कार्तिक और ब्रॉडकास्टिंग हेड गौरव गाला शामिल हुए। नील शाह ने खेलों में करियर बनाने के लिए मेहनत और सही ज्ञान को आवश्यक बताया। नम्रता पारेख ने खेल मार्केटिंग को तेजी से बढ़ता क्षेत्र बताते हुए कहा कि अनुभव केवल किताबों से नहीं, बल्कि खुद मेहनत करके मिलता है। अरुण कार्तिक ने अमेरिका और भारत की तुलना करते हुए कहा कि यदि कॉलेज स्तर पर खेलों को बढ़ावा दिया जाए, तो खेल उद्योग में नौकरियों के नए अवसर खुल सकते हैं। वहीं, गौरव गाला ने खेल मीडिया और कंटेंट क्रिएशन के बढ़ते अवसरों पर चर्चा की। विशेषज्ञों से जब खेल उद्योग में सफलता के लिए आवश्यक कौशलों के बारे में पूछा गया, तो नील शाह ने संचार कौशल, अरुण कार्तिक ने नेटवर्किंग, नम्रता पारेख ने उद्यमिता, और गौरव गाला ने आत्मविश्वास को सबसे महत्वपूर्ण बताया। इस मौके पर 38वें राष्ट्रीय खेलों के सीईओ अमित सिन्हा भी मंच पर आए और इस पहल की सराहना की। उन्होंने इसे युवाओं के लिए बेहतरीन मंच बताया, जहां वे खेलों में करियर की संभावनाओं को समझ सकते हैं। दूसरे सत्र ''रिकवर स्ट्रॉन्गरः गैर-सर्जिकल समाधान'' में खेलों के दौरान लगने वाली चोटों और उनके उपचार पर चर्चा हुई। मुख्य वक्ता खेल चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. मनन वोरा थे। सत्र की शुरुआत नित्यांगन इंस्टिट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य प्रदर्शन से हुई। डॉ. वोरा ने बताया कि खेल चोटों के उपचार में आधुनिक गैर-सर्जिकल तकनीकें मददगार साबित हो रही हैं। उन्होंने पुनर्जीवित चिकित्सा, प्रोथेरेपी, स्टेम सेल थेरेपी और प्लेटलेट रिच प्लाज्मा तकनीक जैसी विधियों पर प्रकाश डाला, जिनकी मदद से बिना सर्जरी के भी कई चोटों का इलाज संभव है। उन्होंने सचिन तेंदुलकर का उदाहरण देते हुए समझाया कि टेनिस एल्बो जैसी चोटें बार-बार एक ही तकनीक अपनाने से होती हैं, जिससे शरीर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि सही समय पर उचित इलाज और संतुलित आहार से खिलाड़ी तेजी से रिकवरी कर सकते हैं। इस सत्र में दर्शकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। महाराणा प्रताप स्कूल के एक छात्र ने खेल चोटों के समाधान पर सवाल किया, जिसका डॉ. वोरा ने विस्तार से उत्तर दिया। उन्होंने पहनने योग्य तकनीक और सही प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। 'मौली संवाद' ने खेलों को सिर्फ प्रतिस्पर्धा तक सीमित न रखकर उसे एक संभावित करियर और जीवनशैली के रूप में देखने का अवसर दिया। इस कार्यक्रम ने खेल उद्योग में बढ़ते अवसरों को समझाने के साथ ही, खिलाड़ियों को चोटों से बचाव और बेहतर रिकवरी के उपाय भी बताए। आज खेल केवल शौक नहीं, बल्कि एक सफल करियर का माध्यम भी बन चुके हैं, और 'मौली संवाद' जैसी पहल युवाओं को सही दिशा दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

# राष्ट्रीय खेल: कयाकिंग और कैनोइंग के दूसरे दिन सर्विसेज का दबदबा, उत्तराखंड और ओडिशा ने भी चमक बिखेरी

एजेंसी



देहरादून। 38वें राष्ट्रीय खेलों में मंगलवार को कयाकिंग और कैनोइंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। विभिन्न श्रेणियों में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया, जिसमें सर्विसेज की टीम ने स्वर्ण पदकों की झड़ी लगाते हुए अपना दबदबा कायम रखा। वहीं, उत्तराखंड और ओडिशा की टीमें भी प्रभावशाली प्रदर्शन करने में सफल रहीं। महिला कैनोइंग (ए-2, 500 मीटर) स्पर्धा में सर्विसेज की जोड़ी ने 02:04.233 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। ओडिशा की टीम 02:06.466 सेकंड के साथ रजत पदक जीतने में सफल रही, जबकि उत्तराखंड ने 02:08.149 सेकंड में रेस पूरी कर कांस्य पदक हासिल किया। वहीं, कयाकिंग (ख-2, 500 मीटर) महिला वर्ग में उत्तराखंड की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 01:56.370 सेकंड में फिनिश लाइन पार कर स्वर्ण पदक जीता। मध्य प्रदेश की टीम ने 01:58.037 सेकंड में रेस पूरी कर रजत पदक पर कब्जा किया, जबकि ओडिशा ने 01:59.930 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। पुरुषों की कैनोइंग (ए-2, 500 मीटर) स्पर्धा में सर्विसेज ने 01:47.811 सेकंड में रेस पूरी कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ओडिशा की टीम ने 01:50.461 सेकंड में फिनिश कर रजत पदक जीता, जबकि दिल्ली की टीम ने 01:50.627 सेकंड के मामूली अंतर से पीछे रहकर कांस्य पदक पर कब्जा किया। पुरुषों की कयाकिंग (ख-2, 500 मीटर) स्पर्धा में भी सर्विसेज ने अपना वर्चस्व कायम रखा। टीम ने 01:36.287 सेकंड में रेस पूरी कर स्वर्ण पदक जीता। उत्तराखंड की टीम ने 01:38.284 सेकंड के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि ओडिशा ने 01:38.897 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। कयाकिंग और कैनोइंग स्पर्धाओं के इन रोमांचक मुकाबलों के बाद अब प्रतियोगिता अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। सर्विसेज की टीम अपने शानदार प्रदर्शन को बरकरार रखने के लिए तैयार है, जबकि उत्तराखंड और ओडिशा जैसी टीमें भी कड़ी चुनौती पेश कर रही हैं। खेल प्रेमियों को अब अंतिम दिन के और भी रोमांचक मुकाबलों का बेसब्री से इंतजार रहेगा।

# राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड का जलवा, मुख्यमंत्री धामी ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

एजेंसी



देहरादून। उत्तराखंड के लिए गर्व का क्षण तब आया जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को हरिद्वार स्थित वंदना कटारिया स्पोर्ट्स स्टेडियम में 38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत आयोजित कुश्ती और हॉकी प्रतियोगिता में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा, ''राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी हमारे लिए एक बड़ा अवसर है।'' उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया, जिनकी वजह से उत्तराखंड को इस प्रतिष्ठित आयोजन की जिम्मेदारी मिली। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के सभी आयोजन बेहतरीन ढंग से संपन्न हो रहे हैं, और देशभर से आए खिलाड़ी उत्तराखंड में खेलों के साथ-साथ इसकी संस्कृति और आतिथ्य सत्कार का भी शानदार अनुभव ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान उत्तराखंड की खेल उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड इस बार पदक तालिका में शीर्ष 10 राज्यों में शामिल है, जबकि पिछले 37वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य का स्थान 25वां था। उन्होंने इसे खिलाड़ियों की मेहनत और राज्य सरकार की प्रभावी खेल नीति का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि अब उत्तराखंड सिर्फ ''देवभूमि'' ही नहीं, बल्कि ''खेल भूमि'' के रूप में भी अपनी पहचान बना रहा है। राज्य सरकार खिलाड़ियों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करा रही है, जिससे युवा खेलों को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड में खेल सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। हरिद्वार और देहरादून में कई अत्याधुनिक खेल संरचनाओं का निर्माण किया गया है, जिनमें वेलोड्रोम, स्विमिंग पूल और साइकिलिंग ट्रैक जैसी स्थायी सुविधाएं शामिल हैं। इससे खिलाड़ियों को अपने खेल को निखारने में मदद मिलेगी। युवाओं को नशे से दूर रखने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, ''जब बच्चे खाली होते हैं, तो उनके गलत संगति में पड़ने की संभावना अधिक होती है। लेकिन खेल एक ऐसा माध्यम है, जो उन्हें सकारात्मक दिशा में ले जाता है।'' उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ''ड्रग्स-फ्री उत्तराखंड'' बनाने के लिए खेलों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दे रही है। मुख्यमंत्री धामी ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और आश्वासन दिया ।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार हैः–

### दिनांक 13.02.2025 (वीरवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट जं. | 01:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04271 | प्रयाग जं. | 14:45 | जौनपुर जं. | 18:30 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ | 02:00 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, औंड़िहार जं., मऊ जं., बेलथरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार एवं चौरी चौरा स्टेशन |
| 05101 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंरिड़हार जं., गाजीपुर सिटी, यूसुफपुर, चित बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख जं., दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे जं., हथुआ, सीवान जं., मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, इंदारा जं. मऊ जंक्शन, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार जंक्शन, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जंक्शन, बनारस, माधोसिंह और ज्ञानपुर स्टेशन |
| 05102 | झूँसी (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी (रिंग रेल) | 09:00 | |
| 04015 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04018 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04021 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04024 | दिल्ली जं. | 15:30 | फाफामऊ जं. | 05:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या छावनी | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या छावनी | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 01823 | वीरांगना लक्ष्मीबाई | 17:50 | आनन्द विहार (ट.) | 13:45 | निवाड़ी, मऊरानीपुर, हरपालपुर, महोबा जं., बांदा जं., अतर्रा, चित्रकुट धाम कर्वी, मानिकपुर जं., शंकरगढ़, नैनी जंक्शन, सूबेदारगंज, फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला, अलीगढ़ एवं चिपयाना बुजुर्ग स्टेशन |

### दिनांक 14.02.2025 (शुक्रवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग, कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | सुल्तानपुर एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04601 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 03:50 | फाफामऊ जं. | 04:25 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, कठुआ, पठानकोट कैंट, जालंधर कैंट, लुधियाना जंक्शन, अंबालाकैंट जं., सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04408 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड, गढ़मुक्तेसर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09403 | अहमदाबाद जं. | 21:15 | जंघई जं. | 03:00 | आणंद जं., छायापुरी, गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना जंक्शन, आगरा किला, टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फ़तेहपुर एवं प्रयागराज जं. स्टेशन |
| 07383 | हुबली जं. | 08:00 | वाराणसी | 05:30 | धारवाड, अलनावर, लोंडा, खानापुर, बेलगावी, गोकक रोड, घाटप्रभा, रायबाग, कुदाची, मिराज, सांगली, किर्लोस्करवाडी, कराड, सतारा, पुणे, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, तलवड्या, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार स्टेशन |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 09801 | सोगरिया | 08:15 | बनारस | 10:15 | अन्ता, बारां, अटरू, छबड़ा गुगोर, रुठियाई जं., गुना, अशोक नगर, मुंगावली, मालखेडी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, बांदकपुर, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार स्टेशन |
| 07081 | गुंटूर जं. | 23:00 | आज़मगढ़ | 17:15 | विजयवाड़ा जं., खम्मम, दोर्नाकल जं., महबुबाबाद, वारंगल, रामागुंडम, मंचिर्याल, सिरपुर, कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर महाराष्ट्र, नागपुर, बैतूल, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, वाराणसी जं. एवं शाहगंज जं. स्टेशन |
| 04022 | दिल्ली जं. | 15:30 | फाफामऊ जं. | 05:15 | नई दिल्ली, गाजियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04023 | फाफामऊ जं. | 11:30 | दिल्ली जं. | 01:15 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर, खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लाहपुर, औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं झूसी स्टेशन |
| 01824 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | वीरांगना लक्ष्मीबाई | 15:00 | चिपयाना बुजुर्ग, अलीगढ़, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, सूबेदारगंज, नैनी जं., शंकरगढ़, मानिकपुर जं., चित्रकुट धाम कर्वी, अतर्रा, बांदा जं., महोबा जं., हरपालपुर, मऊरानीपुर, एवं निवाड़ी स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या छावनी | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, एस नारायण छपिया, मसकनवा, मनकापुर जंक्शन एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या छावनी | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 06221 | मैसूरू जं. | 07:30 | लखनऊ जं. | 16:00 | मंड्या, केंगेरि, बेंगलुरु सिटी जं., यशवंतपुर जं., तुमकूर, अरसीकेरे जं., कडूल जं., चिक्कजाजूरु जं., दावणगेरे, हरिहर, राणिबेन्नूरु, हावेरि, हुबली जं., धारवाड़, लोंडा जं., खानापुर, बेलगावि, गोकक रोड, घटप्रभा, रायबाग, कुडची, मिराज जं., सांगली, कराड, पुणे जं., दौंड कॉर्ड लाइन, मनमाड जं., भुसावल जं., इटारसी जं., जबलपुर जं., कटनी जं., सतना जं., मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी जं. एवं वाराणसी जं. स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# सहकारिता के जरिये रोजगार सृजन व ग्रामीण क्षेत्र की समृद्धि संभव : शाह

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि सहकारिता के माध्यम से रोजगार सृजन और ग्रामीण क्षेत्र की समृद्धि दोनों संभव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के हित में सहकारिता मंत्रालय का गठन कर सहकार से समृद्धि का मंत्र दिया है।

उन्होंने आज यहां 'सहकारी समितियों को सशक्त करने के लिए की गई और वर्तमान में की जा रही पहलें' विषय पर सहकारिता मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह अभिमत व्यक्त किया। बैठक में केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल और मुरलीधर मोहोल, समिति के सदस्यों, केंद्रीय सहकारिता सचिव और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने



हिस्सा लिया। सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के बाद परामर्शदात्री समिति की यह पहली बैठक है। अमित शाह ने कहा कि केन्द्र में सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद हमने सबसे पहले राज्यों के साथ मिलकर प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) का डेटाबेस बनाने का काम किया और दो लाख पैक्स के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस विकसित करने का काम लगभग पूरा हो चुका है और अब देशभर की सहकारी समितियों की क्षेत्रवार जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध है। शाह ने कहा कि पैक्स के कंप्यूटरीकरण के लिए कदम उठाये गये। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देश की एक भी पंचायत ऐसी नहीं होगी जहां पैक्स उपलब्ध नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि पैक्स को व्यावहारिक बनाने के लिए बनाए गये उपनियमों को देश के लगभग सभी राज्यों ने अपनाया है। उन्होंने कहा कि पैक्स को 20 से अधिक गतिविधियों से जोड़ा गया है और अब वे कॉमन सर्विस सेंटर, जन औषधि केन्द्र सहित अन्य सेवाएं प्रदान करना शुरू कर चुकी हैं। अमित शाह ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने मौजूदा बजट सत्र में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय के गठन के लिए विधेयक पेश किया है और जल्द ही संसद से पारित होगा। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय के गठन से सहकारी क्षेत्र में आने वाले पेशेवरों को तकनीकी शिक्षा, एकाउंटिंग और प्रशासन संबंधी जानकारी और प्रशिक्षण मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे सहकारी क्षेत्र में प्रशिक्षित मेनपावर उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल), राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक लिमिटेड (एनसीओएल) और भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल) जैसी सहकारी संस्थाओं का गठन किया गया है, जिससे सहकारी क्षेत्र में निर्यात, ऑर्गेनिक उत्पादों और उन्नत बीजों को बढ़ावा मिल सकेगा।

# अडानी के लिए सीमा नियमों का उल्लंघन कर रही सरकार कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार अपने चहेते उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक ऊर्जा परियोजना का काम देकर देश की सुरक्षा को खतरे में डाल रही है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि राष्ट्रवाद की बात करने वाले अपने मित्र अरबपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान सीमा से महज एक किलोमीटर दूर उद्योगपति अडानी को देश की सबसे बडी सौर ऊर्जा परियोजना सैन्य विशेषज्ञों की सलाह को अनदेखा करके सुरक्षा मानकों का उल्लंघन किया जा रहा है। श्री खरगे ने कहा,''भाजपा का छद्म राष्ट्रवाद चेहरा एक बार फिर बेनकाब हुआ है। अपने चहेते अरबपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने सवाल किया,''क्या यह सच है कि आपने सीमा सुरक्षा नियमों में ढील देकर अपने 'प्रिय मित्र' को पाकिस्तान के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सिर्फ एक किमी की बहुमूल्य रणनीतिक भूमि उपहार में दी है। क्या यह सच नहीं है कि आपकी सरकार ने न केवल भारत-पाकिस्तान सीमा पर, बल्कि बंगलादेश, चीन, म्यांमार और नेपाल से लगी भूमि पर भी ऐसे नियमों में ढील दी है, जिससे हमारी सामरिक और सीमा सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। याद रखें, यह आप ही हैं जिन्होंने कहा था कि 'कोई भी हमारे क्षेत्र में नहीं घुसा' जब देश के 20 बहादुरों ने लद्दाख में चीन से लड़ते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। यदि खदानें बिछाने, टैंक रोधी और कार्मिक रोधी तंत्र स्थापित करने की आवश्यकता हो तो तब क्या होगा। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पूछा है कि आक्रामक और रक्षात्मक अभियानों में स्थान को कम करने की अवधारणा आश्चर्य पैदा करती है। श्री खरगे ने यह भी पूछा, भारत-पाकिस्तान सीमा के पास एक निजी उद्योपति को सौर ऊर्जा परियोजना की अनुमति देने का क्या औचित्य है। हमारे सशस्त्र बलों की रक्षा जिम्मेदारियां बढ़ेंगी और उनके रणनीतिक लाभ कम होंगे। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा,''प्रधानमंत्री की प्राथमिकता सीमाओं को सुरक्षित करना नहीं,अडानी का खजाना भरना है। मोदी सरकार का भाईचारा हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ख़तरा है। देश की सबसे बड़ी सौर परियोजना को पाकिस्तान सीमा से मुश्किल से एक किमी दूर बनाने की अनुमति देना बेहद खतरनाक है और सभी स्थापित सैन्य मानदंडों के खिलाफ है। चौंकाने वाली बात यह है कि भाजपा की गुजरात सरकार और केंद्र ने अडानी को यह परियोजना सौंपने के लिए सैन्य अधिकारियों को समझाने और मनाने के लिए गुप्त बैठकें कीं। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की उपेक्षा की है। प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को बताना चाहिए कि हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने वाला इतना कठोर कदम क्यों उठाया गया है।

# अपाचे बेड़े को बढ़ाने के लिए जीई एयरोस्पेस, भारतीय वायुसेना ने किया ऐतिहासिक समझौता

एजेंसी

बेंगलुरु। भारत-अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग में एक महत्वपूर्ण विकास के रूप में, जीई एयरोस्पेस ने भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के साथ पांच वर्षों का प्रदर्शन आधारित लॉजिस्टिक्स (पीबीएल) अनुबंध पर हस्ताक्षर किया है, जिससे भारत के एएच-64ई-आई अपाचे हेलीकॉप्टरों को शक्ति देने वाले टी700-जीई-701डी इंजन के लिए एक व्यापक रखरखाव समाधान प्रदान किया जा सकेगा।

अनुबंध के अंतर्गत, जीई एयरोस्पेस टी700 इंजनों के रखरखाव, मरम्मत और जांच (एमआरओ) के साथ-साथ उड़ान लाइन के भागों के लिए जिम्मेदार होगा जिससे भारतीय वायु सेना के लिए इंजन की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। पीबीएल समाधान को स्थायी संचालन को सुव्यवस्थित करने, टर्नअराउंड समय में सुधार करने और अपाचे बेड़े की परिचालन तत्परता को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

यह समझौता भारत-अमेरिका रणनीतिक रक्षा सहयोग में एक और मील का पत्थर है। अमेरिका भारत की सैन्य आधुनिकीकरण प्रयासों में एक प्रमुख भागीदार के रूप में उभरा है और यह सौदा एयरोस्पेस एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में बढ़ते द्विपक्षीय जुड़ाव को दर्शाता है। विश्लेषक इसे रक्षा संबंधों को गहरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखते हैं, जो भारत के स्वदेशी लड़ाकू विमानों के लिए जीई के एफ414 इंजनों की खरीद जैसे पूर्व के समझौतों को पूरा करता है।

यंगजे किम, उपाध्यक्ष और महाप्रबंधक, एशिया पैसिफिक, रक्षा एवं प्रणाली, जीई एयरोस्पेस ने कहा कि ल्लहम इस पीबीएल अनुबंध के माध्यम से भारतीय वायु सेना के साथ अपनी साझेदारी जारी रखने में सम्मानित महसूस कर रहे हैं, जो महत्वपूर्ण रक्षा प्लेटफार्मों के लिए विश्वसनीय एवं अभिनव स्थिरता समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

उन्होंने कहा कि यह समझौता टी700 इंजनों के प्रदर्शन के उच्चतम स्तर को बनाए रखना सुनिश्चित करता है और भारतीय वायु सेना की परिचालन आवश्यकताओं और मिशन तैयारी का समर्थन करने वाले जीई एयरोस्पेस के दृष्टिकोण को परिलक्षित करता है।

अपाचे बेड़ा भारत की हवाई युद्ध क्षमता का एक प्रमुख घटक है, विशेष रूप से सीमा सुरक्षा एवं आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए। इन लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की उच्च उपलब्धता सुनिश्चित करना भारतीय वायुसेना के लिए महत्वपूर्ण है, जो इस रखरखाव अनुबंध को भारत की सैन्य तैयारियों के लिए एक महत्वपूर्ण शक्ति बनाता है। यह सौदा स्वदेशी क्षमताओं पर जोर देने के बजाय विदेशी एमआरओ समाधानों पर भारत की निर्भरता पर भी ध्यान केंद्रित करता है। इस समझौते के माध्यम से भारत के रक्षा क्षेत्र में अधिक पीबीएल अनुबंधों के लिए एक मिसाल कायम होने की उम्मीद है।

# 'एयरो इंडिया' में आये भागीदार देशों के साथ रक्षा संबंधों पर द्विपक्षीय वार्ताओं का दौर तेज

एजेंसी

बेंगलुरु। एयर फ़ोर्स स्टेशन येलहंका में चल रही अंतरराष्ट्रीय रक्षा प्रदर्शनी 'एयरो इंडिया' में आये भागीदार देशों के साथ द्विपक्षीय वार्ताओं का दौर तेज हो गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और सचिव रक्षा उत्पादन संजीव कुमार अलग-अलग वार्ताएं करके द्विपक्षीय रक्षा सहयोग से संबंधित मामलों पर चर्चा की है। इन बैठकों में वर्तमान रक्षा सहयोग की समीक्षा करके संबंधों को बढ़ाने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की बुधवार को इथियोपिया के रक्षा मंत्री इंजीनियर आइशा मोहम्मद मुसा के साथ एक सार्थक बैठक की। उन्होंने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके रक्षा संबंधों को मजबूत करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की और रक्षा क्षेत्र में घनिष्ठ और सक्रिय सहयोग के महत्व को स्वीकार किया। यमन




के रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल मोहसिन मोहम्मद हुसैन अल डेरी के साथ द्विपक्षीय बैठक में दोनों देशों के बीच समुद्री सुरक्षा सहयोग को एक कदम आगे ले जाने का फैसला किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बेंगलुरु में आर्मेनिया के रक्षा मंत्री सुरेन पापिक्यान, मलावी की रक्षा मंत्री मोनिका चांगनामुनो और मेडागास्कर के सशस्त्र बलों के मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल साहिवेलो लाला मोन्जा डेल्फिन के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। रक्षा मंत्री और अर्मेनियाई रक्षा मंत्री की बैठक में दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग से संबंधित मामलों पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों के बढ़ते महत्व को स्वीकार किया, जो सैन्य और सैन्य-तकनीकी सहयोग पर बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ अच्छी तरह से आगे बढ़ रहे हैं। एयरो इंडिया के दौरान जिम्बाब्वे की रक्षा मंत्री ओप्पा चार्म जेड मुचिंगुरी काशिरी के साथ बहुत ही उपयोगी बैठक हुई। रक्षा सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए, जो दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को और गहरा करने के लिए एक संस्थागत ढांचा प्रदान करेगा। मलावी के रक्षा मंत्री के साथ बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने तथा सशस्त्र बलों के प्रशिक्षण, सैन्य पाठ्यक्रमों और क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर व्यापक चर्चा की। दोनों पक्षों ने आपसी समझ को बढ़ावा देने और रणनीतिक हितों को बढ़ाने के लिए रक्षा सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने में तेजी लाने पर भी सहमति व्यक्त की। मेडागास्कर के सशस्त्र बलों के मंत्री के साथ बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग और समुद्री क्षेत्र के मामलों पर व्यापक चर्चा की।

## पैसा मेरी बुद्धि और मां सरस्वती की कृपा से आ रहा है : प्रशांत

**पटना।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की ओर से उनकी पार्टी पर लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि पैसा उनकी बुद्धि और मां सरस्वती की कृपा से आ रहा है। श्री किशोर ने बुधवार को कहा ''लोग पूछ रहे हैं कि वह इतना पैसा कहां से ला रहे हैं। मैंने कभी ठेकेदारी नहीं की, न कभी विधायक, सांसद बना। न ही मैं किसी सरकारी पद पर रहा और न ही मैं आईएएस या आईपीएस रहा। मेरे पास जो कुछ भी है वह मेरी बुद्धि और मां सरस्वती की कृपा से है और हम सब जानते हैं कि जिस पर सरस्वती जी की कृपा होती है उसके पास लक्ष्मी जी अवश्य आती हैं। श्री किशोर ने स्पष्ट कहा कि बिहार के इस बेटे के पास जो कुछ भी है, वह उसने अपनी बुद्धि से कमाया है, उनके पिताजी ने नहीं दिया है, जिससे बिहार का कोई भी युवा कमजोर न रहे।उन्होंने कहा कि क्या पैसा सिर्फ गुजरात के लड़कों के पास रहेगा। बिहार के लड़कों का वोट, बिहार के लड़कों की ताकत, बिहार के लड़कों की आवाज और पैसा गुजरात के लड़कों के पास, ये अब नहीं चलेगा। बिहार के लड़के मजदूरी करने के लिए पैदा नहीं हुए हैं।

## गंगा संरक्षण के लिए हुए महत्वपूर्ण फैसले

**नयी दिल्ली।** गंगा की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, इसमें पर्यावरणीय सुधार, संरक्षण और पुनर्जीवन के उद्देश्य से आज कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। आधिकारिक सूचना के अनुसार राष्ट्रीय गंगा सफाई मिशन-एनएमसीजी के महानिदेशक की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन- एनएमसीजी की 60वीं कार्यकारी समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसका उद्देश्य स्वच्छता को बढ़ाना, सतत विकास को बढ़ावा देना और नदी के पर्यावरणीय और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना है। सूचना के अनुसार प्रदूषण से निपटने की दिशा में समिति ने 274.31 करोड़ की लागत से दुर्गा ड्रेन के अवरोधन, रूट बदलने और वाराणसी में 60 एमएलडी क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण को मंजूरी दी है। हाइब्रिड वार्षिकी मॉडल पर आधारित इस परियोजना में 75 एमएलडी क्षमता का मुख्य पंपिंग स्टेशन और अन्य आवश्यक संरचनाएं शामिल हैं, जो दीर्घकालिक अपशिष्ट जल प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण सुनिश्चित करती हैं। इसके अतिरिक्त, भदोही में गंगा की प्रमुख सहायक नदी वरुणा में अनुपचारित सीवेज के प्रवाह को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी दी गई। इसके तहत 127.26 करोड़ के निवेश से 17, 5 और 3 एमएलडी की क्षमता वाले तीन एसटीपी स्थापित करने के साथ ही चार प्रमुख नालों को टैप करने और प्रदूषण रोकने के लिए व्यापक सीवर नेटवर्क भी स्थापित करेगी। यह परियोजना डिज़ाइन-निर्माण संचालन ट्रांसफर-डीबीओटी मॉडल का अनुसरण करती है, जो अगले 15 वर्षों में टिकाऊ संचालन और रखरखाव सुनिश्चित करती है।

## देश की सबसे बड़ी पार्टी को भी शिक्षा, स्वास्थ्य पर बात करनी पड़ रही : सिसोदिया

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी(आप) के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि हम सिर्फ़ सत्ता के लिए नहीं आए हैं बल्कि बदलाव के लिए आए हैं और हमें खुशी है कि देश की सबसे बड़ी पार्टी को भी आज शिक्षा, स्वास्थ्य पर बात करनी पड़ रही है। श्री सिसोदिया ने बुधवार को पार्टी के देश भर के कार्यकर्ताओं के साथ ऑनलाइन संवाद कर उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने सभी लोगों से पार्टी की भविष्य की रणनीतियों की जानकारी साझा की और उनके सुझाव भी लिए। उन्होंने कहा , ल्लएक तरफ़ हमारा लक्ष्य है सरकार बनाकर व्यवस्था ठीक करना लेकिन हम सिर्फ़ सत्ता के लिए नहीं आए हैं, बल्कि बदलाव के लिए आए हैं और हमें खुशी है कि देश की सबसे बड़ी पार्टी को भी आज शिक्षा - स्वास्थ्य पर बात करनी पड़ रही है। यह बदलाव की शुरुआत है। हमारी लड़ाई सत्ता पाने के लिए नहीं है, बल्कि दूसरी पार्टियों की सोच और उनकी प्राथमिकताओं को बदलना भी हमारे आंदोलन का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी समेत जनहित के अन्य क्षेत्रों में बदलाव करके दिखाया है। अगर भाजपा की सरकार इसे आगे बढ़ाती है तो यह भी हमारी जीत होगी, क्योंकि हम खुद को सत्ता में बनाए रखने के लिए नहीं आए हैं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी समेत जरूरी मुद्दों पर परिवर्तन करने के लिए आए हैं। अगर दूसरी पार्टियां अपनी परंपरागत राजनीति, भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी, जाति व धर्म की लड़ाइयां छोड़ कर इस दिशा में बात भी करने लगती हैं, तो इसे भी हमें अपनी सफलता के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने कहा , ल्लभले ही चुनाव के नतीजे हमारे मुताबिक नहीं आए, लेकिन सबने खूब मेहनत की है। हम सब मिलकर एक चुनाव नहीं, बल्कि एक आंदोलन के लिए लड़ रहे थे। हम अपने उस सपने को जी रहे थे कि राजनीति ईमानदारी और काम की भी हो सकती है। जब इस देश की राजनीति जाति, धर्म और गुंडागर्दी से घिरी हुई है, ऐसे में कोई एक पार्टी शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली-पानी के दम पर चुनाव लड़ सकती है।

# पेज एक का शेष

### उफनाया माघी...

पर सुबह ही हेलिकॉप्टर से श्रद्धालुओं, संतों और कल्पवासियों पर पुष्पवर्षा आरंभ हो गई। अफसरों ने संगम समेत गंगा के सभी स्नान घाटों पर शाम तक 42 कुंतल गेंदा, गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा की। इस दौरान पुष्पवर्षा से पुलकित होकर श्रद्धालु गगनभेदी जयकारे भी लगाते रहे।

इस महाआयोजन को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए मेला प्रशासन ने सख्त इंतजाम किए। घाटों पर भीड़ नियंत्रण से लेकर डिजिटल सूचना प्रणाली से श्रद्धालुओं को आवश्यक सूचनाएं प्रेषित की जाती रहीं। मेला प्रशासन ने जगह जगह बड़े बड़े वैरिएबल मैसेजिंग डिस्प्ले लगाकर श्रद्धालुओं से अपील की कि वे स्नान के बाद घाटों पर अधिक समय न बिताएं और शीघ्र अपने गंतव्य की ओर बढ़ें। इससे भीड़ नियंत्रण में काफी मदद मिली और सभी को सुगमता से स्नान का लाभ हुआ। वैरिएबल मैसेजिंग डिस्प्ले पर मंगलवार की रात से ही लगातार महत्वपूर्ण सूचनाएं, दिशा-निर्देश और सुरक्षा संबंधी अलर्ट प्रदर्शित किए जाते रहे। प्रयागराज के डीआईजी वैभव कृष्ण ने माघ पूर्णिमा के अवसर पर स्नान को लेकर पुलिस प्रशासन की तैयारियों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माघ पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान के लिए यहां पहुंच रहे हैं। इसको लेकर हम पहले से तैयार थे और हमने रणनीति के तहत तैयारियों को अच्छे से धरातल पर उतारा है। उनके अनुसार, सब कुछ नियंत्रण में है। पार्किंग, ट्रैफिक डायवर्जन और कुशल जनप्रबंधन के सभी साधन सक्रिय हैं जिससे प्रक्रिया को पूरा कराने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ रहा है। उनके अनुसार, श्रद्धालु नियमों व कानून का पालन कर रहे हैं जिससे क्राउड मैनेजमेंट को और असरदार बनाने में मदद मिली। इस बार पिछली बार की अपेक्षा कुछ नए प्वॉइंट्स पर भी डिप्लॉयमेंट की गई है जिससे श्रद्धालुओं को लाभ होगा। अपर मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी माघ पूर्णिमा को लेकर प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व पर इस बार मेले में अप्रत्याशित भीड़ आई है। लोगों का अनवरत स्नान का क्रम जारी है। ऐसे में, श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए घाटों के सुदृढ़ीकरण तथा स्नान के लिए नदियों में जलस्तर प्रबंधन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जल पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग भी की गई है और वॉच टावर्स व चेंजिंग रूम की व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया गया है। उनके अनुसार, ट्रैफिक की डायवर्जन स्कीम भी लागू है और सभी चिह्नित स्थलों पर पुलिसबल की तैनाती की गई है। इसके साथ ही, उन्होंने श्रद्धालुओं से निर्धारित स्थानों पर स्नान कर पुलिस व प्रशासन का सहयोग करने की अपील भी की। उनके अनुसार, कल्पवासियों को भी स्नान और वापसी में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े इसके लिए प्रशासन द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

### हैसिंडा प्रोजेक्ट...

तो सब गोलमोल जवाब देकर खुद को बचाने में लग गए थे। पूर्व सीईओ मोहिन्दर सिंह से भी इन तीनों के बारे में लम्बी पूछताछ ईडी ने की थी। ईडी इन तीनों संचालकों से तीन बार पूछताछ कर चुकी है। कुछ समय पहले भी नोटिस दी गई थी लेकिन तब दो निदेशक बयान देने नहीं आए थे। ईडी सूत्रों के मुताबिक, इन लोगों के खिलाफ गड़बड़ में शामिल होने के कई साक्ष्य मिल चुके हैं। कुछ और तथ्य जुटाने के लिए ही इनसे पूछताछ करने के लिए नोटिस भेजा जा रहा है। अगर इस बार की नोटिस पर ये लोग पूछताछ के लिए नहीं आते हैं तो इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी महीने पूर्व सीईओ मोहिन्दर सिंह बिना बुलाए ही ईडी के दफ्तर पहुंच गए थे। हालांकि जब उन्हें नोटिस देकर बुलाया गया था तो वह भी वह समय से पहले विजिलेंस दफ्तर पहुंच गए थे। तब उन्होंने अधूरा बयान ही दर्ज कराया था। इसके बाद से वह बयान देने के लिए विजिलेंस के सामने भी नहीं पेश हुए हैं। उन्होंने अपने बीमार होने का पत्र जरूर भेज दिया था।

### श्री राम जन्मभूमि के...

धाम के मुख्य पुजारी आचार्य श्री सत्येन्द्र कुमार दास जी महाराज का साकेतवास हो गया, आज माघ पूर्णिमा के पवित्र दिन प्रातः सात बजे के लगभग उन्होंने पी जी आई लखनऊ में अंतिम सांस ली, वे वर्ष 1993 से श्री रामलला की सेवा पूजा कर रहे थे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय व मन्दिर व्यवस्था से जुड़े अन्य लोगों ने मुख्य अर्चक के देहावसान पर गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### चुनाव के वक्त...

आश्रय की व्यवस्था समेत विभिन्न मुद्दों का समाधान किया जाएगा। पीठ ने अटॉर्नी जनरल को केंद्र सरकार से यह पूछने का निर्देश दिया कि शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन कितने समय में लागू किया जाएगा। पीठ ने कहा, 'इस बीच, अटॉर्नी जनरल से यह अनुरोध किया जाता है कि वह इस बारे में निर्देश लें कि क्या उक्त योजना के क्रियान्वयन तक भारत सरकार राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन को जारी रखेगी। पीठ ने केंद्र से अखिल भारतीय स्तर पर इस मुद्दे पर विचार करने के लिए सभी राज्यों से जानकारी एकत्र करने को कहा। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं में से एक ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बेघरों के मुद्दे पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, क्योंकि यह प्राथमिकता में सबसे नीचे है। याचिकाकर्ता ने जब यह दावा किया कि अधिकारियों ने केवल अमीरों के लिए दया दिखाई है, गरीबों के लिए नहीं, तो अदालत नाराज हो गई। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, 'इस अदालत में रामलीला मैदान वाला भाषण न दें, और अनावश्यक आरोप न लगाएं। यहां राजनीतिक भाषण न दें। हम अपने न्यायालयों को राजनीतिक लड़ाई का स्थान नहीं बनने देंगे। न्यायाधीश नेकहा, 'आप कैसे कह सकते हैं कि दया केवल अमीरों के लिए दिखाई जाती है? यहां तक कि सरकार के लिए भी, आप ऐसा कैसे कह सकते हैं? अदालत ने कहा कि यह कहना अच्छी बात नहीं है कि सरकार ने गरीबों के लिए कुछ नहीं किया या उनके प्रति चिंता नहीं दिखाई। भूषण ने कहा कि पीठ के समक्ष रखे गए विवरण के अनुसार, 4 दिसंबर 2024 तक राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा कुल 2,557 आश्रय गृह स्वीकृत किए गए थे और 1.16 लाख बिस्तरों की क्षमता के साथ 1,995 आश्रय गृह चालू हैं। उन्होंने कहा कि एक सर्वेक्षण से पता चला है कि अकेले दिल्ली में लगभग तीन लाख शहरी बेघर हैं। भूषण ने कहा कि दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के अनुसार, आश्रयों की कुल क्षमता 17,000 व्यक्तियों की है, जिनमें से केवल 5,900 में बिस्तर हैं। दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) के वकील ने कहा कि बोर्ड दिल्ली में फिलहाल 197 आश्रय गृहों को संचालन कर रहा है, जिनकी कुल क्षमता 17,000 व्यक्तियों की है।

### सिख दंगा के ...

(डकैती) के अलावा अन्य आरोपों के तहत आरोप तय किए गए थे। अभियोजन पक्ष के मुताबिक एक नवंबर 1984 को पूर्व सांसद के नेतृत्व में हजारों लोगों की उग्र भीड़ ने पिता-पुत्र की हत्या कर दी थी।प्राथमिकी शिकायतकर्ता के नौ सितंबर 1985 के हलफनामे के आधार पर दर्ज की गई थी।? सुरक्षा कारणों से शिकायतकर्ता जिसकी पहचान गुप्त रखी गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय वर्ष 2015 में उन दंगों के मामलों की फिर से जाँच करने के लिए एक विशेष जाँच दल का गठन किया, जिसके बाद मामले में शिकायतकर्ता ने 23 नवंबर 2016 को अपना बयान दर्ज कराया था। दोषी करार दिए गए सज्जन कुमार को छह अप्रैल, 2021 को इस मामले में गिरफ़्तार किया गया था।

### एआई से लेकर सिविल...

यात्रा और बाद में रात्रि भोज के दौरान द्विपक्षीय चर्चा हुई। प्रधानमंत्री की वर्तमान यात्रा के दो घटक रहे। पेरिस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता और पेरिस तथा मार्सिले दोनों में द्विपक्षीय कार्यक्रम। इसमें दोनों नेताओं ने भारत-फ्रांस के सीईओएस फोरम को संबोधित किया। सीईओ फोरम की बैठक के बाद दोनों नेताओं ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति के विमान में मार्सिले के लिए एक साथ यात्रा की। यह दोनों देशों के बीच विशेष रिश्ते को दर्शाता है। दोनों देशों की ओर से एक संयुक्त वक्तव्य भी जारी किया गया है। इसमें भारत और फ्रांस ने सीमा पार आतंक सहित आतंकवाद के रूप की निंदा करते हुए इससे वित्तीय मदद पहुंचाने वाले नेटवर्क और इसकी सुरक्षित पनाहगाह खत्म किए जाने की मांग की है। प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस की सफल यात्रा के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि किसी भी देश को आतंकवादी कृत्यों को वित्त, योजना, समर्थन करने वालों को सुरक्षित आश्रय प्रदान नहीं करना चाहिए। नेताओं ने सभी आतंकवादियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई का भी आह्वान किया। इसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद 1267 प्रतिबंध समिति द्वारा सूचीबद्ध समूहों के साथ संबद्ध व्यक्ति शामिल हैं। दोनों नेताओं ने 2025 में मार्सिले में भूमध्यसागरीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए रायसीना संवाद के एक क्षेत्रीय संस्करण के लॉन्च का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने एक स्वतंत्र, खुले, समावेशी, सुरक्षित और शांतिपूर्ण इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के लिए अपनी सामान्य प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। फ्रांस के राष्ट्रपति एमैन्युल और प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-फ्रांस संबंधों में एक नए अध्याय को चिह्नित करते हुए आज मार्सिले में वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा कि भारत के साथ मार्सिले के लिंक अच्छी तरह से ज्ञात हैं। प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान यह भारतीय सैनिकों के लिए एक महत्वपूर्ण आधार था। इस शहर में वीर सावरकर के साथ भी एक करीबी लिंक है। इस दौरान, नेताओं ने आईटीईआर की प्रगति की सराहना की, जिसमें दुनिया के सबसे बड़े टोकमक की असेंबली भी शामिल है, जहां अंततः जलते हुए प्लाज्मा को बनाने, युक्त और नियंत्रित करके 500 मेगावाट संलयन शक्ति का उत्पादन किया जाएगा। नेताओं ने इस परियोजना पर काम कर रहे आईटीईआर इंजीनियरों और वैज्ञानिकों के समर्पण की भी सराहना की। भारत पिछले दो दशकों में इस परियोजना में योगदान देने वाले सात आईटीईआर सदस्यों में से एक है। लगभग 200 भारतीय वैज्ञानिक और सहयोगी, साथ ही एल एंड टी, इनॉक्स इंडिया, टीसीएस, टीसीई, एचसीएल टेक्नोलॉजीज जैसे उल्लेखनीय उद्योग के खिलाड़ी आईटीईआर परियोजना में लगे हुए हैं।

# महाकुम्भ : सोशल मीडिया टॉप ट्रेंड में रहा माघ पूर्णिमा का महापर्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर। माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर महाकुम्भ का दिव्य और भव्य नज़ारा सोशल मीडिया पर छाया रहा। श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और आध्यात्मिक उल्लास के बीच, माघपूर्णिमात्महाकुम्भ एक्स (ट्विटर) पर नंबर वन ट्रेंड करता रहा। इस पवित्र अवसर पर आए लोगों ने अपने अनुभव साझा किए, जिससे पूरे देश में उत्साह और भक्ति का माहौल बन गया।



### गूंजते रहे जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष

त्रिवेणी तट पर आस्था की लहरें उमड़ पड़ीं। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में डुबकी लगाने के लिए देशभर से श्रद्धालु पहुंचे। स्नान के दौरान 'हर हर गंगे' और 'जय श्रीराम' के गगनभेदी जयघोष से पूरा महाकुम्भ क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। इस अद्भुत नज़ारे को श्रद्धालुओं ने अपने कैमरों में कैद कर सोशल मीडिया पर साझा किया, जिससे महाकुम्भ की दिव्यता और भव्यता चारों ओर फैल गई।

### श्रद्धालुओं ने बताया जीवन का सबसे पवित्र और अविस्मरणीय अनुभव

इस आयोजन की भव्यता को और भी खास बनाया पुष्पवर्षा ने। हेलीकॉप्टर से होने वाली पुष्पवर्षा ने श्रद्धालुओं के मन को प्रफुल्लित कर दिया। संगम के जल में आस्था की डुबकी लगाते हुए श्रद्धालुओं ने अपने परिवार और समाज की खुशहाली की कामना की। कई यूजर्स ने इसे 'जीवन का सबसे पवित्र और अविस्मरणीय अनुभव' बताया।

महाकुम्भ की व्यवस्था को लेकर भी सोशल मीडिया पर खूब चर्चा रही। लोग योगी सरकार की ओर से की गई बेहतरीन व्यवस्थाओं और सफाई व्यवस्था की प्रशंसा करते दिखे। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों और वीडियो ने देश-विदेश के लोगों को भी इस दिव्य आयोजन से जोड़ दिया। बता दें कि महाकुम्भ में आस्था, श्रद्धा और भक्ति का यह समागम हर किसी को मोह रहा है। सोशल मीडिया के माध्यम से यह संदेश दूर-दूर तक पहुंच रहा है कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर आज भी जीवंत और प्रभावशाली है।

# महाकुम्भ: एनडीआरएफ की सतर्कता ने बचाई दो श्रद्धालुओं की जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भ नगर। तीर्थराज प्रयाग में बुधवार को माघी पूर्णिमा के दिन एनडीआरएफ के बचाव कार्मिकों ने गश्त के दौरान दो लोगों को तेज बहाव में डूबते देखा। टीम ने तत्काल छलांग लगाकर दोनों को बचा लिया और सुरक्षित बाहर निकाला। एनडीआरएफ ने उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा (नोडल अधिकारी) के दिशा निर्देश में एनडीआरएफ के बचाव कार्मिक दिन रात महाकुम्भ मेले के सभी संवेदनशील स्थानों पर तैनात हैं तथा किसी भी आपात स्थिति में अविलम्ब पूरी तन्मयता तथा दक्षता के साथ राहत भी प्रदान करते हैं। तीर्थराज प्रयाग में आज करोड़ों श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में तथा आस-पास के सभी घाटों पर पूरी आस्था और विश्वास के साथ डुबकी लगाकर अपने आप को पुरातन धार्मिक और आध्यात्मिक सूत्र में बांध रहे हैं। इन आए श्रद्धालुओं के साथ कोई अनहोनी न हो और वे सुरक्षित महसूस करें इसकी जिम्मेदारी संभाली हुई है। बुधवार को संगम मध्य क्षेत्र में जब गंगा नदी में गश्त लगाते एनडीआरएफ बचाव कार्मिकों ने दो श्रद्धालुओं 39 वर्षीय अवधेश कुमार पटेल तथा 40 वर्षीय श्याम नारायण को नदी की तेज बहाव में बहते हुए देखा। स्थित की गंभीरता को देखते हुए बचाव कार्मिकों ने बिना समय गंवाए नदी के तेज़ बहाव में छलांग लगाकर बहते हुए श्रद्धालुओं के पास पहुंचे तथा उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। इस प्रकार एनडीआरएफ बचाव कार्मिकों द्वारा इस बचाव कार्य में अद्भुत साहस और कौशल का प्रदर्शन किया गया जिससे मेले में आए हुए इन दो श्रद्धालुओं के जीवन की सुरक्षा की जा सकी।

## दिल्ली/बिहार/उत्तराखण्ड/पंजाब

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म,आरोपित किशोर को भेजा गया बाल सुधार गृह

अररिया। नरपतगंज के फुलकाहा थाना क्षेत्र के एक गांव में नवमी क्लास में पढ़ने वाली एक छात्रा के साथ उसी के स्कूल में पढ़ने वाले दसवीं क्लास के छात्र ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। किशोर अवस्था में ही हवस का शिकार बने दसवीं क्लास के छात्र ने घटना को उस समय अंजाम दिया,जब छात्रा अपने घर से कोचिंग पढ़ने के लिए जा रही थी।कोचिंग की ओर जाने के क्रम में सुनसान स्थान पर दुष्कर्मी छात्र ने छात्रा को रोका और जबरन उसके साथ मुंह काला किया।घटना मंगलवार शाम की बताई जाती है।घटना के बाद पीड़िता स्कूली छात्रा रोते रोते अपने घर पहुंची और माता पिता को अपने साथ हुए घटना की जानकारी दी।जिसके बाद पीड़िता के माता पिता फुलकाहा थाना पहुंचकर थानाध्यक्ष रौनक कुमार को घटना की जानकारी दी। पीड़िता और उसके पिता ने लिखित रूप में थाना में आवेदन देकर आरोपित के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज करायी।पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपित किशोर को हिरासत में लिया और घटना को लेकर उनसे पूछताछ की, जिसमें उन्होंने पुलिस के समक्ष अपनी संलिप्तता की बात स्वीकार की।बुधवार को पुलिस ने आरोपित किशोर को जुवेनाइल जस्टिस कोर्ट के मजिस्ट्रेट के समक्ष उपस्थित कर बाल सुधार गृह भेज दिया।मामले की तकनीकी एवं वैज्ञानिक अनुसंधान को लेकर फोरेंसिक लैब(एफएसएल) की टीम को बुलाया गया।जिन्होंने कई बिंदुओं पर जांच करते हुए मौके से सैंपल आदि कलेक्ट किया। मामले को लेकर फुलकाहा थानाध्यक्ष रौनक कुमार ने बताया कि नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है।किशोर को हिरासत में लेकर न्यायिक हिरासत में बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।मामले का वैज्ञानिक और तकनीकी जांच की जा रही है।

### संत रविदास की जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

भागलपुर। संत रविदास आश्रम लालकोठी तातारपुर भागलपुर में संत शिरोमणी गुरू रविदास की 626वीं जयन्ती के अवसर पर बुधवार को भागलपुर के विधायक अजीत शर्मा ने सर्वप्रथम उनके मूर्ति पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं इसके उपरान्त उनके शोभा यात्रा में शामिल हुए। इसके उपरान्त विधायक स्टेशन चौक स्थित बाबा साहब भीमराव अम्बेदकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के अवसर विधायक शर्मा ने कहा कि संत रविदास जी एक महान संत, कवि और समाज सेवक थे, जिन्होने अपने जीवन के दौरान अनेकों सामाजिक व धार्मिक सुधारों का कार्य किया। रविदास जी अपनी जीवनगाथा को अपने लेखों के माध्यम से व्यक्त किया करते थे। उन्होने अपने लेखों में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच धर्म के महत्व को बताया और लोगों को धर्म के उच्च मानकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इन्होंने अपने जीवन के दौरान अपने समाज को संघर्ष के लिए प्रेरित किया और उन्होंने उपदेशों के माध्यम से समाज में समानता का संदेश फैलाया। उनके जीवन और उपदेश हमें एक समान और समझदार समाज की स्थापना के लिए प्रेरित करते है। विधायक शर्मा ने तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के पीजी हिन्दी विभाग के शिक्षक दिव्यानन्द देव के स्थानान्तरण के विरोध में अनशन पर बैठे छात्र/छात्राओं से अनशन स्थल पर मिले एवं उनकी समस्या को सुना तथा उनकी समस्या के त्वरित समाधन के लिए उन्हें आश्वस्त किया। साथ हीं अनशन पर बैठे छात्र/छात्राओं को स्वास्थ्य समस्या से अवगत कराते हुए अनशन तोड़ने की अपील की।

### केदारनाथ यात्रियों के लिए हो ऑफ लाइन पंजीकरण व्यवस्था

गुप्तकाशी। विश्व प्रसिद्ध धाम केदारनाथ यात्रा को लेकर आज तहसीलदार की मौजूदगी में टैक्सी यूनियन, व्यापार संघ व स्थानीय लोगों की बैठक हुई। बैठक में मौजूद तहसीलदार प्रदीप सिंह ने कहा कि वे समस्याओं के संबंध में जिलाधिकारी को अवगत करवाएंगे। घोड़ा खच्चर ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष अवतार सिंह नेगी ने कहा कि आगामी केदारनाथ धाम की यात्रा को सुगम बनाने के लिए यात्राकाल के दौरान गौरीकुंड से केदारनाथ के बीच जो भी निर्माण कार्य होते हैं, उसकी निर्माण सामग्री ढुलान से घोड़ा-खच्चर को मुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि घोड़ा-खच्चर के बीमे की धनराशि भी उन्हें नहीं मिल रही है। वर्तमान में कार्य कर रही कंपनी को बदला जाए। जिला पंचायत सदस्य गणेश तिवारी ने कहा कि घोड़े खतरों की नाल महंगी पड़ती है, इसके स्थान पर रबड़ की नाल उपयोग में लाई जाए ताकि घोड़े खच्चर बरसात के दौरान फिसलन से बच सके। व्यापार संघ के अध्यक्ष चुन्नी लाल ने कहा कि गुप्तकाशी फाटा आदि स्थानों पर बैरियर लगाकर समय के अनुसार तीर्थ यात्रियों को रोका जाए, ताकि वे सोनप्रयाग-सीतापुर में जाम की समस्या से मुक्ति पा सकें। सचिव मनीष नेगी ने कहा कि यात्राकाल के दौरान गुप्तकाशी बाजार में अनियंत्रित वाहन लगे होते हैं, जिस कारण यात्रियों के वाहन यहां नहीं रुक पाते, ऐसी स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त वाहनों को पार्किंग व्यवस्था की जाए और रात और दिन की यात्रा पर रोक लगाई जाए। व्यवसायी अरविंद सिंह ने कहा कि विभिन्न स्थानों पर तीर्थ यात्रियों के लिए ऑफलाइन पंजीकरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि तीर्थ यात्रियों को पंजीकरण में अधिक समय न लगे। तहसीलदार प्रदीप सिंह ने व्यापारियों और स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि सभी समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा जाएगा और आगामी कुछ दिनों में इन समस्याओं के निराकरण के लिए कार्य किया जाएगा।

### राजकीय सम्मान के साथ घन्ना भाई को दी गई अंतिम विदाई

हरिद्वार। उत्तराखंड के मशहूर हास्य कलाकार घनानंद गगोडिया उर्फ घन्ना भाई को आज सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। हरिद्वार के खड़खड़ी श्मशान घाट पर राजकीय सम्मान के बाद उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके तीनों बेटों ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत और विधायक मदन कौशिक मौजूद रहे। घन्ना भाई घनानंद को आज हरिद्वार में नम आंखों से लोगों ने अंतिम विदाई दी। उनकी आखिरी यात्रा उनके देहरादून स्थित आवास से चली। जहां कई लोगों ने उनके अंतिम दर्शन के बाद आखिरी यात्रा के लिए विदा किया। वहीं, हरिद्वार के खड़खड़ी श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके तीनों बेटे बड़ा निशांत, मझला प्रशांत और छोटा सुशांत ने उन्हें मुखाग्नि दी। इससे पहले हरिद्वार से भाजपा सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत और हरिद्वार नगर से भाजपा विधायक मदन कौशिक समेत राजनीतिक दलों के नेता और शासन, प्रशासन के अधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# छोटी दवा कंपनियों को संशोधित शेड्यूल एम का पालन करने के लिए 31 दिसंबर तक बढ़ाया गया समय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार ने छोटी दवा कंपनियों को संशोधित शेड्यूल एम का पालन करने के लिए इस वर्ष 31 दिसंबर तक का समय दे दिया है। इस फैसले से करीब 8500 से अधिक कंपनियों को लाभ मिलेगा। इस संबंध में बुधवार को आदेश जारी की किया गया।



स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने अपने आदेश में 250 करोड़ रुपये या उससे कम टर्नओवर वाले छोटे और मध्यम फार्मास्युटिकल निर्माताओं के संबंध में 'संशोधित अनुसूची एम' (अच्छी विनिर्माण विधि प्रावधान) के कार्यान्वयन की नियत तिथि को सशर्त 31 दिसंबर, 2025 तक बढ़ा दिया है।

इससे पहले मंत्रालय ने 28 दिसंबर, 2023 को 'संशोधित अनुसूची एम' आवश्यकताओं को अधिसूचित किया था।

अधिसूचना के अनुसार निर्माताओं की श्रेणी को दो भागों में विभाजित किया गया है, जिसमें पहली श्रेणी 250 करोड़ से अधिक टर्नओवर वाले बड़े निर्माताओं की थी। ऐसे निर्माताओं को अनुपालन के लिए 6 महीने की समयसीमा दी गई थी और दूसरी श्रेणी 250 करोड़ से कम या उसके बराबर टर्नओवर वाले छोटे और मध्यम निर्माताओं के लिए अनुपालन के लिए 12 महीने की समयसीमा दी गई थी। 'संशोधित अनुसूची एम' आवश्यकताओं को बड़े निर्माताओं के लिए 28 जून, 2024 से लागू किया गया है।

छोटे और मध्यम फार्मास्युटिकल निर्माताओं ने बुनियादी ढांचे में सुधार, कर्मियों के प्रशिक्षण और वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था करने के लिए समयसीमा बढ़ाने के लिए प्रतिनिधित्व किया था। इस पर विचार किया गया है और छोटे और मध्यम निर्माताओं को केंद्रीय लाइसेंस अनुमोदन प्राधिकरण को फॉर्म ए में उन्नयन के लिए अपनी योजना प्रस्तुत करने के लिए 11 फरवरी, 2025 से 3 महीने का समय दिया गया है। ऐसे निर्माता जो ये विवरण प्रस्तुत करते हैं, उनके लिए कार्यान्वयन की समयसीमा 31 दिसंबर, 2025 तक बढ़ा दी जाएगी। मंत्रालय के अनुसार नए नियम फार्मा कंपनियों को न केवल अपनी घरेलू स्थिति को मजबूत करने में सक्षम बनाएंगे बल्कि वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बनने में भी सक्षम बनाएंगे।

### 75वें गोल्डन जुबली राष्ट्रीय जंबूरी में नैनीताल के स्काउट-गाइड ने रोशन किया उत्तराखंड का नाम

नैनीताल। जनपद के स्काउट-गाइडों के दल ने 75वें गोल्डन जुबली राष्ट्रीय जंबूरी में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर राज्य का नाम रोशन किया है। दल को कैंप क्राफ्ट स्काउट, स्काउट स्टेट गेट, पायनियरिंग प्रोजेक्ट, गाइड रंगोली, स्किल ओरामा, पीजेंट शो, फैशन शो, फोक डांस, फूड प्लाजा, गाइड स्टेट गेट, गाइड कैंप क्राफ्ट, बैंड प्रदर्शन, फिजिकल डिस्प्ले, मार्च पास्ट, कलर पार्टी, स्टेट एग्जीबिशन में बी ग्रेड प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि इस जंबूरी में भारत के लगभग 15,000 स्काउट-गाइडों के साथ ही मलेशिया, जापान, श्रीलंका, नेपाल, सऊदी अरब और बांग्लादेश सहित अन्य देशों के लगभग 100 स्काउट-गाइड भी प्रतिभाग किया। दल में नैनीताल जनपद के 9 स्काउट और 10 गाइड शामिल थे और यह बीते माह 23 जनवरी को जिला संगठन आयुक्त चंद्र लाल के नेतृत्व एवं सुशीला जोशी के मार्गदर्शन में नैनीताल से तिरुचिरापल्ली तमिलनाडु के लिए रवाना हुए थे।

## बीसीए करायेगा ग्रामीण क्रिकेट लीग: ज्ञानेश्वर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूर्वी चंपारण। बीसीए ग्रामीण क्षेत्र में क्रिकेट के विस्तार के लिए ''ग्रामीण क्रिकेट लीग'' का आयोजन करेगा।इसी सत्र 2024-25 में इस लीग का आयोजन बिहार के प्रत्येक जिला में होगा।प्रत्येक जिला से ग्रामीण क्षेत्र के लगभग दस हजार खिलाड़ियो को लीग के माध्यम से अपनी प्रतिभा साबित करने का मौका मिलेगा।

बुधवार को चांदमारी मोतिहारी स्थित चेन्नई डोसा प्लाजा के सभागार परिसर में प्रेस को संबोधित करते हुए बीसीए गवर्निंग काउंसिल कन्वेनर सह मेंटर(ग्रामीण क्रिकेट) ज्ञानेश्वर गौतम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मिले अवधारणा खेलो इंडिया के आधार पर बीसीए अध्यक्ष राकेश तिवारी ने ग्रामीण क्रिकेट लीग के आयोजन का प्रारूप तैयार किया हैं।इस लीग का उद्देश्य सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में क्रिकेट का विस्तार करना तथा सुविधविहीन प्रतिभावान बच्चों को क्रिकेट से जोड़ना हैं।संबंधित जिला क्रिकेट संघ द्वारा बिहार के प्रत्येक जिला से टैलेंट हंट के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के 20-20 खिलाड़ियों का 16 टीम का गठन किया जाएगा तथा उनके बीच अंतर जिला लीग व सुपर लीग मैच का आयोजन होगा।बिहार के सभी जिलों में इसके अंतर्गत 570 लीग मैच और 79 सुपर लीग मैच सहित कुल मिलाकर 649 मैच खेले जाएंगे। ज्ञानेश्वर ने बताया कि अगले 15 दिन में प्रत्येक जिला से 16 क्रिकेट टीम का निर्धारण कर लिया जाएगा।चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी चेन्नई डोसा प्लाजा(चांदमारी मोतिहारी),जी.के स्पोर्ट्स(बलुआ मोतिहारी) से संपर्क कर निःशुल्क रजिस्ट्रेशन फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं।यह फॉर्म ऑनलाइन भी उपलब्ध रहेगा। बीसीए इस लीग में खेलने वाले सभी खिलाड़ियों को निःशुल्क ड्रेस व किट भी उपलब्ध कराएगा।साथ ही इस लीग से निकल कर आये सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अन्तराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने के लिए बीसीए ट्रेनिंग कैम्प व अन्य जरूरी कदम उठाएगा।

# यूसीसी 2025 को हाईकोर्ट में चुनौती, राज्य सरकार से छह हफ्ते में जवाब तलब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार द्वारा लागू किए गए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) 2025 को चुनौती देने वाली जनहित याचिकाओं पर सुनवाई के बाद सरकार को छह सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मुख्य न्यायाधीश नरेंद्र और न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खण्डपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार, भीमताल निवासी सुरेश सिंह नेगी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर यूसीसी के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती दी थी, जिसमें मुख्यतः 'लिव इन रिलेशनशिप' के प्रावधान शामिल हैं। इसके अलावा मुस्लिम, पारसी आदि के वैवाहिक पद्धति की यूसीसी में अनदेखी किये जाने सहित कुछ अन्य प्रावधानों को भी चुनौती दी गई है। नेगी की जनहित याचिका में लिव इन रिलेशनशिप को असंवैधानिक ठहराया गया है। याचिका में कहा गया कि जहां सामान्य शादी के लिए लड़के की उम्र 21 व लड़की की 18 वर्ष होनी आवश्यक है वहीं लिव इन रिलेशनशिप में दोनों की उम्र 18 वर्ष निर्धारित की गई है, साथ में उनसे होने वाले बच्चे कानूनी बच्चे कहे जाएंगे या वे वैध माने जाएंगे। दूसरा यह कि अगर कोई व्यक्ति अपनी लिव इन रिलेशनशिप से छुटकारा पाना चाहता है तो वह एक साधारण से प्रार्थना पत्र रजिस्ट्रार को देकर करीब 15 दिन के भीतर अपने पार्टनर को छोड़ सकता है। जबकि साधारण विवाह में तलाक लेने के लिए पूरी न्यायिक प्रक्रिया अपनानी पड़ती है और दशकों के बाद डिवोर्स होता है वह भी पूरा भरण पोषण देकर। कुल मिलाकर देखा जाय तो राज्य के नागरिकों को जो अधिकार संविधान द्वारा प्राप्त हैं, राज्य सरकार ने उसमें हस्तक्षेप करके उनका हनन किया है। यूसीसी में राज्य के नागरिकों को जो अधिकार संविधान द्वारा दिए गए हैं उनको भी अनदेखा किया गया है। याचिकाकर्ता का कहना था कि भविष्य में इसके परिणाम गम्भीर हो सकते है। सभी लोग शादी न करके लिव इन रिलेशनशिप में ही रहना पसंद करें, क्योंकि जब तक पार्टनर के साथ सम्बंध अच्छे हो तब तक रहे, नहीं बनने पर छोड़ दें। दूसरे के साथ चले जाए। 2010 के बाद इसका रजिस्ट्रेशन कराना आवश्यक है न करने पर तीन माह की सजा या 10 हजार का जुर्माना देंना होगा। कुल मिलाकर देखा जाय तो लिव इन रिलेशनशिप एक तरह की वैध शादी ही है।

# राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी हम सभी के लिए बड़ा अवसर: मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को वन्दना कटारिया स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचकर 38वें राष्ट्रीय खेलों के अन्तर्गत आयोजित कुश्ती तथा हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी हम सभी के लिए बड़ा अवसर है। उत्तराखंड के सभी लोगों की तरफ से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने हमें मेजबानी का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि नेशनल गेम्स के सभी आयोजन बहुत अच्छे हो रहे हैं। अन्य प्रदेशों के जो खिलाड़ी आए हैं, वह भी एक अच्छा अनुभव देवभूमि से लेकर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में अच्छी खेल सुविधाएं विकसित हुई हैं और खिलाड़ियों ने भी बड़ा अच्छा प्रदर्शन करके राज्य का मान-सम्मान बढ़ाया है। पदक तालिका में भी हम टॉप टेन में शामिल हैं, जबकि गोवा में आयोजित 37 वें राष्ट्रीय खेलों में हम 25 वें स्थान पर थे। 38 वें राष्ट्रीय खेलों में बड़ी उपलब्धि मिल रही है। उन्होंने कहा कि अब हमारी देवभूमि खेल भूमि के रूप में स्थापित होगी और यहां के खिलाड़ी खेलों के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं, ऐंसे खिलाड़ियों को अच्छा स्थान मिलेगा, खिलाड़ियों के व्यक्तित्व का विकास होगा, खेलों के क्षेत्र में उनका अच्छा प्रदर्शन करने के बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि कई सारे खेल स्ट्रक्चर हरिद्वार व देहरादून में भी बने हैं। राज्य में वेलो ड्रम्स बनाया गया है, अनेक स्विमिंग पूल से लेकर साइकिलिंग के साथ ही अनेक ऐसी प्रतियोगिताएं जो अन्य राष्ट्रीय खेलों में हैंगर्स में होती थीं, वे सारी प्रतियोगिताएं हमारे राज्य में परमानेंट स्ट्रक्चर पर हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं तथा बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य व अच्छे प्रदर्शन की कामना की। उन्होंने कहा कि जब बच्चे खाली होते हैं तो बच्चों के नशे एवं ड्रग्स की लत की तरफ आकर्षित होने की संभावना रहती है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स फ्री उत्तराखंड के लिए खेल एक बड़ा माध्यम बनने वाला है। 15 फरवरी से शुरू होने वाली शारदीय कावड़ यात्रा पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि कावड़ यात्रा हमारे लिए बहुत बड़ा आयोजन है। कांवड़ यात्रा पर अच्छी व्यवस्था करेंगे तथा चार धाम यात्रा भी प्रारंभ होने वाली है, उसकी भी तैयारी कर रहे हैं। शीतकालीन यात्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आने वाले हैं उसकी भी हम तैयारी कर रहे हैं और 14 तारीख को राष्ट्रीय खेलों का हमारे समापन समारोह हमारे हल्द्वानी में हो रहा है सभी तैयारियां जोर शोर से से चल रही है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063